✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



प्रथम नेत्रहीन महिला टी-20 विश्व कप-2025 की विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी अनु कुमारी को चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 251 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 7 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## नीतीश कैबिनेट की बैठक में 17 प्रस्तावों पर मुहर

# हादसे में मौत का शिकार होने वालों के आश्रितों को मिलेंगे दस लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में 17 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गयी। जानकारी के मुताबिक अब हादसे में मौत का शिकार होनेवालों के आश्रितों को पहले से दोगुनी सहायता राशि दी जाएगी। पहले सड़क हादसे में परिवहन विभाग पांच लाख रुपए की सहायता राशि देती थी। अब इसे बढ़ाकर 10 लाख कर दिया गया है। जिलों में होनेवाली बैठकों में अब विधायक और सांसदों के प्रतिनिधि भी शामिल हो सकेंगे। प्रवासी मजदूरों को लेकर सरकार ने बड़ा और संवेदनशील फैसला किया है। रोटी के लिए पलायन कर चुके



मजदूरों की हादसे में मौत होने पर सरकारी खर्च से उनका शव घर तक लाया जाएगा। घायल होने पर सरकारी खर्चे पर उनका इलाज कराया जाएगा। यह फैसला राज्य के लाखों परिवारों के लिए राहत भरा है जिनके अपने दूसरे राज्यों में जाकर नौकरी, मजदूरी या रोजगार करते हैं। इसके अलावे नगर परिषद स्थाई सशक्त समिति पर कैबिनेट में अहम निर्णय लिया गया। अब दुर्घटना में प्रवासी मजदूरों के निधन पर उनके परिजनों को चार लाख रुपए की सहायता राशि मिलेगी। इस समय प्रवासी मजदूरों के निधन पर उनके परिजनों को दो लाख रुपए की सहायता राशि मिलती है। वहीं बैठक में सुपौल के वीरपुर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण राज्य सरकार के संसाधन से कराने के अलावा 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने के लिए 349 करोड़ रुपए की राशि जारी करने के साथ-साथ विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान तृतीय अनुपूरक बजट पेश करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दी गयी। बैठक में अधिसंख्य मामलो में विभिन्न योजनाओं के लिए धनराशि जारी करने का निर्णय लिया गया। राज्य के शहरी निकायों की सशक्त स्थायी समिति के सदस्य चुनाव से चुने जाएंगे। निकाय के सभी सदस्य वोटर होंगे। मतदान गुप्त होगा। इस समय समिति के सदस्यों को महापौर, मुख्य पार्षद व अध्यक्ष के द्वारा नामित किया जाता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी गई। चालू बजट सत्र में ही इसे विधानमंडल से पारित कर कानून का रूप दिया जाएगा।

# रिश्वत लेते सहायक निदेशक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में निगरानी विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। नियोजन भवन में पदस्थापित सहायक निदेशक परमजय सिंह को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई निगरानी विभाग की विशेष टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी अधिकारी से पूछताछ करने के साथ मामले से जुड़े दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गई है। निगरानी विभाग के सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में की गई है। टीम को पहले से रिश्वत लेन-देन की सूचना मिली थी, जिसके बाद पूरे मामले की गोपनीय जांच चल रही थी। जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर विजिलेंस टीम ने ट्रैप बिछाया और नियोजन भवन परिसर में कार्रवाई को अंजाम दिया। डीएसपी विजिलेंस पवन कुमार बताया है कि असिस्टेंट डायरेक्टर परमजय सिंह नियोजन भवन के पार्किंग एरिया में रिश्वत की राशि ले रहे थे। इसी दौरान निगरानी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक इस मामले में शिकायत उपनिदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) ओम प्रकाश की ओर से निगरानी विभाग को दी गई थी। शिकायत में रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद विभाग ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर सत्यापन किया। शिकायत की पुष्टि होने पर ट्रैप की योजना बनाई गई और तय समय पर कार्रवाई कर आरोपी अधिकारी को पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। यह भी जांच की जा रही है कि रिश्वत की यह राशि किस काम के बदले ली जा रही थी और क्या इस मामले में अन्य लोग भी शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड, फाइलें और अन्य दस्तावेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के स्कूलों में शारीरिक और संगीत शिक्षकों की भर्ती जल्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के स्कूलों में शारीरिक और संगीत (म्यूजिक) शिक्षकों की बहाली टीआरई-4 के बाद होगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने शुक्रवार को विधान परिषद की पहली पाली में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी पठन-पाठन के विषयों के शिक्षकों की बहाली चल रही है। इसके बाद इन विषयों के शिक्षकों की बहाली होगी। राजद एमएलसी अजय कुमार सिंह के सवाल पर कहा कि गणित, भौतिकी सहित कई अन्य विषयों में अब भी शिक्षकों की कमी है।

### फरार अपराधी प्रिंस कुमार की मुठभेड़ में मौत

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली के सदर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर कॉलोनी में पटना एसटीएफ और वैशाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने पटना पीएमसीएच से फरार कुख्यात अपराधी प्रिंस कुमार को मुठभेड़ में मार गिराया। कार्रवाई के दौरान इलाके में कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति बनी रही। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ऑपरेशन को अंजाम दिया।

### घर के अंदर घुसी स्कूली बस, दो बच्चों की मौत

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया वार्ड नंबर 14 में शुक्रवार को एक बहुत ही दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में घर के अंदर खेल रहे दो छोटे बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान पांच साल के आरिफ और छह साल के इम्तियाज के रूप में हुई है।

### सुप्रीम कोर्ट से प्रशांत किशोर को झटका

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शुक्रवार को जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा। प्रशांत किशोर की ओर से बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को रद्द करने की याचिका दायर की गई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट की तरफ से कहा गया कि चुनाव रद्द करने की मांग उचित नहीं है लेकिन जनसुराज पार्टी चाहती है, तो हाईकोर्ट जा सकती है।

### नल-जल में दो कार्यपालक अभियंता निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** हर घर नल का जल योजना के संचालन में लापरवाही के आरोप में दो कार्यपालक अभियंता अमित कुमार और शमी अख्तर को निलंबित कर दिया गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने समीक्षा में पाया कि अमित कुमार तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जहानाबाद (वर्तमान में सासाराम) और शमी अख्तर, कार्यपालक अभियंता औरंगाबाद के कार्यों में सुस्त रवैया सामने आया है। विभागीय मंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि नल-जल योजना राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बिहार विस में 'सशक्त विधायक-सशक्त लोकतंत्र' विषय पर व्याख्यान आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के सेंट्रल हॉल में शनिवार को सशक्त विधायक-सशक्त लोकतंत्र विषय पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का व्याख्यान होगा। इस मौके पर लोस अध्यक्ष नेवा द्वारा संचालित डिजिटल हाउस का विधिवत उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि होंगे। वहीं केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू व राज्य सभा में उपसभापति हरिवंश विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी, विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, विधान सभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव समेत बिहार मंत्री परिषद व विधान सभा के सभी सदस्य, बिहार विधान परिषद् के सभी सदस्य आदि शामिल होंगे। इधर, बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को सेंट्रल हॉल पहुंचकर इसकी तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने सचिवालय के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और तैयारियों पर संतोष जताया।

# चार जैन सैलानियों की रहस्यमयी मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। दिगंबर धर्मशाला के एक कमरे में चार जैन सैलानियों के शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतकों में एक पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। मृतकों की पहचान कर्नाटक जिले के सलेडा पेटे, गुब्बी (ग्रामीण), तुमकुर निवासी जी.आर. सुमंगला, शिल्पा जी.आर., श्रुता जी.बी. एवं जी.आर. नागा प्रसाद शामिल हैं। उनके कमरे से आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं अन्य कागजात, 1,18,000रुपये नकद तथा अन्य सामान बरामद किए गए हैं। मृतक जैन धर्म के अनुयायी थे और 31 जनवरी को धार्मिक यात्रा पर राजगीर आए थे। स्थानीय लोगों और अन्य पर्यटकों में चार शवों के मिलने के बाद भय और दहशत का माहौल फैल गया। गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस कमरे को पूरी तरह से सील कर दिया। किसी को भी कमरे के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। डीएसपी राजगीर और राजगीर थाना अध्यक्ष के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। घटनास्थल से सबूत जुटाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम भी बुलाई गई। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और शवों के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। जानकारी के अनुसार बेंगलुर के निवासी जीआर नागा प्रसाद पर्यटक के नाम से कमरा रेजिस्टर्ड था। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने वीडियो बयान जारी कर बताया कि सुबह 9:40 मिनट पर थानाध्यक्ष रमन कुमार को फोन पर सूचना मिली कि 3 दिनों से एक कमरा बंद है। जहां बेंग्लुरु के 4 लोग ठहरे हुए थे। आज उससे बदबू आ रही है। इसके बाद जब पुलिस दिगंबर धर्मशाला पहुंची तो कमरे का दृश्य देखकर अचंभित हो गई। इलाके को सील कर दिया गया और मामले की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

# शहीद सैनिकों के आश्रितों को बिहार में मिलेगी सरकारी जमीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने शहीद सैनिकों के आश्रितों के साथ सरकारी जमीन की बंदोबस्ती को लेकर नई और स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित कर दी है। विभाग स्तर पर गठित समिति के विचार-विमर्श के बाद जारी निर्देशों के अनुसार, युद्ध में वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों को गृह जिला के गृह प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि कार्य के लिए एक एकड़ या आवासीय उपयोग के लिए पांच डिसमिल सरकारी जमीन बंदोबस्त की जाएगी। सचिव जय सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह सुविधा उन सैनिकों के आश्रितों को मिलेगी, जिन्होंने कम-से-कम छह माह तक लगातार सैनिक सेवा की हो और कार्यरत रहते हुए युद्ध में शहादत पाई हो। ऐसे मामलों में आश्रितों से सलामी ली जाएगी, लेकिन पाँच वर्षों तक वार्षिक लगान नहीं लिया जाएगा। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि केवल सेना ही नहीं, बल्कि युद्धकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अन्य बलों जैसे बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, बिहार मिलिट्री पुलिस, टेरिटोरियल आर्मी, सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स, बॉर्डर स्काउट्स, बीआरएफ, लोक सहायक सेवा, एनसीसी, होमगार्ड्स और असम राइफल्स के जवान यदि युद्ध में वीरगति प्राप्त करते हैं, तो उनके आश्रित भी इसी प्रावधान के तहत भूमि बंदोबस्ती के पात्र होंगे। हालांकि, इसके लिए सेलर्स, सोल्जर्स एवं एयरमेन बोर्ड की अनुशंसा और न्यूनतम छह माह की संतोषजनक सेवा का प्रमाण-पत्र अनिवार्य होगा। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार शहीद सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। नई बंदोबस्ती प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध में वीरगति प्राप्त करने वाले जवानों के आश्रितों को उनके गृह जिले में सम्मानपूर्वक जीवनयापन के लिए भूमि उपलब्ध हो। हमने स्पष्ट, पारदर्शी और व्यवहारिक मानक तय किए हैं, ताकि पात्र परिवारों को बिना अनावश्यक विलंब के तत्काल लाभ मिल सके। यह निर्णय हमारे सैनिकों के प्रति कृतज्ञता और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक है।


# ट्रक-टेंपो के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासराम।** रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र में खड़ारी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बीती मध्यरात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल महिला इलाज के दौरान दम तोड़ गई। हादसे से परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के भगवलिया गांव निवासी 25 वर्षीय सरोज कुमार बैठा और महेंद्र पासवान के रूप में हुई है, जबकि महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, बीती रात आठ लोग एक शादी समारोह में शामिल होकर सासाराम लौट रहे थे। इसी दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई और कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। समाजसेवी रंजीत पटेल ने पुलिस को सूचित करते हुए घायलों को अपने निजी वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया जिससे कई घायलों की जान बचाई जा सकी। हालांकि, इस क्रम में एक महिला घायलों ने सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चिकित्सकों के अनुसार, हादसे में घायल कुल पांच लोगों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी पाकर घायलों के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंच चुके हैं। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राजस्व कर्मियों की हड़ताल खत्म, काम पर लौटे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में राजस्व कर्मियों की हड़ताल खत्म हो गई और वे शुक्रवार से काम पर लौट आए। उपमुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिन्हा के साथ बैठक के बाद बिहार राजस्व सेवा अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने फैसला लिया कि सभी अधिकारी शुक्रवार से काम पर लौट जायेंगे। उन सभी की मांगों पर उपमुख्यमंत्री ने विचार का आश्वासन दिया है। साथ ही विजय सिन्हा ने यह भी कहा है कि प्रतिभा का सम्मान किया जाएगा। मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजस्व सेवा अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया। राजस्व सेवा के अधिकारी अपनी कई मांगों को लेकर दो फरवरी 2026 से सामूहिक अवकाश पर थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व सेवा के अधिकारियों की मांग पर विचार किया जाएगा। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि अब बिहार प्रशासनिक सेवा के नहीं बल्कि राजस्व सेवा के अधिकारी ही डीसीएलआर बनेंगे। बैठक के दौरान जो कुछ भी बातचीत हुई, इसे लेकर अधिसूचना 12 फरवरी को जारी की जाएगी।



# बागवानी और हाई वैल्यू खेती से बदलेगी बिहार की तस्वीर : डॉ. रामकृपाल

## गांधी मैदान में तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव शुरू, कृषि मंत्री ने किया उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के कृषि मंत्री डॉ. राम कृपाल यादव ने कहा है कि बिहार की असली ताकत खेतों में पसीना बहाने वाले हमारे किसान भाई-बहन हैं। सरकार की नीति बिल्कुल स्पष्ट है कि किसान मजबूत होंगे, तभी बिहार मजबूत बनेगा। इसलिए राज्य सरकार बागवानी, उच्च मूल्य वाली खेती, आधुनिक तकनीक और सुदृढ़ बाजार व्यवस्था को कृषि विकास का मुख्य आधार बना रही है। वे शुक्रवार को गाधी मैदान में तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद किसानों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने की। कृषि मंत्री ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार का एक स्पष्ट और दूरदर्शी सपना है 'हर भारतीय की थाली में बिहार का कम-से-कम एक व्यंजन हो।' यह केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि बिहार के लिए एक सशक्त आर्थिक क्रांति का विजन है जब बिहार का लिट्टी-चोखा, मखाना, फल-सब्जियां और अन्य कृषि उत्पाद देश की हर थाली तक पहुंचेंगे तब किसानों की आय बढ़ेगी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। सीएम का यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लोकल टू ग्लोबल' विज़न से जुड़ा हुआ है, जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाज़ार और किसानों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। हमारी नीति स्पष्ट है कि हर जिले की एक विशिष्ट फसल हो। उसी के आधार पर क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित होंगी और उत्पादों को सशक्त बाजार व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। आज बिहार की खेती एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। मखाना, शहद, फल-सब्ज़ियां, मसाले और जीआई टैग प्राप्त उत्पाद बिहार की गुणवत्ता और पहचान को मजबूत कर रहे हैं। अब खेती को कम लागत और अधिक मुनाफ़े की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। धान और गेहूं के साथ-साथ ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, केला, आंवला, सब्जी व मसाले किसानों की आय बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बागवानी केवल खेती नहीं, बल्कि रोजगार का बड़ा स्रोत है। नर्सरी, ग्रेडिंग-सॉर्टिंग, पैकेजिंग, कोल्ड चेन, परिवहन, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और ई-कॉमर्स के माध्यम से लाखों रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। इसके लिए हर प्रखंड में किसान उत्पादक संगठनों को सशक्त किया जा रहा है।

# हम यह संकल्प लें कि जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाएंगे : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने शुक्रवार को पटना के पाटलिपुत्र में आयोजित प्रकृतिका 2026 कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने आयोजकों की सराहना की और कहा कि इसमें भाग लेकर काफी प्रसन्नता हो रही है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, खाद्य असुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है तो ऐसे महोत्सव यह स्मरण कराते हैं कि समाधान हमारी अपनी धरती, हमारे देसी बीजों और पारंपरिक ज्ञान में ही छिपा हुआ है। आज हम यह संकल्प लें कि देसी बीजों की विविधता को बचाएंगे, जैविक व प्राकृतिक खेती को अपनाएंगे, जल और मिट्टी के संरक्षण को प्राथमिकता देंगे और स्थानीय खाद्य प्रणालियों को सशक्त बनाएंगे। विस अध्यक्ष ने कहा कि इस महोत्सव में देश के लगभग 20 राज्यों से किसान, कृषि विशेषज्ञ, शोधकर्ता, फूड इनोवेटर, महिला समूह और युवा सहभागी बन रहे हैं। यह विविधता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है जब किसान और वैज्ञानिक साथ बैठकर संवाद करते हैं जब महिलाएं अपने पारंपरिक खाद्य ज्ञान को साझा करती हैं जब युवा नवाचार के साथ जुड़ते हैं, तब एक सशक्त और आत्मनिर्भर खाद्य प्रणाली का निर्माण होता है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई दी। मौके पर जस्टिस नीलू अग्रवाल, मेयर सीता साहू, एम थॉमस, कर्नल सोमेंद्र पांडे, गुरु प्रिया सिंह, राकेश नाथ चौबे, प्रोफ़ेसर वसी अहमद आदि थे।

## भारत दर्शन भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं का विधानसभा अध्यक्ष ने बढ़ाया उत्साह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 21वीं वाहिनी द्वारा आयोजित भारत दर्शन भ्रमण पर 32 छात्र-छात्राओं को बिहार विधान सभा की कार्यवाही देखने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ शिक्षक भी थे। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इन सबके साथ ग्रुप फोटोग्राफी करा उनका उत्साह बढ़ाया। अध्यक्ष ने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों में बेहतर संसदीय समझ विकसित होगी। बिहार विस की कार्यवाही देखकर छात्र-छात्रा काफी उत्साहित थे।

## एलआइसी का मुनाफा 16.68% बढ़ा, नौ महीनों में 33,998 करोड़ का शुद्ध लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम के निदेशक मंडल ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है। इस अवधि में एलआईसी ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। एलआईसी का कर पश्चात लाभ बढ़कर 33,998 करोड़ हो गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 29,138 करोड़ था। इस प्रकार निगम के मुनाफ़े में 16.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आईआरडीएआई के अनुमान के अनुसार प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर एलआईसी भारतीय जीवन बीमा बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है। नौ महीनों की अवधि में कुल बाजार हिस्सेदारी 57.07 प्रतिशत रही। व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 35.84 प्रतिशत जबकि समूह व्यवसाय में यह 71.36 प्रतिशत रही। इस अवधि में एलआईसी की कुल प्रीमियम आय 3,71,293 करोड़ रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 3,40,563 करोड़ थी। इसमें 9.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। व्यक्तिगत व्यवसाय के तहत कुल प्रीमियम आय 2,35,991 करोड़ रही, जिसमें 6.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं समूह व्यवसाय की प्रीमियम आय बढ़कर 1,35,302 करोड़ हो गई, जो 13.56 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। वार्षिकीकृत प्रीमियम समतुल्य के आधार पर कुल प्रीमियम 44,007 करोड़ रहा। इसमें व्यक्तिगत व्यवसाय का योगदान 62.61 प्रतिशत और समूह व्यवसाय का 37.39 प्रतिशत रहा।

# मगध महिला कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के संबंध में पटना के लोगों के बीच जागृति फैलाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में भागीदारी हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक दल द्वारा पटना के मगध महिला कॉलेज में संस्कृत अभियान चलाया गया जिसके मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नागेंद्र प्रसाद वर्मा रहे। मेयर सीता साहू, प्राचार्य नागेंद्र प्रसाद वर्मा, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, मधु गुप्ता, डॉ. ज्योति दूबे, राजेश केशरी, डॉ. आशा ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. नागेंद्र प्रसाद वर्मा ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्वच्छ वातावरण के बिना स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन की परिकल्पना करना बेकार है। कहा कि शहर की स्वच्छता नगर निगम की जिम्मेदारी तो हैं शहर में रहने वाले हर लोगों की जिम्मेदारी भी है। सब मिलकर स्वच्छता के लिए काम करेंगे तो शहर स्वच्छ होगा। पटना की महापौर सीता साहू ने कहा कि नगर निगम द्वारा पटना को स्वच्छ रखने के लिए 24 घंटे काम किया जाता है और इससे जुड़े हुए हजारों स्वच्छता कमी और स्वच्छंगिनी स्वच्छता के लिए संकल्पित भाव से काम करते हैं। नागरिकों के पूर्ण सहयोग से स्वच्छता के उच्च मानकों को हासिल किया जा सकता है। लोक गायिका और पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने लोकगीतों और स्वच्छता गीतों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को समझाया। नीतू नवगीत ने कहा कि शहर की स्वच्छता का महत्व तो बहुत बड़ा है जब हम शहर को साफ रखते हैं तो हम न केवल अपने आसपास के वातावरण को सुंदर बनाते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य की भी रक्षा करते हैं।

## 7 माह से वेतन नहीं मिलने से आवास सहायक कर्मियों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को धरातल पर उतारने वाले आवासकर्मी आज खुद दाने-दाने को मोहताज हैं। वजीरगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कार्यरत ग्रामीण आवास सहायकों, आवास पर्यवेक्षकों और लेखापालों को पिछले सात महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। प्रखंड के आवास पर्यवेक्षक कौशल किशोर, आवास सहायक पंकज कुमार, गौरव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, शिवलोक बिहारी एवं अन्य कर्मियों ने बताया कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दवाओं के लिए अब दूसरों से कर्ज लेना पड़ रहा है। कई कर्मियों का कहना है कि दूर-दराज के क्षेत्रों में फील्ड ड्यूटी के लिए जाने हेतु वाहन के तेल और भाड़े के पैसे भी अब पास में नहीं बचे है। प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण रूप से सफल बनाने में इन कर्मियों की भूमिका अग्रणी रही है। लाभुकों का चयन, जियो-टैगिंग से लेकर आवास पूर्ण होने तक की पूरी प्रक्रिया इन्हीं के कंधों पर टिकी है। इसके बावजूद, बिहार के कई जिलों में फंड की कमी या तकनीकी कारणों से इनका मानदेय अटका हुआ है। मानदेय न मिलने के बावजूद कर्मियों से लक्ष्य पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनी संत रविदास जयंती

## उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा ने पुष्पांजलि कर दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। एससी मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज हम संत रविदास की जयंती मना रहे हैं। उन्होंने हमें जो ज्ञान दिया और देश को मार्गदर्शन किया वह समाज को जोड़ने का था। समाज के बीच भेदभाव नहीं हो, कोई लड़ाई न हो, यही रास्ता उन्होंने 600 वर्ष पहले दिखाया था। उनका स्पष्ट मानना था कि ये समाज हमारा है। हम जातियों में बंटे जरूर हैं, लेकिन समाज हमारा है। यही कारण है कि आज ये पूरे समाज के भगवान हैं। ये सिर्फ एसटी के भगवान नहीं हैं। इन्होंने सबको जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के विचार कालजयी हैं, जो समस्त समाज को समरसता का संदेश देते हैं।

उन्होंने कहा कि यह समाज तभी चल सकता है जब हम सभी साथ मिलकर चलें। उनके विचारों पर आज हम सभी को चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय तब होगा जब सबके साथ न्याय होगा। भाजपा इसी के तहत काम कर रही है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि संत रविदास ने अपनी आध्यात्मिक सोच और सामाजिक सरोकार से यह साबित किया कि प्रतिभा को दबाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि ने मानव कल्याण, राष्ट्रसेवा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण होम कर दिया। उनके ओजस्वी विचारों के दिव्य प्रकाश से मानवता का सर्वदा कल्याण होता रहेगा।

## उद्योग विभाग की ऋण शिविर में 90 लाख स्वीकृति




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** उद्योग विभाग द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार भवन में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं भुगतान हेतु ऋण शिविर का आयोजन किया गया। डीएम नितिन कुमार सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 6 आवेदनों कुल राशि 48 लाख तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 12 आवेदनों कुल राशि 42 लाख की ऋण स्वीकृति विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदान की गई। इस शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। शिविर में इंडियन बैंक भभुआ की अनुपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके जोनल हेड को पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को फरवरी माह में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## आइएचएम हाजीपुर ने स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत स्वच्छता एवं जिम्मेदार पर्यटन को दिया बढ़ावा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर ने पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत एक व्यापक छात्र जागरूकता कार्यक्रम एवं पर्यटन हितधारक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। स्वच्छता एवं सतत विकास का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल दो स्थानों—माउंट लिटेरा जी स्कूल, सोनपुर तथा आईएचएम हाजीपुर परिसर—में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत माउंट लिटेरा जी स्कूल, सोनपुर में हुई जहां आइएचएम के संकाय सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व एवं राष्ट्रीय पर्यटन पर उसके प्रभाव के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया। छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए जबकि सभी प्रतिभागी छात्रों को अल्पाहार पैकेट एवं स्मृति-चिहन वितरित किए गए। एस. के. चौहान (निदेशक, माउंट लिटेरा जी स्कूल, सोनपुर) ने इस विद्यालय भ्रमण को सांस्कृतिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## शक्तिधाम में 25 फरवरी से चार दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री दादीजी सेवा समिति द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में 25 फरवरी से चार दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि चार दिवसीय इस भव्य आयोजन में सबसे पहले बुधवार 25 फरवरी को दादीजी होली मिलन का भव्य आयोजन संध्या 5 (पांच) बजे से होगा। गुरुवार 26 फरवरी को इस अवसर पर सुबह दस बजे से भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जायगी। यह यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट एक्जीविशन रोड से सुबह दस बजे निकल कर भट्टाचार्य रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज,गांधी मैदान,होटल मौर्या, बिस्कोमान भवन होते हुए बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर पहुंचेगी। वहीं शुक्रवार 27 फरवरी को 11 बजे सुबह से 'अखण्ड श्याम पाठ' संध्या टेकरीवाल एवं संजू अग्रवाल तथा संध्या 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक 'रात्रि भजन' का आयोजन होगा।

## केवाइपी केंद्रों के लंबित भुगतान व पोर्टल अव्यवस्था का मुद्दा मीडिया में आते ही अफसरों ने झाड़ा पल्ला : आनंद रंजन झा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वैशाली/पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्र इन दिनों गंभीर प्रशासनिक और तकनीकी संकट से जूझ रहे हैं। भुगतान में लगातार देरी, नए पोर्टल की खामियां और विभागीय उदासीनता के कारण राज्य भर के कई केवाइपी केंद्रों का नियमित संचालन प्रभावित हो रहा है। केवाइपी केंद्र संचालक एवं केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष आनंद रंजन झा ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि पूरी होने के बावजूद छात्रों से नामांकन के समय ली गई 1000 की सिक्योरिटी राशि अब तक वापस नहीं की गई है। इसके साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हजारों छात्रों को प्रमाण-पत्रों की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे उन्हें रोजगार, उच्च शिक्षा एवं अन्य सरकारी प्रक्रियाओं में व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नए नॉलेज पार्टनर के बाद लागू किए गए नए पोर्टल में गंभीर तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। एलएफ लॉगिन से अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पा रही है, सेशन रिपोर्ट जनरेट नहीं हो रही, इनवॉयस जेनरेशन में अत्यधिक देरी हो रही है, केवाइपी लॉगिन बार-बार फेल हो रहा है, बायोमेट्रिक अटेंडेंस बार-बार एक्सपायर हो रही है। सुविधा के अभाव में केंद्रों पर अनावश्यक प्रशासनिक दबाव बढ़ गया है। इसका सीधा असर नामांकन और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। आनंद रंजन झा ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ केंद्रों की राशि कटौती पर रोक के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कटौती की गई।

## रोटरी क्लब ऑफ पटना द्वारा मध्य विद्यालय में डेंटल केयर शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना के तत्वावधान में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बाजार समिति रोड, पटना में आज एक डेंटल चेकअप एवं डेंटल केयर शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते उपचार उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर रोटरी क्लब की अध्यक्षा रश्मि कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ दिमाग के लिए शरीर का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है और दांतों की सही देखभाल समग्र स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिविर में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. अमित राम, डॉ. संतोष कुमार मंडल एवं डॉ. तान्या राज ने बच्चों के दांतों की जांच की तथा आवश्यक उपचार एवं देखभाल संबंधी परामर्श दिया। जांच के दौरान कुछ छात्रों में दंत उपचार की आवश्यकता पाई गई जिसके लिए चिकित्सकों द्वारा उचित सलाह दी गई। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों ने जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। शिविर के दौरान कुल 105 बच्चे लाभान्वित हुए जिनमें से कुछ बच्चों को माउथवॉश एवं टूथपेस्ट भी वितरित किए गए इस मौके पर एम. पी. जैन ने बताया कि कार्यक्रम में रोटरी क्लब की सचिव रोटेरियन मंजूशा कुमारी, कोषाध्यक्ष रोटेरियन अजय कुमार झुनझुनवाला, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन शशि भूषण प्रसाद एवं रोटेरियन विनोद भांति, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य संजय कुमार, वर्तमान प्राचार्य अरुण कुमार पाठक सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# मंदिर से समाज तक: बिहार धार्मिक न्यास पर्षद की नई दिशा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद अब पारंपरिक प्रशासनिक दायरे से आगे बढ़कर सामाजिक परिवर्तन की एक संगठित शक्ति के रूप में सामने आ रहा है। मठों और मंदिरों के प्रबंधन तक सीमित रहने के बजाय पर्षद ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक समरसता को अपने कार्यक्षेत्र का केंद्रीय हिस्सा बना लिया है। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि राज्य में धार्मिक संस्थानों को योजनाबद्ध तरीके से समाज विकास के सक्रिय केंद्रों में बदला जा रहा है।

इस नई सोच की झलक 18 सितंबर को पटना के बापू सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय धार्मिक न्यास समागम में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। पर्षद से जुड़े चार हजार से अधिक मठों और मंदिरों के प्रतिनिधि, संत और प्रशासनिक अधिकारी एक मंच पर एकत्र हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा माता सीता धाम की अवधारणा को मूर्त रूप देने से प्रेरित होकर पर्षद ने पहली बार धार्मिक ढांचे को सामाजिक विकास से जोड़ने का ठोस खाका पेश किया।

पर्षद अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन के नेतृत्व में यह स्पष्ट किया गया कि मंदिर और मठ अब केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं रहेंगे। उन्हें शिक्षा और समाज सुधार के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसी उद्देश्य से स्वाध्याय केंद्र, पुस्तकालय और निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था की योजना बनाई गई है। संस्कृत पाठशालाओं और वेद अध्ययन को बढ़ावा देकर पारंपरिक ज्ञान को नई पीढ़ी से जोड़ने की दिशा में भी काम शुरू किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को भी प्राथमिकता दी गई है। मंदिर परिसरों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, योग और आयुर्वेद केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार है। महिलाओं और युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण, कंप्यूटर शिक्षा और स्वरोजगार कार्यक्रम चलाकर आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया जाएगा। दहेज रहित विवाह, जरूरतमंद कन्याओं के विवाह सहयोग और नशामुक्ति अभियान को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया गया है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी पर्षद ने स्पष्ट लक्ष्य तय किए हैं। मंदिरों और मठों के आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। औषधीय पौधों की नर्सरी, गौशाला विकास और धर्मशाला विस्तार जैसी योजनाएं इस व्यापक सोच का हिस्सा हैं। पर्षद ने यह भी स्पष्ट किया है कि चढ़ावे की राशि को समाज कल्याण और विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। छठ महापर्व के दौरान पर्षद की सक्रियता ने इस दृष्टिकोण को व्यवहार में भी दिखाया। राज्यभर के मंदिरों में सफाई अभियान चलाए गए, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद केंद्र बनाए गए और व्रती महिलाओं के लिए विश्राम व्यवस्था की गई। दिल्ली, मुंबई, सूरत और कोलकाता स्थित बिहारियों के मंदिरों को भी सेवा अभियान से जोड़कर पर्षद ने अपनी पहुंच का विस्तार किया।

# जनता दरबार में 145 नागरिकों ने दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त, रोहतास एवं अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास के द्वारा सबका सम्मान - जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला जनता का आयोजन किया गया। उक्त जिला जनता दरबार में कुल 145 व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र/शिकायत पत्र दिया गया जिसमें आवेदक - राजा बाबू राय, पिता - बृजबिहारी राय, ग्राम / पोस्ट - बलथरी, प्रखंड-कोचस के द्वारा निर्दोष नागरिकों पर झूठी एफ.आई.आर दर्ज करने के संबंध में शिकायत पत्र दिया गया जिसे निष्पादन हेतु पुलिस अधीक्षक, रोहतास को जांच कर अग्रेतर कार्रवाई करने को निदेशित किया गया। आवेदक - बबन सिंह, पिता- स्वर्गीय विश्वनाथ सिंह, ग्राम - पकड़ी, पोस्ट -थाना-राजपुर के द्वारा अनुकंपा के आधार पर कार्य करने के बाद भी स्थायी नियुक्ति नहीं होने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक धर्मेन्द्र तिवारी, मंगल शर्मा एवं रमेश कुमार, ग्राम - बेरूकही, पोस्ट - कोनार, थाना - शिवसागर के द्वारा जिला अंतर्गत कार्यालय परिचारी के रिक्ति सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को भेजने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे निराकरण हेतु जिला स्थापना प्रशाखा, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक - महेन्द्र दूबे, पिता - स्वर्गीय गोरख नाथ दुबे, ग्राम - मलॉव, पोस्ट - सिकरियां, थाना- दरिगॉव के द्वारा लाईसेंस धारी बंदूक को जमा करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु प्रभारी पदाधिकारी, शस्त्र शाखा, रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक - बिरेन्द्र कुमार, पिता - स्वर्गीय रामनाथ चौधरी, ग्राम- अऊआं, पोस्ट - थनुआं, थाना- शिवसागर के द्वारा भूमि पर लगा रोक सूची के निष्पादन हेतु आवेदन पत्र दिया गया जिसे निष्पादन हेतु जिला भू-अर्जन कार्यालय रोहतास को अग्रसारित किया गया। इसी प्रकार शेष सभी शिकायतों/आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों / पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

# बालू लदे वाहन ने महिला को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के तारबंगला चौक पर लगभग डेढ़ बजे दिन में बालू लदे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने मोटरसाइकिल पर सवार मां बेटी और बेटा को धक्का मार दिया। मौके पर ही दाहिने तरफ गिरने से मां को रौंद दिया। इस हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बेटा बेटी मोटरसाइकिल के साथ सुरक्षित बच गए। इसके बाद काफी देर तक वहां अफरा-तफरी मची रही। स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा और लोगों ने जमकर हंगामा किया। सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने में लगे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटाया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसको पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा। जानकारी के अनुसार तिलौथू प्रखंड के अमरा गांव के रहने वाले अभिशेख विश्वकर्मा की 40 वर्षीय पत्नी रंजू देवी अपने पुत्र धीरज कुमार एवं पुत्री टूसु कुमारी को मोटरसाइकिल बीआर 24 आर 7369 पर सवार होकर अकोढ़ी गोला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के हास्टल में अपने बेटी टूसु को छोड़ने जा रहे थे। तभी तारबंगला चौक के समीप बालू लदे हाइवा यूपी 64 बीटी 3390 ट्रक ने पल्सर मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया जिसे मृतक महिला रंजू देवी चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र धीरज कुमार ने बताया कि वह अकोढ़ी गोला जवाहर नवोदय विद्यालय के हास्टल में अपने मां के साथ बहन टूसु कुमारी को छोड़ने जा रहे थे। उसी दौरान तारबंगला चौक के पास बालू लदे अनियंत्रित वाहन ने उन्हें रौंद दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं डिहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने बताया कि बालू लदे हाइवा ट्रक के द्वारा धक्का मारने से महिला की मौत हो गई जबकि बेटा और बेटी सुरक्षित बच गई है।

# डीआइजी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा सत्यप्रकाश ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण ले रहे 336 सिपाहियों के परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को अनुशासन और सेवा भाव के लिए प्रेरित किया और आवश्यक निर्देश दिए। परेड के बाद डीआईजी ने शस्त्रागार, परिवहन शाखा, जीपी स्टोर, बैरिक, मैस, पुलिस आदि का निरीक्षण किया। इसमें जो भी कमियां पायीं, उन्हें तत्काल दूर करने का आदेश दिया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों की सेवा पुस्तिका को अपडेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस लाइन सभी आपातकालीन नम्बरों, स्थानीय थाना प्रभारियों, फायर सर्विस विभाग आदि सभी के नम्बरों को सूची में अपडेट करने हेतु निर्देशित किया। शाखाओं का निरीक्षण के क्रम में आपस में समन्वय स्थापित करने तथा किसी भी घटना, दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर आकस्मिक स्थिति में कम से कम समय में अधिक से अधिक रिस्पांस देने के साथ ही सम्बन्धित थाना प्रभारी को भी अवगत कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध वाहनों का रखरखाव, दक्षता आदि को चेक किया गया वाहनों की तकनीकि कमियों को यथाशीघ्र दूर करने एवं सभी वाहनों को अपडेट रखने तथा क्यूआरटी टीम में उच्च कोटि के वाहनों को प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। परिवहन शाखा प्रभारी को वाहनों की मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने एफ एस एल टीम को घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल को सुरक्षित करने तथा फील्ड यूनिट की टीम को साक्ष्य संकलन आदि बारीकियों के बारे में बताया गया। मौके पर एसपी रौशन कुमार, पुलिस लाइन डीएसपी समेत 40 प्रशिक्षु एस आई समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# नशे में लिप्त चौकीदार को उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** शराब धंधेबाज एवं शराबियों के खिलाफ रोहतास पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने आज बिहार पुलिस के अंतर्गत कार्यरत काराकाट थाने के एक चौकीदार को नशे की हालत में धर दबोचा। काराकाट थाना के एक चौकीदार को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग की टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ा और जेल भेज दिया। चौकीदार उमेश यादव पिपरा गांव के निवासी हैं और काराकाट थाना में कार्यरत हैं। उन्हें नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया। आबकारी सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि चौकीदार को जेल भेज दिया गया है। यह घटना रोहतास पुलिस के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा करती है जो भ्रष्टाचार और अपराध नियंत्रण के लिए जिम्मेदार हैं। एक तरफ रोहतास पुलिस कप्तान रौशन कुमार ने शराब सेवन और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया है, लेकिन उनके ही विभाग के एक चौकीदार का नशे में पकड़ा जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के ऋण वितरण में राज्य में दूसरे स्थान पर रोहतास जिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिला उद्योग केंद्र, रोहतास के सभागार में शुक्रवार को ऋण वितरण हेतु मेगा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उधम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभुकों को रोहतास जिला के विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण वितरण किया गया। बैठक में उधोग विभाग के संयुक्त सचिव, राज कुमार यादव द्वारा भाग लिया गया। इनके अतिरिक्त महाप्रबंधक अशीष रंजन, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शैलेष कुमार, परियोजना प्रबंधक दिलीप कुमार, बैंको के वरीय अधिकारी, उद्योग विस्तार पदाधिकारी एवं जिला संसाधन सेवी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मेगा कैम्प में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 19 लाभुकों को ऋण स्वीकृत किया गया तथा 12 लाभुकों को कुल 85 लाख की राशि वितरित किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में कुल 46 लाभुकों का ऋण स्वीकृत किया गया तथा कुल 22 लाभुकों के बीच 1 करोड़ 9 लाख की राशि का वितरण किया गया। विभिन्न बैंको द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत कुल 7 लाभुकों के बीच कुल 6 लाख की राशि वितरित की गई। इस प्रकार आज के इस मेगा कैम्प में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना में कुल 72 लाभुकों के बीच 200 लाख रुपया की राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव उद्योग विभाग द्वारा जिला उद्योग केंद्र की योजनाओं की समीक्षा की गई एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत ऋण वितरण में, रोहतास जिला राज्य में दूसरे स्थान पर होने के कारण जिला उद्योग केंद्र रोहतास के पदाधिकारियों एवं बैंकों के अधिकारियों को धन्यवाद दिया गया तथा उनके द्वारा सभी बैंकों से अनुरोध किया गया कि आगामी 12 मार्च 2026 में होने वाले मेगा कैंप में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल की जाय।

# पशु चोर पिकअप सहित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के दरिहट थाने की पुलिस ने दरिहट गांव से वृहस्पतिवार की शाम 7:00 बजे पिकअप वाहन सहित पशु चोर को पकड़ा। चोर थाना क्षेत्र के भुसउला गांव से एक गाय को पिकअप वाहन पर लादकर भाग रहे थे तभी ग्रामीणों की नजर पड़ी और ग्रामीणों ने इसकी सूचना दरिहट थाने को दी। पुलिस को अपनी ओर आते देख चोर गाय लदे वाहन सहित दरिहट गांव में घुस गए जहां से पुलिस ने पिकअप वाहन पर लादे गए गाय सहित चालक को पकड़ा। पूछताछ में ड्राइवर की पहचान राजा बाबू पिता इस्लाम ग्राम अलीबाग थाना मेहंदिया जिला अरवल के रूप में हुई। इस संबंध में दरिहट थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि गाय सहित वाहन और ड्राइवर को थाने लाया गया है। इस संबंध में ड्राइवर को गिरफ्तार करते हुए तथा वाहन मालिक पर एवं अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अधीनता और गुलामी थोपने वाले कानूनों के खिलाफ आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** एक्टू के जिला सचिव अशोक सिंह ने कहा कि मजदूरों और किसानों पर अधीनता व गुलामी थोपने वाले कानूनों को ध्वस्त करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने आहवान किया कि 'काम ठप्प करो–सड़कों को प्रतिरोध में बदल डालो।' मोदी सरकार की मजदूर-किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों, सेक्टरल फेडरेशनों के संयुक्त मंच, संयुक्त किसान मोर्चा तथा खेतिहर व ग्रामीण मजदूर यूनियनों के आहवान पर राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए भाकपा-माले की ओर से प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन, अखिल भारतीय किसान महासभा, अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा, बिहार राज्य सिमटे पथरकट्टी मजदूर यूनियन, बिहार हाइड्रोपावर कॉरपोरेशन, बिहार राज्य भवन निर्माण यूनियन तथा डिहारी-डालमियानगर नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी संगठनों ने आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर अपने विचार रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि बंजारी सीमेंट फैक्ट्री, हाइड्रो पावर परियोजना और नगरपालिका सफाई मजदूर हड़ताल पर जाएंगे तथा गेट मीटिंग के माध्यम से सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध करेंगे। साथ ही निर्माण मजदूर, खेत मजदूर, किसान और स्कीम वर्करों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन में शामिल किया जाएगा। बैठक में प्रमुख मांगें उठाई गईं–4 लेबर कोड वापस लो, वीबी ग्राम एक्ट 2025 वापस लो, बीज विधेयक 2025 वापस लो, इंद्रपुरी जलाशय परियोजना का शीघ्र निर्माण करो, बुलडोजर राज पर रोक लगाओ, इस अवसर पर भाकपा-माले के जिला सचिव रविशंकर राम, एक्टू के जिला सचिव अशोक सिंह, खेग्रामस के निजामुद्दीन अंसारी, कर्मचारी नेता राम किशुन सिंह सहित अन्य नेताओं ने केन्द्रीय व राज्य सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए आम हड़ताल को सफल बनाने का आहवान किया।

# मनरेगा के द्वारा आम जनोपयोगी कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण रोहतास सासाराम के द्वारा जारी निर्देश के आलोक में पत्रांक संख्या 284, 5 फरवरी 2026 के द्वारा निर्गत पत्र के अनुसार मनरेगा कार्यालय प्रखण्ड बिक्रमगंज में विकसित भारत - रोजगार गारंटी एंव आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 में निहित जनोपयोगी प्रावधानो की जानकारी आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वी बी-ग्रा योजना के क्रियान्वयन एवं योजना के खूबियों एवं लाभार्थी के श्रेणी के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थित त्रिस्तरीय जन प्रतिनिधियों / आमजन एवं उपस्थित कर्मियों को बताया गया। पहले मनरेगा के अंतर्गत प्रत्येक जॉब कार्डधारी मजदूरों को 100 दिन का रोजगार दिये जाने का प्रावधान था जिसके बदले 125 दिन कार्य दिवस दिया जायेगा। पूर्व में 15 दिन का मास्टर रौल निकालने के पश्चात 8 वां दिन भुगतान किया जाता था, अब 7 दिन का मास्टर रौल निकालने के पश्चात 8 वां दिन भुगतान किया जायेगा। अर्थात अब 15 दिन में मजदूरी की राशि खाते में मजदूरों को प्राप्त हो जायेगी। मनरेगा के अपेक्षा वीबीग्राम योजना के कार्यक्षेत्र को भी विस्तृत किया गया है जिसे मिशन आजीविका से भी जोड़ा गया है। कार्यशाला में उपस्थित कार्यक्रम पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, लेखापाल राकेश कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक विवेक विशाल, मानपुर पंचायत समिति सदस्या गीता देवी एवं जोन्ही पंचायत समिति सदस्या सबिता देवी, विजयव्रत पाण्डेय, पंकज सिंह, राजेन्द्र सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–आरईपी–ईएलबी–65गेट्स–26, दिनांक:** 05.02.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: **एसडीएसटीई–आरईपी–ईएलबी–65गेट्स–26** के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा के तहत पुराने एवं जीर्ण–शीर्ण 65 इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर ईएलबी इक्विपमेंट का पुनरुद्धार एवं प्रतिस्थापन। **निविदा की किस्म:** खुली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,96,81,323.64, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 4,48,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 16.02.2026, **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 05.02.2026, 16.19 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 02.03.2026, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।
HWH-597/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# जल भरी शोभा यात्रा निकाली गई, हर हर महादेव के गूंजे स्वर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखंड अंतर्गत देवढी धाम के सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से शिव शक्ति महायज्ञ की जलभरी शोभा यात्रा शुक्रवार को निकाली गई। बाबा सिद्धेश्वर नाथ कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से शिव शक्ति महायज्ञ सह 37 वां नवाह पारायण मानस महायज्ञ समारोह 2026 का आयोजन धूमधाम के साथ शुरू किया गया। जलभरी शोभा यात्रा शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होकर मलियाबाग के काव नदी से जल भर भ्रमण करने के बाद पुनः देवढी धाम में समाप्त हुई। शोभा यात्रा में बैंड बाजा, हाथी, घोड़े और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ग्रामीणों ने बताया कि प्राचीन ऐतिहासिक धार्मिक स्थल पावन देवढी धाम लगभग एक हजार वर्ष पुराना स्वयंभू शिवलिंग बाबा सिद्धेश्वर नाथ जी भोले बाबा विराजमान हैं जहां पिछले 36 वर्षों से फाल्गुन शिवरात्रि के मौके पर शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाता है।

# बाल-विवाह मुक्ति रथ को जिला जज ने किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बाल-विवाह मुक्त भारत निर्माण के तहत जिला विधि सेवा प्राधिकार रोहतास और सुराज संस्था द्वारा संयुक्त रूप से संचालित बाल-विवाह मुक्ति रथ को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास अनुज कुमार जैन के द्वारा हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से रवाना किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास सासाराम के सचिव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह मुक्ति रथ रोहतास जिले के सभी 19 प्रखंडों में 6 दिनों तक प्रखण्ड मुख्यालयों तथा ग्रामीण इलाकों में लगातार अपनी यात्रा करेगा। इस अभियान द्वारा बाल विवाह के सामाजिक तथा कानूनी पहलूओं पर जन जागरूकता के साथ ही सरकारी विभागों के बीच अभिसरण को मजबूत बनाने, पंचायतों द्वारा विवाह पंजी का नियमित और अनिवार्य रूप से संधारण करने, प्रखण्ड, पंचायत और ग्राम/वार्ड बाल संरक्षण समितियों को गठित तथा उनकी नियमित बैठकें करने हेतु आई.सी.डी.एस. अधिकारी और कर्मियों को उत्प्रेरित करने, विद्यालय से बाहर के बच्चों के नामांकन के प्रति संवेदनशील बनाने, पंचायतों में बाल केन्द्रित विकास की भावना को जागृत करने तथा ग्राम सभाओं को बाल हितकारी योजनाओं यथा-आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों की आधारभूत संरचना विकसित करने, आंगनबाडी केन्द्रों को बाल मित्रवत बनाने इत्यादि मुद्दों पर सक्रिय कार्यान्वयन को भी मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार किसी भी ऐसी विवाह प्रक्रिया अथवा समारोह में जहां लड़का की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 से कम हो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति यथा-घराती बाराती, नाई, पण्डित, मौलवी, पादरी, बैण्ड बाजा पार्टी. केटरर, हलवाई, कार्ड छापने वाले प्रेस, सजावट कर्त्ता, फोटो ग्राफर इत्यादि सभी को जेल या जुर्माना अथवा दोनों हो सकती है।

**शपथ पत्र**

में सुमित सौरव (Sumit Saurav) पिता महेन्द्र प्रसाद (Mahendra Prasad) ग्राम-बनिया पो. नगमतिया, थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार संख्या 3942 7446 4215 है। पूर्व में मेरा आधार संख्या 3942 7446 4215 नाम सोलडी कुमार (Soldi Kumar) पिता महेन्द्र प्रसाद (Mahendra Prasad) था जिसे सुधार कराकर आधार संख्या 3942 7446 4215 नाम सुमित सौरव (Sumit Saurav) पिता महेन्द्र प्रसाद (Mahendra Prasad) करा लिया है तथा यही आधार सही एवं प्रयोग में है।
यह कि Indian Bank पूर्ववर्ती नाम (Allahabad Bank) शाखा सलैया में मेरे A/c No-59091386761 पर मेरा नाम पूर्ववर्ती आधार के अनुसार सोलडी कुमार (Soldi Kumar) पिता महेन्द्र प्रसाद (Mahendra Prasad) अंकित है। मेरा आधार संख्या 3942 7446 4215 नाम सोलडी कुमार (Soldi) Kumar) अब प्रयोग में नहीं है अतएव यह गलत है।
बैंक Alc No. 59091386761 पर अंकित नाम Soldi Kumar को वर्तमान आधार संख्या 3942 7446 4215 नाम Sumit Saurav के अनुसार सुधार कर Sumit Saurav कराने के आशय से यह शपथ पत्र निष्पादित किया हूं।
मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि शपथ पत्र में उल्लेखित सारी बातें सत्य एवं सही है।
शपथ पत्र सं. 3035 दिनांक 30.01.26
शपथकर्ता
सुमित सौरव

# हिन्दूत्व ही भारत का गौरव और विश्व कल्याण का आधार : डा. राकेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोचस (रोहतास)।** काशी प्रांत के सह-प्रांत कार्यवाह और काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र प्रोफेसर डॉ. राकेश ने कहा कि जब-जब हिंदू समाज कमजोर और विखंडित हुआ, तब भारत के भूभाग अलग हुए। पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका इसके उदाहरण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म का संगठन केवल सांस्कृतिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मजबूती और भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग है। डॉ. राकेश ने महर्षि अरविंद के शब्द उद्धृत करते हुए कहा कि सनातन गिरेगा तो भारत गिरेगा, सनातन उठेगा तो भारत उठेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि सनातन धर्म और हिंदुत्व का उत्थान केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक आवश्यकता है। उनका स्पष्ट संदेश था कि हिंदू समाज जब संगठित होगा, तभी भारत विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो सकेगा। कोचस के सरेया गांव स्थित श्रीहनुमतधाम में आयोजित हिंदू सम्मेलन में काशी प्रांत के सह-प्रांत कार्यवाह और काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र प्रोफेसर डॉ. राकेश ने कहा कि सनातन धर्म और हिंदुत्व केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार हैं। डॉ. राकेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का दर्शन केवल व्यक्ति या देश तक सीमित नहीं है। हिंदुत्व का संदेश है- 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित दुःखभाग्भवेत।' यह दर्शन पूरे विश्व के कल्याण की बात करता है और यही सनातन धर्म और हिंदुत्व का वैश्विक महत्व है। उन्होंने आगे कहा कि संघ और स्वयंसेवक समाज में वैचारिक चेतना, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना फैलाने का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना था कि भारत तभी विश्व गुरु बन सकता है जब समाज सशक्त, निस्वार्थ और संगठित हो। युवा ही राष्ट्र का भविष्य डॉ. राकेश ने बताया कि संघ ने शताब्दी वर्ष पर पूरे देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। हिन्दू सम्मेलन, गृह संपर्क अभियान, युवा संवाद कार्यक्रम आदि। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवा ही राष्ट्र का भविष्य हैं। उनके मन में हिंदुत्व का मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना आज सबसे जरूरी है। विश्व के कल्याण की दिशा में सक्रिय योगदान सनातन धर्म का लक्ष्य डॉ. राकेश ने संघ के तीन प्रमुख कार्य क्षेत्र बताए। पहला व्यक्ति निर्माणः समाज के प्रत्येक व्यक्ति में संस्कार और नैतिक चेतना विकसित करना। दूसरा सेवा कार्य। इसके तहत शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्रों में स्वयंसेवक सनातन और हिंदुत्व के वैचारिक सिद्धांतों का प्रचार

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.– **CWMPD-03-2025-26,** दिनांक : 03.02.2026

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं. दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्यों के लिये प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा बंद होने की तिथि – 26.02.2026

1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : प्लान्ट डिपो, डीडीयू में इंसुलेटेड ग्लूड रेल ज्वाइंटस के निर्माण के लिए आवश्यक 60 कि.ग्रा./52 कि.ग्रा. रेल की कटिंग, ड्रिलिंग एवं लीडिंग के साथ–साथ अन्य सम्बन्धित कार्य।, 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 3,57,71,411.34, 3. जमानत राशि : ₹ 3,28,900.00, 4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.02.2026, 12:00 बजे।, 5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। : www.ireps.gov.in

मुख्य कारखाना प्रबन्धक/बी.डब्ल्यू.
प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/1740/प्लान्ट डिपो, डीडीयू/इंजी./टी/25–26/32

**शपथ पत्र**

मैं राज कुमार गुप्ता पिता शिव प्रसाद गुप्ता उर्फ शिव प्रसाद साह निवासी कुम्हार टोली डिहरी, पोस्ट डिहरी, थाना-डिहरी, जिला-रोहतास (बिहार) का रहने वाला हूं। शपथपूर्वक निम्न बयान करता हूं कि मेरे नाम से एल.आई.सी. का पॉलिसी नं. 513121532 है जिसमें मेरे पिता का नाम शिव प्रसाद साह दर्ज है मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम शिव प्रसाद गुप्ता दर्ज है। शिव प्रसाद गुप्ता एवं शिव प्रसाद साह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे पिता का ही नाम है।
मेरे उक्त पॉलिसी में नौमनी के रूप में मेरी पत्नी का नाम अर्चना गुप्ता दर्ज है जबकि मेरे पत्नी के आधार में मेरी पत्नी का नाम सीता देवी दर्ज है एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में भी उसका नाम सीता देवी दर्ज है। वो दोनों नाम एक ही महिला यानी मेरी पत्नी का नाम है वह दोनों नामों से जानी पहचानी जाती है।
मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि शपथ पत्र में उल्लेखित सारी बातें सत्य एवं सही है।
शपथपत्र सं. 535 दिनांक 10.01.26
शपथकर्ता
राज कुमार गुप्ता

# भगवानपुर में युवक की गला दबाकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पकरीबरावां (नबिटासं)।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में 20 वर्षीय सुभाष कुमार की हत्या गला दबाकर कर दी गई। गुरुवार की रात को उसकी लाश घर से भगवानपुर बधार से मिली है। एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि गला दबाकर युवक की हत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिवार वालों के फर्द बयान एवं अनुसंधान के बाद कारणों का पता चल सकेगा। बताया गया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। इधर, घटना के विरोध में गुस्साए लोगों ने नवादा- जमुई पथ पर मृतक के शव को भगवानपुर के पास रखकर सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलने के बाद प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार एवं थानाध्यक्ष रंजन चौधरी जामस्थल पर पहुंचें। आक्रोशित लोग हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। लोगों को न्याय का भरोसा दिलाया गया। इस बीच बीडीओ ने पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार का चेक दिया। परिवार वालों ने बताया कि मृतक को फोन आया। उसके बाद वह घर से यह कहकर निकला कि शौच के लिए जा रहा है। एक घण्टे तक घर वापस नहीं लौटने पर परिवार वालों ने उसके नम्बर पर जब फोन किया तब मोबाइल पर रिंग हो रहा था। लगातार रिंग होने के बाद भी युवक द्वारा फोन नहीं रिसीव करने पर घर वाले चिंतित हो गए और उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई। काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता नहीं चलने पर परिवार वालों ने डायल 112 को इसकी जानकारी दी। बताया गया कि डायल 112 की टीम ने परिवार वालों के साथ युवक की खोजबीन करते हुए पकरीबरावां- नवादा मुख्य पथ से लगभग 200 मीटर दूरी पर युवक का मोबाइल देखा। थोड़ी दूर बढ़ने पर युवक की लाश मिली। घटना की जानकारी मिलते ही पकरीबरावां के एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर, पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष रंजन चौधरी, एसआई चंदन कुमार ने घटनास्थल पर एवं गांव पहुंचकर मामले की जांच की। बताया जाता है कि सरस्वती पूजा में गाना बजाने को लेकर विवाद हुआ था। उसके चचेरे भाई के साथ मारपीट हुई थी। युवक की हत्या के बाद परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो छोटे- छोटे बच्चे हैं। मृतक की तीन बहनों का रो- रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी सहित परिवार के अन्य लोग घटना के बाद बेसुध हैं।

घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। इधर, यदुवंशी एकता जागृति मंच के अध्यक्ष दिनेश यादव, विश्वनाथ यादव, संजय यादव, प्रमोद यादव आदि ने पीड़ित परिवार से भेंट की। जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह एवं प्रमुख विनोद साव ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर परिवार वालों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली।

## इंटर परीक्षा का चौथा दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा दिनांक 06 फरवरी 2026 को आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 का चौथा दिन नवादा जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से आयोजित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर लगातार निरीक्षण एवं भ्रमणशील रूप से उपस्थित रहे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के चौथे दिन प्रथम पाली में अंग्रेजी तथा द्वितीय पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में संचालित हुई, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक आयोजित की गई।

## बेटी बचाओ न्याय यात्रा हिसुआ पहुंची 10 फरवरी को विधानसभा घेराव का ऐलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** पटना के शंभू हॉस्टल में नीट की छात्रा गायत्री के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के विरोध में ऐपवा-आइसा की संयुक्त राज्यव्यापी ह्यबेटी बचाओ न्याय यात्राह्न नवादा से शुरू होकर हिसुआ के विश्व शांति चौक स्थित बस स्टैंड पहुंची, जहां सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता सावित्री देवी ने की।

सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड मीणा तिवारी ने कहा कि बिहार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव पूर्व किए गए वादों के विपरीत महिलाओं के खिलाफ हिंसा और अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। डॉक्टर बनने का सपना लेकर पटना आई छात्रा की निर्मम हत्या ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। संयुक्त आंदोलन के दबाव में सीबीआई जांच तो बैठी है, लेकिन समयबद्ध कार्रवाई और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर संदेह बरकरार है। उन्होंने 10 फरवरी को बिहार विधानसभा घेराव का ऐलान किया। आइसा की राज्य उपाध्यक्ष कॉमरेड प्रीति कुमारी ने शंभू हॉस्टल और परफेक्ट पीजी हॉस्टल की घटनाओं की समयबद्ध सीबीआई जांच, छात्राओं व कामकाजी महिलाओं के लिए सरकारी छात्रावासों के निर्माण तथा सभी शिक्षण संस्थानों में जीएसकैश और कार्यस्थलों पर आईसीसी गठन की मांग की। सभा को ऐपवा की राज्य सह सचिव कॉमरेड रीता वर्णवाल, संगीता सिंह, लीला वर्मा, मंजूषा, आइसा के दीपंकर मिश्रा, प्रिया, अन्नू कुमारी तथा भाकपा माले के जिला सचिव भोला राम, खेग्रामस के अजीत कुमार मेहता और सुदामा देवी ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**नारदीगंज/नवादा (नबिटासं)।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न गांव के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने सभी फरियादियों की बात को सुनी। उसके बाद समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में शौचालय निर्माण और नए पेंशन सम्बंधित मामले आये। नए पेंशन लाभुकों में इचुआ करना के मुन्ना साव,कृष्णा मांझी,डोहरा के सुनरवा देवी,विष्णुदेव चौहान, महेंद्र यादव,भेलू बिगहा के दिवाकर प्रसाद सिंह,चौरमा के सुरेश साव,जगेश्वर मांझी,काशी बिगहा के उर्मिला देवी ने नए पेंशन के लिए आवेदन पत्र दिया है। बीडीओ ने सभी पेंशन योजना के आवेदन पत्र को सम्बंधित पंचायत सचिव को जांच प्रतिवेदन की मांग की है। वही शौचालय निर्माण से सम्बंधित नारदीगंज पंचायत के नारदीडीह टुनी लाल मांझी की पत्नी दौलती देवी और इसी गांव के विश्वकर्मा कुमार की पत्नी शोभा देवी,हंड़िया पंचायत के दरियापुर गांव के गजाधर प्रसाद की पत्नी रेणु देवी और इसी पंचायत के पंडपा निवासी छोटेलाल रविदास की पत्नी गुड़िया देवी ने शौचालय निर्माण करने के बाद राशि उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र जमा किया कहा हमलोग अपने घर में शौचालय निर्माण करा दिए हैं। इस पर बीडीओ ने सभी लाभुकों के आवेदन पत्र को अग्रसारित कर लोहिया स्वच्छता प्रखंड समन्वयक पूजा सिंह को जांच हेतु दिया। लोहिया स्वच्छता समन्वयक ने कहा आनलाइन जांच हो गया है। स्थलीय निरीक्षण के बाद सही पाए जाने पर लाभुकों को राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा अन्य फरियादी भी पहुंचे।



### सौरभदीप के शतक से नवादा क्रिकेट अकादमी जीता

**नवादा (नबिटासं)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में सिरदला के लौंद हाई स्कूल में आयोजित ए डिवीजन लीग के एक मैच में आज नवादा क्रिकेट अकादमी का मुकाबला सनराइज क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। नवादा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 313 रनों का स्कोर खड़ा किया। नवादा क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज सौरभदीप ने शानदार शतक 150 रन बनाए जबकि उनके साथ रोशन कुमार ने 53 एवं आदित्य, के43 साथ दिया। गेंदबाजी करते हुए सनराइज क्रिकेट क्लब के गेंदबाज रेहान ने चार खिलाड़ियों को आउट किया । इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइज क्रिकेट क्लब की टीम भी 35 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 285 रन बनाए। सनराइज क्रिकेट के तरफ से बल्लेबाज अजीत चंद्रवंशी ने 98 दीपक चौधरी ने 61 जबकि जियांस ने 45 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए नवादा क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अनुराग पाराशर ने दो जबकि अखिलेश तेजस एवं अनुराग को एक-एक विकेट मिला। इस तरह से नवादा क्रिकेट अकादमी ने सनराइज क्रिकेट क्लब को 28 रनों के अंदर से हरा दिया आज के मैच में शानदार 150 रन बनाने वाले बल्लेबाज सौरभदीप को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। मैच के सफल संचालन में जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश यादव, राजेश कुमार , मनीष आनंद, वर्मा सुनील प्रसाद बिजेंद्र प्रसाद मौजूद रहे।



### एसडीओ के आश्वासन पर पार्षदों का धरना स्थगित

**हिलसा/नालंदा (नबिटासं)।** हिलसा नगर परिषद कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में तालाबंदी कर धरने पर बैठे 18 वार्ड पार्षदों ने गुरुवार देर शाम एसडीओ अमित कुमार पटेल के आश्वासन के बाद फिलहाल अपना धरना स्थगित कर दिया गया। पार्षदों ने बताया कि नगर परिषद में



व्याप्त कथित भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने कार्यालय में तालाबंदी कर प्रदर्शन शुरू किया था। पार्षदों का आरोप है कि वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद एवं मुख्य पार्षद की मिलीभगत से कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। इनमें 1 मार्च 2025 से अब तक कराए गए विभागीय कार्यों से जुड़े प्रकरण, एम्बी बुक की सत्यापित प्रति, स्ट्रीट लाइट का प्राक्कलन, रेन बसेरा खर्च का विवरण, नल-जल लीकेज मरम्मत एवं नाला उड़ाही से संबंधित प्राक्कलन शामिल हैं। पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि बोर्ड बैठकों में लिए गए निर्णयों का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे नगर परिषद के 26 वार्डों में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीओ अमित कुमार पटेल ने पार्षदों से बातचीत कर सभी बिंदुओं की जांच कर 19 फरवरी को चर्चा कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना स्थगित कर दिया गया। पार्षदों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा। धरना स्थगित होने के बाद कार्यालय में कामकाज शुरू हो गया। धरने में पम्मी देवी, रीना देवी, वीणा देवी, सिंधु कुमारी, उर्मिला देवी, बिंदा कुमारी, रंजू देवी, कुमारी कंचन सिन्हा, कल्पना देवी, शैलेन्द्र कुमार, विजय कुमार विजेता, नौशाद आलम, सकलदीप चौधरी, शमशेर आलम, तबर्रस प्रवीन, सुमित कुमार उर्फ टीपू सहित कुल 18 वार्ड पार्षद शामिल रहे।

## किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नालंदा)।** प्रखंड कृषि कार्यालय नारदीगंज द्वारा आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन शुक्रवार को भी विभिन्न पंचायतों में हुआ। यह कार्यक्रम प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सफल संचालन के दौरान पिछ्ले पांच दिनों तक किया गया। यह शिविर दो फरवरी से शुरू हुआ। जो छह फरवरी तक आयोजित की गई। इस अवधि में 90 शिविर आयोजित हुई। इस पांच दिनों में लगभग 1000 किसानों की एफआर. आईडी सफलतापूर्वक बनाई गई है। हालांकि, इस प्रक्रिया के दौरान पंजीकरण में कई तकनीकी और दस्तावेजी बाधाएं भी देखी गईं।

बीएओ विवेक कुमार गौरव ने कहा पंजीकरण के दौरान सबसे बड़ी समस्या किसानों के नाम में मिसमैच (दस्तावेजों और आधार में भिन्नता) और लैंड म्यूटेशन की कमी के कारण आ रही है। इसके अतिरिक्त, कई किसानों के पास अभी भी उनके पूर्वजों के नाम पर भूमि (पैतृक संपत्ति) है। जिसका वर्तमान विवरण अपडेट न होने के कारण आईडी बनाने में कठिनाई हो रही है। बीएओ ने सभी संबंधित किसानों से अनुरोध किया है कि जिनकी अपनी निजी भूमि है या जिनके भूमि संबंधी दस्तावेजों में त्रुटि है। वे जल्द से जल्द सें राजस्व विभाग में संपर्क करें। ताकि इन विसंगतियों को दूर कर शत-प्रतिशत किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर प्रखंड बंदोबस्त पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, तकनीकी सहायक, किसान सलाहकार, अमीन समेत अन्य कर्मी के माध्यम से हुआ।



## डीएम ने अनुकम्पा समिति की बैठक कर 24 आश्रितों को दिया नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बिहारशरीफ।** निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में सेवाकाल में मृत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। पूर्व में 25 सितंबर 2025 को आयोजित बैठक में वैसे आश्रित अनुकम्पा नियुक्ति से वंचित रह गए थे, जिनके शैक्षणिक अंक 45 प्रतिशत से कम थे या जिनकी आयु निर्धारित सीमा से अधिक थी।

इस संबंध में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा आवश्यक आदेश जारी किए गए। सचिव-सह-निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के आदेश संख्या-2814 एवं 2816, दिनांक 26 सितम्बर 25 के तहत 45 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता को शिथिल कर दिया गया। वहीं उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा के आदेश संख्या-2835, दिनांक 4 अक्टूबर 25 के माध्यम से योग्य आश्रितों के लिए आयु सीमा में भी छूट प्रदान की गई।

इन्हीं विभागीय निदेर्शों के आलोक में शुक्रवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कुल 24 आश्रितों को नियुक्ति प्रदान की गई। इनमें 16 विद्यालय लिपिक तथा 8 विद्यालय परिचारी शामिल हैं। जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त, नालंदा द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नालंदा, स्थापना उपसमाहर्ता, बिहारशरीफ तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) नालंदा भी उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिल्पी सोनी राज की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**नवादा ।** बिहार में नवादा की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिल्पी सोनी राजकी उनके आवास में ही संदिग्ध मौत हो गई है ।शुक्रवार की सुबह उन्हें अचेत अवस्था में नवादा के धर्मशिला अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कर्मचारियों ने बताया कि सुबह जब उनके आवास में प्रवेश किया तो वह सोफे पर अचेत अवस्था में झुकी हुई पाई गई।

उन्हें तत्काल नवादा के निजी धर्मशिला अस्पताल में दाखिल कराया गया ,जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया ।इस तरह की मौत को संदिग्ध बताया जा रहा है । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की मौत की घटना के बाद जिला प्रशासन में अफरा - तफरी का माहौल कायम हो गया है। नवादा के जिला अधिकारी रवि प्रकाश तथा एसपी अभिनव धीमान स्वयं धर्मशीला अस्पताल में कैंप कर रहे हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तीन बहने व दो भाई है। उनकी बहन पटना से नवादा के लिए चल चुकी है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने फोरेंसिक टीम से जांच करने शुरू कर दी है ।

उनके आवास को भी जांच के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। उनका पोस्टमार्टम भी पटना में विशेषज्ञों के निगरानी में कराया जाएगा, ताकि घटना की सच्चाई का पता लगाया जा सके। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की मौत की खबर नवादा में आज की तरफ फैल गई । सैकड़ो अधिवक्ता व प्रशासनिक अधिकारी धर्मशिला अस्पताल में जुटे हुए हैं।

सैकड़ों अधिवक्ता तथा नवादा वासी इस सच्चाई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि आखिर मौत का कारण क्या है। सदर अनुमंडल अधिवक्ता संघ के महासचिव डॉ राकेश कुमार ने घटना पर दुःख जताया है ।

## बाबा तारकनाथ महादेव की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा ।** सदर प्रखंड के गोड़धोवा गांव में बाबा तारकनाथ महादेव की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु पूरी उत्साह के साथ शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर एनएच-20 नहर पर होते हुए संदोहरा गांव पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोचार के साथ जलभरी कर सैकड़ों महिलाएं कलश को अपने-अपने माथे पर लेकर यज्ञ मंडप के पास पहुंची। बनारस एवं मथुरा से आए विद्वान ब्राह्मण व यज्ञ आचार्य की देखरेख में विधिवत रूप से कलश स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजा अर्चना शुरू किया गया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। पूरा गांव महादेव की भक्ति में सराबोर हो गया। कमेटी के अध्यक्ष अभय यादव ने बताया कि 30 जनवरी को ध्वजारोहण किया गया था। 06 फरवरी को कलश यात्रा के साथ बाबा तारकनाथ महादेव की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूआत की गई है जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि 07 फरवरी को नगर भ्रमण, 08 फरवरी को महारूद्र अभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके बाद 11 फरवरी को भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। 12 फरवरी को मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन और 14 फरवरी को भंडारा के साथ नौ दिवसीय महोत्सव का समापन होगा। मौके पर कोषाध्यक्ष कौशल कुमार, सदस्य योगी यादव, रंजीत यादव, प्रमोद यादव, अशोक यादव, नीलू यादव, देवनंदन यादव एवं वीरेंद्र यादव सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्र रक्षा यज्ञ व विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बिहारशरीफ के गौरक्षणी भरावपर स्थित प्रांगण में राष्ट्ररक्षा यज्ञ सह विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में हिंदू संस्कृति, सनातन परंपरा, राष्ट्रभाव और सामाजिक परिवार व्यवस्था और सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए हिंदू समाज से अधिक जागरूक और संगठित होने की अपील की। उन्होंने धर्मांतरण को देश के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर महंत घनश्याम दास ने कहा कि राष्ट्रीय



एकता का सशक्त स्वरूप देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत लहेरी थाना क्षेत्र स्थित देवी मंदिर प्रांगण से हुई, जहां 151 माताओं-बहनों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गौरक्षणी भरावपर पहुंचकर विधिवत हवन-पूजन के साथ संपन्न हुई। इसके पश्चात राष्ट्ररक्षा यज्ञ का आयोजन हुआ और फिर विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूज्य रामानुजाचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में भारत सहित विश्व के कई देशों में हिंदुओं की जनसंख्या में लगातार गिरावट हो रही है, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि आज विश्व में कोई भी देश पूर्ण रूप से हिंदू राष्ट्र नहीं बचा है। नेपाल, जो कभी एकमात्र हिंदू राष्ट्र था, अब धर्मनिरपेक्ष बन चुका है। रामानुजाचार्य ने जनसंख्या संतुलन, स्वयंसेवक संघ सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को संघ की शाखाओं में अवश्य भेजें, जहां उन्हें संस्कार, अनुशासन, भाईचारा और राष्ट्रभक्ति की शिक्षा दी जाती है। उन्होंने शाखाओं को ह्रराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रूपी मंदिरह्न बताते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा वहां अवश्य बिताना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कार्यवाह वीनेश प्रसाद उपस्थित रहे। साथ ही महंत स्वामी रंगनाथाचार्य (नवादा), महंत घनश्याम दास (मुंगेर), महंत नरसिंह दास (जमालपुर) तथा महंत विनय दास (वृंदावन) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संतों ने वसुधैव कुटुम्बकम्ह्न का संदेश देते हुए कहा कि पूरी पृथ्वी एक परिवार है।

## आरटीई के तहत नामांकित छात्रा से फीस मांगने पर डीएम सख्त, जांच के आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के पास बिहारशरीफ शहर के एक निजी विद्यालय द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2011 का उल्लंघन किये जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया। जिलाधिकारी के पास एक छात्रा अपने दादाजी के साथ आरटीई के संबंध में शिकायत लेकर आयी थी। छात्रा द्वारा बताया गया कि उनका नामांकन आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालय में हुआ है। वर्त्तमान में वें सातवीं कक्षा में है। आरटीई के अंतर्गत नामांकन के बावजूद अब विद्यालय प्रबंधन द्वारा बार-बार फीस की मांग किया जा रहा है तथा फीस नहीं दिये जाने पर उनका विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करने नहीं दिया जाता है तथा पढ़ाई में भी बाधा तथा भेदभाव किया जाता है।



इस प्रकार की समस्या के कारण छात्रा हीन भावना की शिकार दिख रही थी। जिलाधिकारी द्वारा इसे अत्यंत गंभीरता से संज्ञान में लिया गया और जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), नालंदा को तत्काल बुलाकर निदेश दिया गया कि अविलंब इस मामले की जांच कर समुचित कार्रवाई करें। साथ ही यह बच्ची तत्काल विद्यालय जाना प्रारंभ करें एवं वहां इन्हें किसी प्रकार की कठिनाई, भेद-भाव की स्थिति का सामना न करना पड़े, यह भी सुनिश्चित करायें। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2011 अंतर्गत निजी विद्यालयों में नामांकित छात्र/छात्रा को निःशुल्क शिक्षा एवं सुविधाएं दिया जाना है तथा सरकार इसके बदले संबंधित विद्यालय को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाता है। अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि आरटीई के अंतर्गत नामांकित बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह विद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधा प्राप्त करने का उन्हें अधिकार होगा, इसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा। इस तरह के मामले संज्ञान में आने से ऐसी संभावना बनती है कि निजी विद्यालयों द्वारा आरटीई के अंतर्गत नामांकित छात्रों से पठन-पाठन की राशि ली जाती है।

## जनसुनवाई के माध्यम से हुआ शिकायतों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मानझ्रजीवन आसान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेर्शानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 63 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्त्ता द्वारा कई शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना मुफस्सिल, पंचायत खरांट, ग्राम -जक्कीचक के नन्दु चौधरी द्वारा जमीन बटवारा से संबंधित विवाद निष्पादन के संबंध में प्रखंड - नारदीगंज, थाना हसुआ, ग्राम-बस्ती विगहा के मनोज कुमार द्वारा म्यूटेशन के संबंध में; थाना गोविंदपुर, पंचायत - डुमरी, ग्राम -शेखरपुर के भिखारी यादव द्वारा जमीन विवाद के संबंध में; प्रखंड-वारिसलीगंज, मेन रोड, उत्तर बाजार के अभय कुमार द्वारा जमीन खाली नहीं किए जाने के संबंध में; थाना-हिसुआ, साकिन मनवां के धीरज कुमार द्वारा पीलर गाड़ने के संबंध में; प्रखंड- अकबरपुर, पंचायत-फतेहपुर, ग्रामझ्रडीही की पार्वती देवी उर्फ सुनैना देवी द्वारा अवैध रूप से जमाबंदी हटाने के संबंध में थाना-रोह, ग्राम-महरावां के रामस्वरूप पंडित द्वारा डिमांड उनके नाम से करने के संबंध में आवेदन सहित अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।



नवबिहार टाइम्स | संपादकीय | औरंगाबाद, शनिवार, 7 फरवरी 2026 | 6

संपादकीय

# राहुल गांधी को बोलने देना था...

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जिस ढंग से अपनी बात कहने से रोका गया, वह लोकतांत्रिक तरीका नहीं कहा जा सकता। राहुल अगर गलत भी कह रहे थे या संसद के नियम कायदों को उल्लंघन कर रहे थे तो भी उन्हें अपनी बात रखने देनी चाहिए थी। सरकार इस पर अपना जवाब देती और राहुल के आरोपों अथवा शंकाओं को धुर्रे बिखेर सकती थी। लेकिन सरकार ने पहला रास्ता चुनाव। संसद में इसको लेकर जमकर हंगामा हुआ और विपक्षी सांसदों ने अध्यक्ष के आसन की तरफ कागज के टुकड़े उछाले। जिसके बाद आसंदी ने 8 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड भी कर दिया। लगातार दूसरे दिन भी चले हंगामे के बीच राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि उन्हें संसद में अपनी बात रखने नहीं दी जा रही है और स्पीकर सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। जबकि स्पीकर का कहना था कि राहुल अपनी ही बात पर अड़े हुए हैं। वो अपनी बात राष्ट्रपति के अभिभाषण पर रखें। फिर भी राहुल नहीं मानें तो सभापति ने सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए दूसरे सांसदों को बोलने के लिए पुकारा। यह सही है कि राहुल भारत चीन तनाव के जिस मुद्दे पर मोदी सरकार को बेनकाब करना चाह रहे थे, वो 6 साल पुरानी घटना है। वर्तमान संदर्भों में इसका महत्व केवल सैद्धांतिक ही था। राष्ट्रपति के अभिभाषण में उल्लेखित राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में राहुल ने लोकसभा में एक अंग्रेजी पत्रिका 'कारवां' में छपे लेख को कोट करते भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब के अंश पढ़े। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि राहुल जिस किताब के अंश कोट कर रहे हैं, वह अभी प्रकाशित ही नहीं हुई है। जहां तक पत्रिका की बात है तो वह कुछ भी लिख सकती है। राहुल ने कहा कि पत्रिका सौ फीसदी प्रामाणिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस किताब को प्रकाशित नहीं होने दे रही है, क्योंकि पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य तनाव के दौरान मोदी सरकार की अकर्मण्यता की पोल खुल जाती। क्योंकि जब सामने से चीनी टैंक आ रहे थे और सेना प्रमुख शीर्ष नेतृत्व से मार्गदर्शन मांग रहे थे कि हमे क्या करना है, जवाब देना है या नहीं, तब ऐसे निर्णायक क्षण में सरकार तत्काल फैसले ही नहीं ले पा रही थी। जहां तक किसी पत्र पत्रिका में लिखी बात को कोट करने की है तो पूर्व में भी विपक्ष संसद में इसे अपनी बात की पुष्टि के लिए कोट करता रहा है। इसमें नया क्या है? हालांकि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, '349 (1) के तहत ऐसी पुस्तक, समाचार पत्र नहीं पढ़ा जाएगा जिसका सभा की कार्यवाही से कोई संबंध न हो। इसी कांग्रेस सरकार ने सैटेनिक वर्सेस को बैन कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को संविधान और स्पीकर पर भी भरोसा नहीं है। उधर विपक्षी सदस्यों ने राहुल गांधी की बात का समर्थन किया। अगर राहुल गांधी गलत कह रहे थे तो सरकार को उनके आरोपों का पूरी ताकत से खंडन करना चाहिए था। मोदी सरकार चीन के आगे झुकी या नहीं झुकी, यह प्रश्न आज तक अनुत्तरित है। राहुल गांधी के इस आरोप की लद्दाख में चीनी सेना ने भारत का बड़ा भूभाग हथिया लिया है, उसका सच क्या है, यह कभी सामने नहीं लाया गया। अगर चीन ने हमारी और जमीन नहीं हथियाई है तो सरकार सांसदों के सर्वदलीय दल अथवा मीडिया को वहां लेकर इसकी पुष्टि करा सकती थी। आवाज दबाने से तो संदेह गहराता है।

# कठिन राजनीतिक परीक्षा है मणिपुर में नई सरकार

**करीब एक साल तक राष्ट्रपति शासन में रहने के बाद मणिपुर में फिर से चुनी हुई सरकार बनने जा रही है और इस बार सत्ता की कमान युमनाम खेमचंद सिंह के हाथों में होगी. यह बदलाव सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि उस राज्य के लिए एक नई शुरुआत का संकेत है, जो मई 2023 से जातीय हिंसा, विस्थापन और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है. मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुआ संघर्ष धीरे-धीरे इतना गहरा हो गया कि पूरा राज्य घाटी और पहाड़ के दो हिस्सों में बंटता दिखने लगा. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान गई, 60 हजार से अधिक लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए और करीब 350 गांवों में सामान्य जीवन ठप हो गया. हजारों घर, स्कूल, चर्च और मंदिर जला दिए गए, जिससे सामाजिक ढांचा ही नहीं, आर्थिक गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हुईं.**

**अजय कुमार**

हिंसा के चलते राज्य का प्रशासन लगभग पंगु हो गया था. राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन बाधित हुआ, कई महीनों तक इंटरनेट बंद रहा और व्यापारिक गतिविधियां ठप पड़ गईं. अनुमान है कि इस संकट से मणिपुर की अर्थव्यवस्था को करीब 10 से 12 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ. पर्यटन उद्योग पूरी तरह रुक गया और छोटे व्यापारियों की आजीविका पर सीधा असर पड़ा. स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुईं, क्योंकि कई जिलों में डॉक्टरों और दवाइयों की आपूर्ति बाधित रही. शिक्षा का हाल यह रहा कि हजारों बच्चों की पढ़ाई महीनों तक बंद रही और कई स्कूल राहत शिविरों में बदल दिए गए.

इसी हालात में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पर कुकी समुदाय ने पक्षपात का आरोप लगाया. धीरे-धीरे बीजेपी के भीतर भी असंतोष बढ़ा. अक्टूबर 2024 में पार्टी के करीब डेढ़ दर्जन विधायकों ने केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री बदलने की मांग की. दबाव इतना बढ़ा कि फरवरी 2025 में बीरेन सिंह को इस्तीफा देना पड़ा और इसके बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया. संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति शासन एक साल से ज्यादा नहीं चल सकता, इसलिए केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर यह मजबूरी बन गई कि नई सरकार का गठन किया जाए. इसी राजनीतिक और संवैधानिक दबाव के बीच युमनाम खेमचंद सिंह का नाम सामने आया.

खेमचंद सिंह का चयन केवल पार्टी के भीतर संतुलन साधने का फैसला नहीं है, बल्कि सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखकर लिया गया कदम माना जा रहा है. वे मैतेई समुदाय से आते हैं, जिसकी आबादी मणिपुर में करीब 53 प्रतिशत है, लेकिन उन्हें कुकी और नागा समुदायों के बीच भी स्वीकार्यता वाला नेता माना जाता है. हिंसा के दौरान वे उन गिने-चुने मैतेई नेताओं में थे, जिन्होंने कुकी राहत शिविरों का दौरा किया और विस्थापित परिवारों से मुलाकात की. नागा बहुल उखरुल जिले में कुकी गांव के राहत शिविर में उनकी मौजूदगी को मानवीय संदेश



के तौर पर देखा गया. उस समय जब घाटी और पहाड़ के बीच भरोसे की दीवार सबसे ऊंची थी, खेमचंद की यह पहल एक अलग संकेत थी कि वे केवल अपनी जाति की राजनीति नहीं करना चाहते.

राजनीतिक अनुभव के लिहाज से भी खेमचंद सिंह को मजबूत दावेदार माना गया. वे 2017 और 2022 में सिंगजामेई सीट से विधायक चुने गए. 2017 में पहली बार सत्ता में आने पर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया और उन्होंने पूरे पांच साल सदन की कार्यवाही संभाली. 2022 में वे मंत्री बने और ग्रामीण विकास, पंचायती राज, नगर प्रशासन, आवास और शिक्षा जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी निभाई. मणिपुर की राजनीति में करीब दो दशक से सक्रिय रहने वाले खेमचंद को संगठन और प्रशासन दोनों की समझ रखने वाला नेता माना जाता है. पार्टी नेतृत्व को लगा कि संकट के दौर में एक ऐसा चेहरा जरूरी है, जो अनुभव के साथ-साथ अपेक्षाकृत विवाद रहित भी हो. मणिपुर विधानसभा का अंकगणित भी इस फैसले को मजबूती देता है. 60 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के पास फिलहाल 37 विधायक हैं. 2022 के चुनाव में पार्टी को 32 सीटें मिली थीं, लेकिन बाद में जेडीयू के पांच विधायक बीजेपी में शामिल हो गए. एक सीट फिलहाल रिक्त है. इसके अलावा एनपीएफ के 5, जेडीयू के 1 और 3 निर्दलीय विधायक सरकार का समर्थन कर रहे हैं. इस तरह एनडीए के पास कुल 46 विधायकों का समर्थन है, जबकि विपक्ष 14 पर सिमटा है. संख्या के लिहाज से सरकार मजबूत है, लेकिन मणिपुर की राजनीति में असली चुनौती बहुमत नहीं, सामाजिक भरोसा है. राज्य में आज भी करीब 50 हजार लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं. प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार अब तक केवल 25 से 30 प्रतिशत विस्थापित परिवार ही स्थायी रूप से अपने घर लौट पाए हैं. घाटी और पहाड़ी इलाकों के बीच आवाजाही पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है. कई इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती के बिना लोगों का आना-जाना संभव नहीं है. सबसे बड़ी चिंता अवैध हथियारों की है. अनुमान है कि हिंसा के दौरान हजारों हथियार लूटे गए या अवैध रूप से जमा किए गए, जिनमें से अब तक केवल एक हिस्सा ही वापस लिया जा सका है. यह स्थिति शांति बहाली के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा मानी जा रही है. नई सरकार के सामने प्राथमिक चुनौती पुनर्वास और सुरक्षा की होगी. हजारों परिवार जिनके घर जल गए, उनके लिए स्थायी आवास, मुआवजा और रोजगार की व्यवस्था करना आसान काम नहीं है. केंद्र सरकार ने पुनर्वास के लिए विशेष पैकेज देने की बात कही है, लेकिन जमीन पर इसका असर तभी दिखेगा, जब प्रशासन निष्पक्ष तरीके से काम करे. स्वास्थ्य और शिक्षा को भी दोबारा पटरी पर लाना होगा. आंकड़ों के मुताबिक हिंसा के कारण 100 से ज्यादा स्कूल और दर्जनों स्वास्थ्य केंद्र आंशिक या पूरी तरह बंद हो गए थे. इन्हें दोबारा चालू करना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी.

बीजेपी की रणनीति यह भी मानी जा रही है कि मुख्यमंत्री मैतेई समुदाय से होंगे, जबकि उपमुख्यमंत्री पद पर कुकी और नागा समुदाय से प्रतिनिधित्व देकर संतुलन बनाया जाएगा. यह फार्मूला सियासी तौर पर जरूरी है, क्योंकि 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं और पार्टी का लक्ष्य लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटना है. लेकिन चुनावी गणित से पहले सामाजिक गणित को दुरुस्त करना ज्यादा जरूरी है. संवाद की प्रक्रिया शुरू करना, रास्ते खोलना, राहत शिविरों को धीरे-धीरे खाली कराना और प्रशासन पर भरोसा लौटाना सरकार की प्राथमिकता होगी.

खेमचंद सिंह की पृष्ठभूमि उन्हें बाकी नेताओं से अलग बनाती है. वे पेशे से ताइक्वांडो खिलाड़ी और शिक्षक रहे हैं. 1977 में उन्होंने इस खेल की शुरुआत की और करीब 20 साल तक सक्रिय खिलाड़ी रहे. दक्षिण कोरिया में प्रशिक्षण लेकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और भारतीय ताइक्वांडो टीम के कप्तान भी बने. बाद में वे खेल प्रशासक बने और ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया में उपाध्यक्ष रहे. असम ताइक्वांडो एसोसिएशन की स्थापना से लेकर मणिपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष तक का सफर उन्हें अनुशासन और संगठन की अहमियत सिखाता है. उनके समर्थक मानते हैं कि खेल से आई यही सोच उन्हें राजनीति में भी संतुलित बनाती है.खेमचंद सिंह को स्वच्छ छवि वाला नेता माना जाता है. विधानसभा अध्यक्ष और मंत्री रहते हुए उन पर किसी बड़े भ्रष्टाचार या गंभीर विवाद का आरोप नहीं लगा. हिंसा के दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से शांति की अपील की और कहा कि यह संघर्ष बच्चों के भविष्य को बर्बाद नहीं करना चाहिए. यही बातें बीजेपी नेतृत्व को यह भरोसा दिलाती हैं कि वे सख्ती और संवेदना के बीच संतुलन बना सकते हैं. मणिपुर की राजनीति में यह संतुलन सबसे कठिन काम है, क्योंकि यहां मुद्दे केवल विकास या रोजगार तक सीमित नहीं, बल्कि पहचान, जमीन और अस्तित्व से जुड़े हैं. राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य में अपेक्षाकृत शांति जरूर लौटी, लेकिन यह शांति प्रशासनिक नियंत्रण से बनी है, सामाजिक मेल-मिलाप से नहीं. नई सरकार के सामने असली चुनौती यही है कि वह लोगों के बीच भरोसा बहाल करे. अगर राहत शिविरों में रह रहे हजारों परिवार अपने घर लौटते हैं, बाजार फिर से खुलते हैं और बच्चे बिना डर के स्कूल जाते हैं, तभी यह माना जाएगा कि सरकार सफल हो रही है. मणिपुर की जनता अब भाषण नहीं, जमीन पर बदलाव देखना चाहती है.

## अध्यात्म

### अपने रूप, रंग या गुण पर घमंड ना करें



एक समय की बात है एक बार दांत और जीभ में भयंकर युध्द छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ माँस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दाँत को देख रहे हो कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही। दाँत ने फिर जीभ से कहाः अरे, तुम चुप क्यों हो! हमसे डर रही हो क्या? हम हैं ही इतने सुंदर तुम हमसे जलोगी ही ना और हम हैं इतने मजबुत कि डर तो तुम्हें आयेगी ही... जीभ, दांत की बातों को अनसुना करते हुये चुप रही।

दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था जीभ वहीं ज्यों की त्यों बनी रही। अब कुछ बचे हुए दाँत जब गिरने को हूये, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुँह में आप सब दाँत मुझसे बहूत बाद में आये हैं। मै तो जन्म के साथ ही पैदा हूई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो लेकिन छोटे होने के बावजुद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है। मित्रो आप सब भी कोमल बनिये। कोमल से तात्पर्य है आपका व्यवहार रूखा न हो। आपके कार्य दुसरों को सुख ही प्रदान करें। जो इंसान जीभ के समान कोमल होता है, जिसकी वाणी मीठी होती है और जिसका व्यवहार कोमल तथा मिलनसार होता है उसे सभी पसंद करते हैं और उसे कभी भी कोई छोड़ना नहीं चाहता। अपने रूप रंग या किसी भी गुण के दम पर कभी भी घमंड ना करें। किसी का भी अनादर न करें चाहे कोई आपसे उम्र में छोटा हो या फिर बड़ा।

# मुक्त व्यापार समझौता यानी संतुलित लाभ की खोज

**भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिया है। यह समझौता लगभग 2 अरब लोगों और वैश्विक जीडीपी के लगभग 25 प्रतिशत हिस्से को प्रभावित करता है। भारत यूरोप से आयातित वाहनों, मशीनरी, रसायनों, औषधियों, कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क घटाएगा, जबकि ईयू भारतीय वस्त्र, परिधान, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, जवाहरात से श्रम-प्रधान क्षेत्रों को शुल्क-मुक्त पहुँच प्रदान करेगा। भारत में इस समझौते को केवल व्यापारिक उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि व्यापक रणनीतिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी व्यापार अनिश्चितताओं के बीच ईयू समझौता भारत की अमेरिका-केंद्रित निर्भरता से हटकर रणनीतिक स्वायत्तता और बहुध्रुवीय भूमिका का दावा करता है—इसे अमेरिका के लिए सूक्ष्म राजनीतिक संकेत के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।**

**अरूण कुमार डनायक**

भारत ने हाल ही में ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ एफटीए पर सहमति जताई है, जिसे अमेरिका-केंद्रित व्यापार निर्भरता से बाहर निकलने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इस रणनीतिक आख्यान का आकलन कृषि और ऑटोमोबाइल जैसे संवेदनशील घरेलू क्षेत्रों पर समझौते के प्रभावों से करने की आवश्यकता है। क्या बाजार खोलने के प्रस्ताव भारत की संरचनात्मक कमजोरियां उजागर करते हैं? क्या यह वास्तविक स्वायत्तता मजबूत करता है या सिर्फ बाहरी दबावों की मजबूरी है?

यह एफटीए किसानों के लिए अवसर तो लाता है, पर कृषि क्षेत्र में तनाव और असंतोष की संभावना भी बढ़ाता है। चाय, कॉफी, मसाले, फल-सब्जियां और प्रसंस्कृत खाद्यों को ईयू बाजार में तरजीही पहुंच मिलने से निर्यात बढ़ सकता है। महिलाओं के लिए ग्रामीण रोजगार से किसानों की आय स्थिर होगी। क्योंकि ईयू की तकनीकी सहायता से पैकेजिंग और खाद्य प्रसंस्करण में सुधार हो सकेगा। परंतु अधोसंरचना की कमजोरियाँ और कठोर पर्यावरणीय मानक चुनौती हैं। ये छोटे किसानों के लिए लागत व प्रमाणन का बोझ बन जाते हैं। जिससे निर्यात के संभावित लाभ बड़े निर्यातकों तक सिमटने का जोखिम पैदा होगा।

यह समझौता कृषि को सामूहिक आजीविका के सामाजिक ढाँचे से अलग कर पूंजीवादी कॉरपोरेट समूहों के पक्ष में झुकाता है। गांधी की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के संदर्भ में यह कृषि को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अधीन करता है, जहाँ जोखिम किसान उठाता है और लाभ बाज़ारों को मिलता है। इसलिए वैश्विक एकीकरण के साथ-साथ सरकार को एफपीओ सशक्तिकरण, क्षमता निर्माण और घरेलू विपणन सुधारों पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा। भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग पर इस समझौते का प्रभाव तात्कालिक रूप से शेयर बाज़ार में नकारात्मक रहा है। यूरोपीय उन्नत वाहनों पर आयात शुल्क में प्रस्तावित कटौती ने घरेलू निर्माताओं की दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को लेकर आशंकाएँ बढ़ा दी हैं। यद्यपि भारतीय ऑटो उद्योग का बड़ा हिस्सा आम जन के बाज़ार और स्थानीय विनिर्माण पर आधारित है, फिर भी तकनीक, पूँजी और अनुसंधान में मौजूद असमानता को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में यह समझौता उद्योग को सुदृढ़ करने के बजाय उसे संरचनात्मक दबाव और संभावित क्षरण की ओर ले जाता है। वस्त्रोद्योग को ईयू बाजार पहुंच और नए रोजगार अवसर मिलेंगे, लेकिन पर्यावरणीय, श्रम व आपूर्ति-श्रृंखला मानकों की बाध्यताओं से लाभ ज्यादातर बड़े निर्यातकों तक सिमट सकता है। दूसरी ओर, मशीनरी और उच्च तकनीक उपकरणों में यह समझौता भारत को आयात-आधारित उपभोक्ता की भूमिका में स्थिर करता है, जिससे स्वदेशी उद्योग, लघु विनिर्माण इकाइयों और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा बाधित होती है।

इस समझौते की एक प्रमुख सीमा भारत के



स्टील निर्यात से जुड़ी है। जहाँ भारत वर्तमान में ईयू को लगभग 30 लाख टन स्टील निर्यात करता है, वहीं शुल्क-मुक्त कोटा केवल 16 लाख टन तक सीमित रखा गया है। साथ ही, ऊर्जा-गहन उत्पादों पर यूरोपीय संघ के कार्बन कर से भारत को कोई छूट नहीं मिली है, जिससे शेष निर्यात पर अतिरिक्त लागत का दबाव बना रहेगा। यह समझौता ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका ने भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाए हैं और वैश्विक व्यापार व्यवस्था गहरी अनिश्चितता से घिरी हुई है। यद्यपि इसे अमेरिका पर रणनीतिक दबाव बनाने के साधन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, किंतु भारत पहले ही व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और वित्तीय प्रणालियों के स्तर पर अमेरिका से गहराई से जुड़ा हुआ है, जिससे उसकी वास्तविक सौदेबाज़ी क्षमता सीमित हो जाती है। वस्तुतः आज भी भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है, जिसमें आर्थिक आकार और सैन्य क्षमता के बावजूद तकनीकी-शोध निपुणता, कुशल कार्यबल युक्त मानव संसाधन, वैश्विक नवाचार नेतृत्व और निर्णायक कूटनीतिक प्रभाव की सीमाएँ बनी हुई हैं। अनेक कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद भारत अब तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने में असफल रहा है। उसकी सबसे बड़ी नैतिक पूँजी—औपनिवेशिक शासन से मुक्त हुए देशों का समर्थन—अब लगभग इतिहास बन चुकी है। इसी कारण वह आज भी वैश्विक शक्ति-संतुलन में स्वतंत्र धुरी बनने की बजाय अमेरिका जैसे प्रभावशाली केंद्रों पर आंशिक रूप से निर्भर रहने को विवश है। मौजूदा गतिरोध दूर करने की दिशा में विदेश मंत्री जयशंकर का प्रस्तावित अमेरिकी दौरा कुछ सकारात्मक परिणाम दे सकता है। कुछ विश्लेषक एफटीए को विवशता का दस्तावेज़ मानते हैं, जो कृषि जोखिम और आयात निर्भरता उजागर करता है। अन्य इसे रणनीतिक सफलता कहते हैं, जो व्यापार विविधीकरण, रोजगार सृजन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर से स्वायत्तता मजबूत करती है। हर समझौता अवसर-चुनौतियां लाता है, जिसके लिए सरकार और उद्योग को सुधारों व जोखिम उठाने की जरूरत है। आज कृषि सुधार और औद्योगिक आत्मनिर्भरता को समान रूप से प्राथमिकता देना आवश्यक है।

यद्यपि अमेरिका ने भारत- ईयू समझौते पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है, तथापि वह टैरिफ बढ़ाने जैसे उकसावे वाले कदम शायद ही उठाएगा। भारत के पास अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने और द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने के अतिरिक्त कोई व्यावहारिक विकल्प नहीं है। पारंपरिक साझेदार रूस आज यूक्रेन युद्ध और आर्थिक प्रतिबंधों में उलझा है, जबकि चीन—एक उभरती वैश्विक शक्ति होने के बावजूद—भारत के लिए रणनीतिक रूप से अविश्वसनीय पड़ोसी बना हुआ है। यूरोप और मध्य-पूर्व अपने संरचनात्मक संकटों के कारण भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों, विशेषकर भारत के पक्ष में झुके व्यापार अधिशेष, का प्रभावी विकल्प नहीं बन सकते। ऐसे में भारत को वैकल्पिक साझेदारियों के प्रतीकात्मक संकेतों के बजाय अमेरिका के साथ शीर्ष राजनीतिक और कूटनीतिक नेतृत्व स्तर पर प्रत्यक्ष और यथार्थवादी व्यापार वार्ताओं से मौजूदा गतिरोध शीघ्र दूर करना चाहिए, क्योंकि रणनीतिक स्वायत्तता समझौतों की संख्या नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक और कूटनीतिक क्षमता से बनती है। जिसके लिए घरेलू सुधार, तकनीकी निवेश, संस्थागत विश्वसनीयता और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस अनिवार्य शर्तें हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए व्यापार और धन में वृद्धि का संकेत लेकर आया है। यदि आप अपनी आमदनी और खर्चों के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे।

**वृषभ**
आज का दिन आर्थिक उन्नति और नए अवसरों से भरा रहेगा। आमदनी बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद अनुकूल है।

**मिथुन**
सरकारी कामों में थोड़ी देरी हो सकती है, लेकिन धैर्य रखें। यदि आप संपत्ति की खरीद-बिक्री की योजना बना रहे थे, तो आज वह सौदा पक्का हो सकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपको सेहत को प्राथमिकता देने का संदेश दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन नकारात्मक सोच से दूर रहें।

**सिंह**
आप प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़े हैं, तो आज कोई बड़ी डील आपकी आमदनी को बढ़ा सकती है। आपके भीतर कुछ नया करने की ऊर्जा बनी रहेगी।

**कन्या**
व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन थोड़ा संघर्षपूर्ण रह सकता है। किसी सहयोगी की बात आपको चुभ सकती है, लेकिन संयम रखें।

**तुला**
आज का दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। किसी काम में निराशा हाथ लगने से मन उदास रहेगा। बिना सोचे-समझ निवेश करने से नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक**
मन प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। पुरानी किसी गलती से सीख लेना आज आपके लिए बहुत जरूरी है। सेहत के प्रति सजग रहें।

**धनु**
आज मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रह सकता है। संतान पक्ष से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। कामों में जल्दबाजी करने से गड़बड़ी हो सकती है, इसलिए धैर्य रखें।

**मकर**
आज का दिन सुख-सुविधाओं में वृद्धि करने वाला है। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है। यात्रा भी संभव है। कानूनी मामलों से थोड़ी चिंता हो सकती है।

**कुंभ**
मानसिक दबाव में रह सकते हैं और आत्मविश्वास भी कमजोर महसूस होगा। यदि किसी काम को लेकर मन में संशय है, तो उसमें आगे बढ़ने से रुकना ही बेहतर रहेगा।

**मीन**
छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचें। परिवार में यदि मतभेद हो, तो आप शांतिपूर्वक माहौल संभालने की कोशिश करें। व्यवसाय में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आर.पी.एस. रेसिडेंसियल स्कूल में विदाई समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 6 फरवरी 2026 को स्थानीय आर.पी.एस. रेसिडेंसियल स्कूल के सभागार में 12वीं कक्षा के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के छात्रों के विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सबके चेहरे पर विदाई का गम और भविष्य के सुनहरे सपने चमक रहे थे । इस अवसर पर प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह एवं उपप्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा के साथ सभी वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ व्यक्त कीं। प्राचार्य श्री सिंह के साथ सभी विभागाध्यक्ष ने प्रतीक चिह्न (मोमेंटो) एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए।



### धनरूआ में युवती को जबरन उठा ले जाने का आरोप, पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार सुबह करीब 11 बजे 22 वर्षीय युवती को जबरन उठा ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक चार-पांच अन्य लोगों के साथ युवती के घर पहुंचा और उसे अपने साथ ले गया। इस दौरान जब युवती की मां ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी।इस मामले में अगवा की गई युवती की मां ने धनरूआ थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र समीर कुमार, उसके पिता राजकुमार सिंह, राहुल कुमार समेत दो अन्य को आरोपी बनाया गया है।पीड़िता की मां का कहना है कि वह अनुसूचित जाति की महिला है, जबकि आरोपी उच्च जाति के हैं और जबरन उसकी बेटी को घर से उठा ले गए। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। थाना पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवती की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है और सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।

### भाजपा की संयुक्त संगठनात्मक बैठक संपन्न

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी पटना जिला ग्रामीण के अंतर्गत पालीगंज एवं मसौढ़ी विधानसभा की संयुक्त संगठनात्मक बैठक पारसनाथ कुशवाहा कॉलेज में जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने कार्यकताओं से आगामी 9 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना आगमन पर बापू सभागार, पटना में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। तैयारी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री एवं क्षेत्रीय सह प्रभारी धनराज शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही जिला प्रभारी संजीव यादव, जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी कुमुद रंजन, ब्रजेश, नीरज, लंकेश, आशा किरण, विधानसभा संयोजक नारायण कुमार तथा सभी मंडल अध्यक्ष लवकुश कुमार,उतम कुमार, मंडल प्रभारी, मंडल मोर्चा के अध्यक्ष और मंडल महामंत्री विशेष रूप से मौजूद रहे।



### डाक बंगला के जमीन विवाद पर आया नया मोड़, प्रभारी अंचलाधिकारी ने दिया अनापत्ति पत्र

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के डाक बंगला परिसर की जमीन को लेकर चल रहे दो विभागों के विवाद के बिच शुक्रवार को एक नया मोड़ आ गया है, जहां अंचल के प्रभार में बीडीओ प्रभाकर के द्वारा अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद पटना को जिला परिषद अंतर्गत मसौढ़ी निरीक्षण भवन की भूमि खेसरा संख्या 885, 886, 887, 888, 889 रखवा 2.85 एकड़ एवं थाना नंबर 425 मौजा मसौढी के निरीक्षण भवन के स्वामित्व पर जिला परिषद की भूमि को बताया गया है। इसके साथ ही उन्होंने पत्र में लिखा है कि जिला परिषद इस पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य के लिए स्वतंत्र हैं।यह पत्र बीते 5 फरवरी की तिथि को जारी की गई, पत्र निर्गत के एक बार फिर से घमासान मच गया है। नगर परिषद के स्थाई सशक्त कमेटी सह वार्ड पार्षद शंभू सिंह ने इस पत्र पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि डीडीसी के द्वारा दोनों पक्षों की सुनवाई के लिए बुलाया गया था सुनवाई अभी पूरी हुई नहीं है कि यह पत्र कैसे निर्गत हो गया वह भी बिना किसी कर्मचारी के जांच के द्वारा यह निर्गत की गई है, इसके अलावा इस पत्र में थाना नंबर भी गलत अंकित की गई है एवं इस पर कई प्लॉट की भी चर्चा की गई है।

### दो गुटों में गोलीबारी, दो व्यक्तियों की लगी गोली

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के तारेगना डीह मोहल्ले में शुक्रवार की शाम को उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया, जब दो गुटों में आपसी गोलीबारी होने लगी,जिसमें दो व्यक्ति की गोली लगी है। एक व्यक्ति की हाथ में गोली लगी और दूसरे व्यक्ति की पैर में गोली लगी है, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्तियों में तारेगना डीह निवासी बाबर खान उर्फ गुड्डू मियां (50 वर्ष) पिता स्व फैयाजीकीम वही दूसरे पक्ष के भगवानगंज थाना अंतर्गत के रहने वाले नदौना गांव के राहुल पासवान (26) वैजनाथ पासवान जो अपने ननिहाल तारेगना डीह आया हुआ था, घटना पुरानी विवाद को लेकर हुई हैं, घटना के कर्म का खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

### नहाने के दौरान डूब कर मरे युवक का शव बरामद

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 4 दिन पूर्व मनेर के हल्दी छपरा संगम घाट पर नहाने के दौरान डूब के मरे युवक अमरजीत कुमार का शव पुलिस ने गोरेया स्थान गंगा घाट से बरामद किया है। पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। युवक के शव मिलते ही परिवार वालों के बीच कोहराम मच गई। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि हल्दी छपरा गंगा घाट पर नहाने के दौरान अमरजीत की डूबने से मौत हो गई थी। जिसका शव का पता नहीं चल पा रहा था। शुक्रवार की शाम को गोरेया स्थान के पास से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस से मृतक के शव को बरामद का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 65 लीटर विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार की रात को सूचना पर पुलिस ने हल्दी छपरा श्मशान घाट के पास छापेमारी करते हुए देसी और विदेशी 65 लीटर शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिसे गिरफ्तारी के बाद पुलिस उचित कार्रवाई के लिए जुटी हुई है। बताया जाता है की सूचना पर हल्दी छपरा संगम घाट के समीप श्मशान घाट स्थित पुलिस ने छापेमारी की। मनेर थाना के एसआई अनुज गुप्ता छापेमारी के दौरान 65 लीटर देसी और विदेशी शराब को बरामद किया है।

# नाले की पानी निकासी और अपने जीर्णोद्धार का बाट जोह रही है कटनी पाईन

## जल जमाव की बनी है स्थिति, मोरहर नदी मे मिलाने की है मांग



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर के लिए जल निकासी एक सबसे बड़ी चुनौती है, इसको लेकर न जाने कितनी बार मैराथन बैठक हुई, बावजूद आज तक इसका नतीजा नहीं निकल पाया है। बहरहाल हम बात कर रहे है मसौढ़ी का कटनी पाईन की, जो वार्ड नंबर 26 के सरवां गांव के पास वह रूकी हुई है।और नाले का पानी निकासी और अपने जीर्णोद्धार का बाट जोह रही हैं। यह कटनी पाईन अपने गोद में नाले का पानी लेकर कई वर्षों से यह अपने जीर्णोद्धार का इंतजार कर रही है। दरअसल कटनी पाईन के बारे में सरवां गांव के स्थानीय निवासी विमलेश्वर सिंह ने बताया कि वर्ष 2006 से पहले से ही यह पाईन जो पुनपुन नदी से मोरहर नदी में मिलती थी और वह भदौरा होते हुए सोनकुकरा से दहीभता होते हुए यह पाईन सरवां तक आती थी,लेकिन आज के हालात में कई जगहों पर इसका जल जमाव की स्थिति बन गई है, और कई जगह पर इस बांध दिया गया है। नतीजन कई जगहो पर जल जमाव की स्थिति बन गई है और वहीं पर वह नाले का पानी सडकर दुर्गंध दे रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से इसे मोरहर नदी में मिलाने की मांग कर रहे हैं। जल निकासी नहीं होने से जल जमाव की स्थिति बन गई है नतीजन पानी वहीं पर सड कर दुर्गंध देता है जिसे महामारी फैलने का आसार है। इसके अलावा वीर कुंवर सिंह कॉलोनी के पास भी जल जमाव की स्थिति बन गई है जिससे पूरे मोहल्ले में चापाकल में झाग और पानी निकलने लगता है। लोगों को कई तरह की बीमारियों काफी खतरे से भयभीत है,बहरहाल वीर कुंवर सिंह कॉलोनी और सरवां के पास जल जमाव की जल निकासी के लिए कई बार नगर परिषद की बोर्ड की बैठक में एवं सिंचाई विभाग के मंत्री से भी मांग की गई है।सरवां गांव के विमलेश्वर सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, विनोद सिंह, मिथिलेश सिंह, जीत नारायण सिंह, कृष्ण मिस्त्री, बबलू सिंह, रामानुज सिं,ह रमाकांत सिंह आदि ने पाईन का जीर्णोद्धार करते हुए इसे मोरहर नदी में मिलाने की मांग की है और बताया है कि इससे पूरे शहर के नाले का पानी का निकासी हो सकेगा।

# मसौढी में युवक का शव मिलने से सनसनी परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

## मृतक की मौत हादसे में गिरने से हुई है या हत्या बनी चर्चा का बिषय

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के न्यूमणीचक से तारेगना डीह जाने वाले रास्ते के बीच शुक्रवार की अल्हे सुबह एक अर्धनिर्मित चारदीवारी के अंदर एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मौके पर मसौढी पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है मृतक की पहचान जितेंद्र कुमार (30 वर्ष) पिता सुखदेव यादव मणीचक के रूप में हुई, खबर मिलते ही इस घटना के बाद परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है,थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि युवक का शव एक खाली पड़े जमीन के चारदीवारी के अंदर थी। देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि चाहरदीवारी फांदने के दौरान वह गिर गया होगा और उसी दौरान उसकी मौत हो गई होगी। सूचना मिलते ही मृतक के घर और







ससुराल वाले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान मृतक के परिजनों के दो पक्ष आपस में भीड़ गए। दोनों एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। पुलिस ने किसी तरह उन्हें शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। वही इस पूरे मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया की बिते रात को एक युवक भटक कर चार दिवारी फांदकर जा रहा था, वह दीवार पर एक किल फंसा हुआ मिला है, प्रतीत हो रहा है इससे गिरने पर हादसा हुआ है।इस घटना के बाद आसपास के मोहल्ले वासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है ई यह महज एक हादसा है या फिर हत्या है?

# बिहार के सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की ऐतिहासिक घोषणा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार सिंह की पहल पर बिहार के सभी पुलिसकर्मियों के साथ-साथ राज्य के अन्य सभी सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस संबंध में श्री मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा पूर्व में माननीय उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री से मुलाकात कर कर्मचारियों को चिकित्सा उपचार के दौरान होने वाली कठिनाइयों से उन्हें लिखित आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया था तथा राज्य में कैशलेस इलाज की सुविधा लागू करने की मांग की गई थी। माननीय उपमुख्यमंत्री द्वारा इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप आज सदन में इस विषय पर महत्वपूर्ण घोषणा की गई। घोषणा के अनुसार, अब बिहार में सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ



विधायक एवं विधान पार्षदों को भी कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। यह निर्णय राज्य के लाखों कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा। इस जनहितकारी और अत्यंत आवश्यक निर्णय के लिए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री तथा माननीय उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री के प्रति बिहार पुलिस एसोसिएशन ने हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

# ट्रेन रद्द व रूट परिवर्तन से स्टेशन पर बिगड़े हालात, यात्रियों की उमड़ रही भीड़

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर गया रेलवे स्टेशन में चल रहे मेगा ब्लॉक का असर अब पूरी तरह तारेगना रेलवे स्टेशन पर दिखाई देने लगा है। ट्रेनों के रद्द होने और कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए जाने से स्टेशन परिसर में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज और प्रवेश द्वारों पर दिनभर अफरातफरी की स्थिति बनी रहती है। सीमित ट्रेनों के परिचालन के कारण यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्टेशन की व्यवस्थाएं चरमराती नजर आ रही हैं। सुबह और शाम के व्यस्त समय में जैसे ही किसी ट्रेन के आगमन की घोषणा होती है, यात्रियों में चढ़ने के लिए होड़ मच जाती है। अत्यधिक भीड़ के कारण कई यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सीट मिलने की अनिश्चितता के कारण अनेक यात्री घंटों पहले स्टेशन पहुंचने को मजबूर हैं।यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों की संख्या कम होने से हर ट्रेन में सामान्य से कई गुना अधिक यात्री सफर कर रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना-गया रेलखंड पर ट्रेनों का रद्द एवं परिवर्तित परिचालन 21 मार्च तक जारी रहेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में यात्रियों की परेशानी और बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से अतिरिक्त ट्रेनों के परिचालन अथवा विशेष व्यवस्था करने की मांग की है।



## प्लास्टिक का उपयोग मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी : प्रेम कुमार

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां, फतुहा व खुशरूपुर प्रखंड से गहरे जुड़े प्रेम युथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेमजी ने श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र पटना की सभागार में प्लास्टिक मुक्त भारत को लेकर इंटर्न कर रही 140 छात्राओं को प्लास्टिक से हो रहे दुष्प्रभाव के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी है। माइक्रो प्लास्टिक हवा में घुल गया है माँ के दूध तक पहुंच गया है। प्लास्टिक के उपयोग तुरंत बंद करने की जरूरत है। प्लास्टिक हमारे जीवन मे रच बस गया है । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि घर से कपड़ा के झोला लेकर निकलने की आदत डालें। वहीं महावीर कैंसर संस्थान के वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार ने प्लास्टिक से हो रहे खतरों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक समुंदर में जीवों को प्रभावित कर रहा है प्लास्टिक कचरे से भारत मे बड़े पैमाने पर पशुओं की मृत्यु हो रही है।

# इंटर की चल रही परीक्षा के दौरान ड्यूटी से गायब रहने वाले पांच स्टैटिक दंडाधिकारियों से एसडीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कदाचार मुक्त दावों के साथ कड़ी सुरक्षा के साथ चल रही मसौढ़ी अनुमंडल के सात परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संचालित हो रही है। इस दौरान कई परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारियों की गायब रहने की सूचना मिल रही थी, जिसको लेकर एसडीएम अभिषेक कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर इसकी जांच करवाई जहां पर कुल पांच स्टैटिक दंडाधिकारी ड्यूटी से गायब दिखें ,इन सभी गायब रहने वाले स्टैटिक दंडाधिकारियों पर एसडीएम अभिषेक कुमार ने स्पष्टीकरण जारी किया है। गायब रहने वाले पदाधिकारी में रंजन कुमार, कनीय अभियन्ता मनरेगा, धनरूआ, जो हाई स्कूल धनरूआ में स्टैटिक दंडाधिकारी के रूप में मृत नियुक्त थे वहीं शशिकान्त आजाद, तकनीकि सहायक, धनरूआ, हाई स्कूल साई परीक्षा केंद्र, विक्की कुमार, पंचायत रोजगार सेवक, उच्च माध्यमिक विद्यालय बरनी परीक्षा केंद्र,एवं हंस राज, पंचायत रोजगार सेवक,योगेन्द्र सिंह, प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी, प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र आदी थे। इन सबों पर बिहार इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा (सैद्धान्तिक) परीक्षा-2026 के परीक्षा ड्यूटी में अनुपस्थित रहने के संबंध में स्पष्टीकरण किया गया है।दरअसल जोनल सह उड़नदस्ता दण्डाधिकारी के द्वारा संबंधित परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षण किया गया, जिसमे सभी अनुपस्थित पाये गये, जहां एसडीएम ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण ड्यूटी से अनुपस्थित होना लापरवाही, मनमानी, स्वेच्छाचारिता को साफ दशार्ता है। पत्र प्राप्ति के साथ ही अद्योहस्ताक्षरी को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं उक्त कृत्य के लिए अनुशासनिक कार्रवाई हेतु आप सभी पर कारवाई की जाय।



# मसौढी में पांच दिवसीय वार्ड सभा संपन्न, अंतिम दिन आठ वार्डों में हुई वार्ड सभा, दिखी जन भागीदारी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परीषद मसौढी के सभी वार्डों में स्थानीय समस्याओं के समाधान, विकास की योजना और जनसुनवाई के लिए 'वार्ड सभा' का चल रहा आयोजन शुक्रवार को संपन्न हो गया, बीते 2 फरवरी से यह वार्ड सभा का आयोजन की शुरूआत की गई थी और अंतिम दिन 8 वार्डों में वार्ड सभा का आयोजन किया गया, अंतिम दिन वार्ड संख्या 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34 में वार्ड सभा का आयोजन किया गया, जहां काफी संख्या में सभी वार्ड की जनता शामिल हुए और अपनी अपनी समस्या, विचार और योजना की चर्चा की,जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों की भागीदारी के साथ विकास कार्यों की योजना बनाना, समस्याओं की पहचान करना और वार्ड पार्षदों की देखरेख में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करना है।कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया की वित्तीय वर्ष 2026 -27 के लिए बजट निर्माण किया जाना है। जिसको लिए सभी वार्डों के आम जनता से संवाद किया जा रहा है, जिसके मुख्य रूप से कई एजेंडे बनाये गये थे, जिसमें स्वच्छता, राजस्व संवर्धन, जल जमाव का निराकरण, सड़को एवं नालों की आवश्यकता, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था में सुधार, वार्ड के सार्वजनिक स्थलों का सौंदरीकरण, वार्ड में नागरिक सुविधाओं का प्रस्ताव आदि थे।

# डीएम के आदेश पर मसौढी पंचायत सचिव पर एक करोड़ 56 लाख सरकारी राशि गबन करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के पंचायत सचिव रमाकांत गिरी पिता स्व भागवत गिरी पर एक करोड़ 56 लाख की सरकारी राशि गबन करने के मामले में जिलाधिकारी के जांचोपरांत मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार ने मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दरअसल यह मामला 2020-21 की है जब पंचायत सचिव रामाकांत गिरी मोकामा प्रखंड में कार्यरत थे, जहां 15 पंचायत के प्रभार में थे, उस वक्त 15 वित्त की योजना के अंतर्गत नल जल, नली गली, पंचायत भवन, स्वच्छता समेत कई योजनाओं के कार्यों की ऑडिट नहीं करवाए थे और ना ही कोई इसका लेखा-जोखा जमा हो पाया था, जिस कारण सभी योजनाओं में निर्गत सरकारी राशि किस मद में खर्च हुई है, कहां कितना क्या कुछ किया गया है उसका कोई रिपोर्ट जमा नहीं किया गया था ।जिलाधिकारी के जांच के बाद अनुशासनहीनता और तकरीबन 1 करोड़ 56 लाख की सरकारी राशि के गबन मामला की पूर्ण जांच के बाद मसौढ़ी थाने में बीडीओ को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया, उस आलोक में बीडीओ प्रभाकर कुमार ने थाने में उक्त आरोपी पंचायत सचिव पर सरकारी राशि गबन करने का प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

# कृषि अनुसंधान परिसर में समेकित कृषि प्रणाली विषय पर पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण-सह-प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का समापन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में पूर्वोत्तर क्षेत्र विशेष के लिए 'समेकित कृषि प्रणाली' विषय पर आयोजित पाँच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण-सह-प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम (02-06 फरवरी, 2026) का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में सिक्किम राज्य से आए कुल 27 कृषकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों के ज्ञान एवं कौशल को सुदृढ़ करते हुए टिकाऊ, संसाधन-दक्ष तथा विविधीकृत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों को संबोधित करते संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने उत्पादन हानि को कम करने के लिए आवश्यकता के अनुरूप संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ताके माध्यम से स्मार्ट खेती पद्धतियों को अपनाना कृषि को अधिक दक्ष, सुदृढ़ तथा भविष्य-उन्मुख बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि-उद्यमिता, मूल्य संवर्धन तथा बाजार से जुड़ाव के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। इससे पूर्व, डॉ. संजीव कुमार, पाठ्यक्रम निदेशक एवं प्रमुख, फसल अनुसंधान प्रभाग ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समग्र प्रतिवेदन एवं मूल्यांकन प्रस्तुत किया तथा प्रतिभागियों को उपलब्ध कराए गए प्रमुख अधिगम निष्कर्षों एवं प्रक्षेत्र-आधारित अनुभवों पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को धरातल पर उतारने के लिए किसानों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण की व्यावहारिक उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर संतोष व्यक्त किया।




# कल से आयोजित होगी खादी और ग्रामोद्योग की 10 दिवसीय प्रदर्शनी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 07 फरवरी को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा पटना के गांधी मैदान में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त राज्य स्तरीय विपणन एवं पीएमईजीपी प्रदर्शनी का केन्द्रीय मंत्री एमएसएमई जीतन राम मांझी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद रविषंकर प्रसाद जी, स्थानीय जन-प्रतिनिधिगण, ग्रामीण विकास से संबद्ध विभागों एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों के ग्रामोद्योगी गतिविधियों जुडे कामगारों सहित सेवा प्रदान करने वाले 786 लाभुकों को भौतिक एवं आभासी माध्यम से 1518 आधुनिक मशीनों/टूलकिटों का वितरण किया जाएगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी में देशभर के अनेक राज्यों के खादी संस्थाओं द्वारा उत्पादित




सूती, रेशमी, ऊनी तथा पॉली खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों के प्रदर्शन सह बिक्री किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने वाले उद्यमियों द्वारा तैयार अनूठे उत्पादों का भी प्रदर्शन सह बिक्री किया जाएगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी में खादी कारीगरों तथा ग्रामोद्योग लाभार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के खादी वस्त्रों के उत्पादन तथा ग्रामोद्योगी गतिविधियों का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से शाम 08:00 बजे तक खुला रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने के सतत प्रयासों को मूर्त रूप देने की दिशा में खादी और ग्रामोद्योग आयोग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 07.02.2025 को पटना के गांधी मैदान में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त राज्य स्तरीय विपणन एवं पीएमईजीपी प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री एमएसएमई, जीतन राम मांझी जी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विषिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद रविषंकर प्रसाद जी, स्थानीय जन-प्रतिनिधिगण, उद्योग से संबद्ध विभागों एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण, स्थानीय गणमान्य लोग तथा KVIC के लाभुक भाग लेंगे। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों के ग्रामोद्योगी गतिविधियों यथा मधुमक्खी पालन, कुम्भकारी, चर्मकारी, ताड़ गुड़ निर्माण, अगरबत्ती उद्योग, वेस्ट वुड एवं टर्न वुड क्राफ्ट से जुडे कामगारों सहित सेवा प्रदान करने वाले कारीगरों यथा इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल रिपेयरर, रेडीमेड वस्त्र निर्माता आदि क्षेत्र के 786 लाभुकों को भौतिक एवं आभासी माध्यम से 1518 आधुनिक मशीनों/टूलकिटों का वितरण किया जाएगा। महात्मा गांधी द्वारा लगातार देशवासियों से खादी एवं स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया जाता रहा है। इसी विचार से ओतप्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकल फॉर वोकल एवं खादी फॉर फैशन, खादी फॉर नेशन के नारे के साथ खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इस प्रदर्शनी में देशभर के अनेक राज्यों के खादी संस्थाओं द्वारा उत्पादित सूती, रेशमी, ऊनी तथा पॉली खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों के प्रदर्शन सह बिक्री किया जाएगा तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने वाले उद्यमियों द्वारा तैयार अनूठे उत्पादों का भी प्रदर्शन सह बिक्री किया जाएगा।

# बाल विवाह मुक्ति जागरूकता रथ को मुख्य पार्षद ने दिखाई हरी झंडी

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत नारायणी सेवा संस्थान के तत्वावधान में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर बाल विवाह मुक्ति जागरूकता रथ को नगर पंचायत एकमा बाजार के ब्लॉक रोड स्थित त्रिदेव मंदिर परिसर से मुख्य पार्षद श्वेता रानी व सामाजिक कार्यकर्ता व जागरूकता अभियान के कोऑर्डिनेटर विकास मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर भाजपा नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों की मौजूदगी में रवाना किया गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों व कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। इसमें माता-पिता के साथ-साथ विवाह में सहयोग करने वाले रिश्तेदारों व बारातियों पर भी कार्रवाई का प्रावधान है। कानून के तहत दोषी पाए जाने पर कारावास की सजा व एक आर्थिक जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कानून बनाना सरकार का काम है और इसका पालन करना और कराना हम सभी का है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता विकास मिश्रा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश कुमार सिंह, चितरंजन सिंह, विक्की सावन, विनोद सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रमोद सिंह, जितेंद्र तिवारी, ओमप्रकाश सिंह, मुनमुन बाबा, संजय सिंह, अभय मिश्रा, परवेज अख्तर, संजीत कुमार, संजय तिवारी, मनीष कुमार सिंह आदि अन्य स्थानीय लोगों ने बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। सामाजिक कार्यकर्ता विकास मिश्रा के द्वारा बताया गया कि यह जागरूकता रथ नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के अलावा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों के बीच बाल विवाह के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए इसके उन्मूलन के लिए प्रेरित करेगा।

बाल विवाह रोकथाम को लेकर चला जागरूकता अभियान



# पटना में आयोजित शैक्षिक सम्मान समारोह में सीपीएस छपरा सम्मानित



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के ताज सिटी सेंटर में आयोजित शैक्षिक सम्मान समारोह में सीपीएस, छपरा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान विद्यालय की 32 वर्षों की सतत शैक्षिक यात्रा, समग्र विकास की अवधारणा तथा किफायती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के प्रयासों के लिए दिया गया। यह सम्मान विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. विकाश कुमार सिंह एवं अंजू सिंह ने ग्रहण किया। इस समारोह का आयोजन देश की प्रसिद्ध शैक्षिक पत्रिका एल्डरॉक द्वारा किया गया था, जिसमें पटना के 200 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों की उपस्थिति रही। ऐसे मंच पर सीपीएस, छपरा को सम्मानित किया जाना सारण जिले के लिए गौरव का विषय रहा। विद्यालय द्वारा उत्कृष्ट अकादमिक व्यवस्था के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा जैसे रोबोटिक्स, एटीएल प्रयोगशाला, सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशालाएँ तथा विविध सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। विद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व निर्माण करना है। सीपीएस, छपरा बालिका शिक्षा के प्रति विशेष रूप से गंभीर और प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से विद्यालय प्रत्येक वर्ष 52 बालिकाओं को निःशुल्क नामांकन प्रदान करता है, ताकि समाज के वंचित वर्ग की बेटियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सके। यह पहल विद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी और समान अवसर की भावना को दर्शाती है।

# डीएसपी ने की क्राइम मीटिंग: थानेदारों को दिया जीरो टॉलरेंस पर काम करने का निर्देश

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना परिसर में डीएसपी संजय कुमार सुधांशु ने अधीनस्थ थानों के पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग की। मौके पर इंस्पेक्टर इंद्रजीत महंतों, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान, थानाध्यक्ष पानापुर, इसुआपुर और तरैया मौजूद रहें। इस बैठक में क्राइम कंट्रोल पर विशेष जोर दिया गया। डीएसपी ने सभी थाना अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र के चिन्हित अपराधियों की एक सूची तैयार रखें। उन्होंने अपराधियों के मूवमेंट की गुप्त जानकारी रखने का भी आदेश दिया। साथ ही सभी थानों के अंतर्गत आने वाले गांवों में जिन व्यक्तियों का अपराधिक इतिहास है, उनकी गांव-वार सूची गश्ती दल के पास उपलब्ध रहनी चाहिए। डीएसपी ने मौसम परिवर्तन पर विशेष चौकसी बरतने समेत अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। अपराध नियंत्रण, मुकदमों के अनुसंधान में तेजी लाने, वांछितों के खिलाफ कुर्की-वारंट निकाल उन्हें गिरफ्तार करने तथा वाहन चेकिंग अभियान में सुस्ती नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। वही छोटी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करने तथा पुलिस-पब्लिक मैत्री के मद्देनजर आमलोगों से बेहतर संबंध स्थापित करने की आवश्यकता बतायी गई। डीएसपी ने कहा कि पुलिस बल लगातार सघन गश्ती करेंगे। तथा शराब धंधेबाजों, उपद्रवी व असमाजिक तत्वों पर नकेल को लेकर पैनी नजर रहने का निर्देश थानेदारों को किया। सीमा क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए प्रशासन से सामंजस्य स्थापित कर सघन चेकिंग अभियान चलाएं और अवैध शस्त्र, मादक पदार्थ, करेंसी आदि की तस्करी रोकी जाए। साथ ही मनचले युवक व बाईकर्स ग्रुप को चिन्हित कर कारवाई का निर्देश दिया। बैठक में डीएसपी ने कहां कि बड़ी घटना होने पर आसपास के थाना क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया।किसी घटना के होने पर कुछ मिनटों में उस क्षेत्र को सील करने की क्षमता विकसित करने का निर्देश भी दिया गया।



# चिरैया सीएचसी होगा आधुनिक सुविधाओं से लैस, बनेगा विशिष्ट केंद्र : लालबाबू प्रसाद गुप्ता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस स्पेशियलिटी अस्पताल में तब्दील किया जाएगा। उक्त बातें बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता द्वारा विधानसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में कही। इस संबंध में विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि यह योजना 'मुख्यमंत्री सात निश्चय-3' का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करना है। जिसके तहत 2025 -2030 के बीच विशेषज्ञ डॉक्टरों, बेहतर जांच सुविधाओं (जैसे अल्ट्रासाउंड) और 24 घंटे ऑपरेशन थिएटर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि चिरैया और आसपास के क्षेत्रों की ग्रामीण जनता को अब छोटे-मोटे इलाज या ऑपरेशन के लिए जिला मुख्यालय या बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बता दें कि बिहार सरकार राज्य के सभी 534 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी 5 वर्षों के भीतर इसे विशिष्ट केंद्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जानकारी के अनुसार अत्याधुनिक सीएचसी की प्रमुख विशेषताओं में विशेषज्ञ डॉक्टर और स्टाफ की प्रतिनियुक्ति आदि शामिल है। जिसमें फिजीशियन, डेंटिस्ट, आयुष विशेषज्ञ, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और डाइटिशियन की तैनाती की जाएगी। वही हाई-टेक ओटी की व्यवस्था होगी। जिसमें मैटरनल/स्त्री रोग और जनरल इमरजेंसी के लिए उन्नत ऑपरेशन थिएटर से लैस होगी। इसके तहत प्रसव कक्ष, आईसीयू के लिए मल्टी पैरामीटर मॉनिटर, वार्मर, और आधुनिक लैब जांच की बेहतर सुविधाएं होगी। अस्पताल का डिजिटल लिंकेज होगा। जिसके माध्यम से पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी को जिला मुख्यालय से जोड़कर, पटना के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से निगरानी की जाएगी।

# फार्मर आईडी बनाने में चौथे स्थान पर पहुंचा जिला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फार्मर आईडी बनाने में पश्चिम चंपारण जिला चौथे स्थान पर पहुंच गया है। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह के कड़ा रूख अपनाने पर यह उपलब्धि हासिल हुई है। शुक्रवार को य दिन के चार बजे तक 7500 किसानों को फार्मर आईडी जेनरेट किया गया है। जबकि शिविरों में फार्मर आईडी बनाने का काम संध्या छह बजे तक चलता है। वैसे तो फार्मर आईडी बनाने के लिए शिविर का आज अंतिम दिन रहा, लेकिन यह काम किसानों की सुविधा के लिए अभी जारी रहेगा। सभी किसानों को जिनके के नाम से जमीन की जमाबंदी है, उन्हे इसका लाभ लेना चाहिए। जिलाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि फार्मर आईडी बनाने के लिए किसान नजदीकी सीएससी में जाकर अपना फार्मर आईडी बना सकते हैं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब जिले के सभी वैसे किसान जो पीएम किसान योजना का लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी फार्मर आईडी बनाना होगा। इसके भविष्य में अनिवार्य करने की योजना बनाई जा रही है।

## लड़की अपहरण में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना क्षेत्र से लड़की अपहरण के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज की गई है। इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि लड़की की पिता ने आवेदन में उल्लेख किया है कि बुधवार को अपने दुकान पर गई थी। लेकिन कुछ देर बाद दुकान पर परिजन पहुंचे तो वह वहां नहीं थी। बहुत खोजबीन किया गया लेकिन कुछ अता पता नहीं चला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लड़की की सकुशल बरामद हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

# रक्सौल विधायक ने विधानसभा में उठाया चिकित्सकों की कमी का मुद्दा

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस चालू विधानसभा सत्र के दौरान रक्सौल विधायक प्रमोद सिन्हा ने तारांकित प्रश्न संख्या 18/2/877 के माध्यम से रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सकों की भारी कमी का मुद्दा विधान सभा में अपने प्रश्न पूछने की प्रक्रिया के दौरान उठाया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि वर्तमान में अस्पताल में मात्र 4 एलोपैथी चिकित्सक कार्यरत हैं, जबकि स्त्री रोग, हड्डी, शिशु एवं दंत रोग विशेषज्ञों का गंभीर अभाव बना हुआ है। विधायक ने कहा कि एनेस्थीसिया, वेंटिलेटर, लेप्रोस्कोपी जैसे जीवन रक्षक व आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की कमी के कारण क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों या बाहर के शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इस पर जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने सदन में वस्तुस्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल में 4 सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, 1 संविदा आधारित स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा 2 आयुष चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग के माध्यम से राज्यभर में 624 विशेषज्ञ चिकित्सकों और 575 सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति-सह-पदस्थापन की प्रक्रिया जारी है। इससे निकट भविष्य में रक्सौल सहित अन्य अनुमंडलीय अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर होगी और स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। विधानसभा में यह मुद्दा उठने के बाद क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल की सूरत बदलेगी और आम लोगों को बेहतर, सुलभ व आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल की बदलेगी तस्वीर



# राजस्व अधिकारियों की हड़ताल पर बासा सख्त

### प्रशासनिक मयार्दा व संवाद पर दिया बल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार रेवेन्यू सर्विस एसोसिएशन (बिरसा) के आह्वान पर राज्यभर में जारी राजस्व अधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों की हड़ताल को लेकर बिहार प्रशासनिक सेवा संघ (बासा) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इस संबंध में बासा की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजस्व सेवा संघ के मांग-पत्र तथा हड़ताल के औचित्य पर विस्तार से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आपत्ति दर्ज की गई। बैठक की अध्यक्षता बासा के अध्यक्ष सह अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिंहा ने की। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता सुजीत कुमार सहित अन्य वरीय उप समाहर्ता स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। बासा ने स्पष्ट किया कि भूमि सुधार उप समाहर्ता का पद परंपरागत रूप से बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के अंतर्गत रहा है। बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग-2025 की अधिसूचना के अनुसार वरीय उप समाहर्ता के पदों पर अन्य सेवाओं की प्रोन्नति सीमित एवं नियमबद्ध है। ऐसे में इन पदों पर प्रत्यक्ष नियुक्ति न तो नियमसंगत है और न ही प्रशासनिक दृष्टि से उपयुक्त। संघ ने कहा कि मंत्रिमंडल के निर्णय और सरकारी संकल्प जारी होने के मात्र दो दिन बाद हड़ताल पर जाना प्रशासनिक परिपक्वता के अनुरूप नहीं है। अंचलाधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों से आम जनता का सीधा सरोकार है, ऐसे में जनहित की उपेक्षा चिंताजनक है।बासा ने किसी भी सेवा या संवर्ग को अक्षम बताए जाने की निंदा करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन सहयोग, समन्वय और साझा उत्तरदायित्व पर आधारित होता है।

# हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधित दो हजार मामलों के निष्पादन में विलंब

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीओ और आरओ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय का राजस्व कार्य ठप हो गया है। जिलाधिकारी द्वारा बीडीओ को अंचल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, लेकिन डोंगल और पासवर्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण दाखिल-खारिज, परिमार्जन और पैमाईश जैसे कार्य नहीं हो पा रहे हैं। सोमवार और शुक्रवार को होने वाली जन सुनवाई भी बाधित है, जिससे भूमि से जुड़े मामलों के निपटारे में परेशानी बढ़ गई है। चेगौना, तुमकड़िया, बरवा-बरौली समेत कई गांवों से आए रैयतों को बिना काम के लौटना पड़ा। अंचल में दाखिल-खारिज के 393, परिमार्जन के 1760 और पैमाईश के 18 मामले लंबित हैं। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि संघ से हड़ताल समाप्ति का पत्र नहीं मिला है। वहीं बीडीओ सह प्रभारी सीओ ने कहा कि डोंगल बनाने की प्रक्रिया जारी है, जल्द ही कार्य शुरू होगा।

# चनपटिया में इंडोर स्टेडियम और गर्ल्स कॉलेज निर्माण की मांग

विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान चनपटिया विधायक अभिषेक रंजन ने क्षेत्र से जुड़ी दो अहम मांगें उठाईं। उन्होंने चनपटिया नगर क्षेत्र में इंडोर स्टेडियम और चनपटिया प्रखंड में गर्ल्स कॉलेज के निर्माण की मांग की। विधायक ने कहा कि नगर क्षेत्र में इंडोर खेल सुविधाओं के अभाव में बैडमिंटन और कैरम जैसे खेलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अभ्यास में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं गर्ल्स कॉलेज नहीं होने से छात्राओं को 15 से 25 किलोमीटर दूर पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है, जिससे कई छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। उन्होंने दोनों योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग करते हुए कहा कि इससे युवाओं, खिलाड़ियों और छात्राओं को लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

# दो केंद्राधीक्षक एवं केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी समेत एक दर्जन से स्पष्टीकरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित इंटरमीडियट की परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण जिलाधिकारी तरनजोत सिंह और वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने किया। इस निरीक्षण के दौरान दो केंद्रो एमजेके कालेज एवं विपिन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लापरवाही उजागर हुई। निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थियों की समुचित तलाशी की व्यवस्था नहीं पाई गई और परीक्षा संचालन से जुड़ी अनियमितताएं व आपत्तिजनक सामग्री मिलने की पुष्टि हुई।डीएम के निर्देश एवं कड़ा रुख अख्तियार किये जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी रविन्द्र कुमार ने एमजेके कॉलेज एवं विपिन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केंद्राधीक्षकों सहित प्रत्येक केंद्र पर प्रतिनियुक्त पांच-पांच अधिकारियों व कर्मियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

एमजेके कॉलेज से केंद्राधीक्षक अमित कुमार मिश्रा सहित छह अधिकारी-कर्मी तथा विपिन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से केंद्राधीक्षक विनती कुमारी सहित छह अधिकारी-कर्मी आरोपित किए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के तहत अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# नरकटियागंज पहुंचे जिला के प्रधान जज, नए भवन निर्माण को लेकर किया निरीक्षण



निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड परिसर स्तिथ अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण को लेकर शुक्रवार की शाम पश्चिम चंपारण के प्रधान जिला जज नरकटियागंज पहुंचे। इस दौरान जिला जज ने व्यवहार न्यायालय प्रकोष्ठ में नरकटियागंज के सब जज, मुंसफ जज, एसडीएम, एसडीपीओ और बीडीओ के साथ बैठक किया। इस दौरान न्यायालय भवन निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक जानकारी ली। इसके बाद जिला जज न्यायिक अधिकारियों, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीयो के साथ भवन निर्माण के लिए चिन्हित स्थल का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने संवेदक को निर्धारित समय के अंदर पुराने भवनों को तोड़कर मलबा आदि को हटाने का निर्देश दिया। ताकि ससमय भवन निर्माण विभाग को सुपुर्द किया जा सके।

जिला जज ने कहा की व्यवहार न्यायालय का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा ऐसे में इस कार्य मे किसी भी प्रकार की देरी ना करें। वहीं न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास हेतु भूमि उपलब्धता पर प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय भवन बनने के साथ ही आवास की आवश्यकता भी पड़ेगी। इसपर अधिवक्ताओं ने अनुमंडल परिसर में स्थित नर्सरी व पोखरा की भूमि पर आवास निर्माण का सुझाव दिया। जिसको लेकर प्रधान जिला जज ने एसडीएम व बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि आवास निर्माण के लिए संबंधित भूमि की प्रकृति व अन्य ब्यौरा का प्रतिवेदन 11 फरवरी से पहले उपलब्ध कराए। ताकि समय से आवास निर्माण की स्वीकृति के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल विवाह मुक्त समाज के संकल्प को लेकर जागरूकता रथ किया गया रवाना



**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन और बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से सोमवार को मांझी नगर पंचायत क्षेत्र में जागरूकता रथ रवाना किया गया। नगर पंचायत से उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रथ को प्रखंड क्षेत्र के लिए रवाना किया और अभियान को सफल बनाने की अपील की। जागरूकता रथ नगर पंचायत के प्रमुख चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और मांझी प्रखंड के गांवों में जाकर बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों तथा सामाजिक दायित्वों के बारे में लोगों को जागरूक करेगा। अधिकारियों ने बताया कि रथ के माध्यम से न्याय सबके लिए संदेश का भी व्यापक प्रचार किया जाएगा। सभी ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया और समाज से बाल-विवाह के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।

### नल-जल के पाइप लाइन में लीकेज से प्रखंड मुख्यालय गेट पर जलजमाव, आवागमन प्रभावित



**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-ताजपुर मुख्य मार्ग पर स्थित मांझी प्रखंड मुख्यालय के प्रवेश द्वार के पास नल-जल योजना की पाइपलाइन में हो रहे लगातार रिसाव से सड़क पर जलजमाव और कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई है। जलजमाव के कारण प्रखंड मुख्यालय जाने वाली सड़क पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। प्रखंड परिसर में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना सहित कई सरकारी कार्यालय संचालित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने कार्यों को लेकर पहुंचते हैं। लेकिन मुख्य गेट के सामने और आगे कई स्थानों पर पानी बहने से सड़क पर गड्ढे बन गए हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार पीएचडी विभाग की मेन पाइपलाइन में लीकेज के चलते करीब आधा किलोमीटर की दूरी में तीनझ्चार जगह लगातार पानी बह रहा है। जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था न होने से नई बनी पीसीसी सड़क भी टूटने की कगार पर पहुंच गई है। लोगों ने संबंधित विभाग से शीघ्र मरम्मत कर समस्या के समाधान की मांग की है।

### जनवरी में 4201 वाहन चालकों से 68.28 लाख जुर्माना की वसूली

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यातायात पुलिस ने इस साल जनवरी माह में 4201 वाहन चालकों से 68.28 लाख रुपये जुर्माना की वसूली की है। यातायात डीएसपी अतनु दत्ता ने बताया कि विगत जनवरी माह में 68 लाख 28 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया है। बिना हेलमेट वाले 2569 वाहन चालकों से 25 लाख 69 हजार, ट्रिपल लोडिंग 469 बाइक चालकों से चार लाख 69 हजार, बाइक चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले दो चालकों से 10 हजार, तेज गति से वाहन चलाने वाले 268 चालकों से पांच लाख 36 हजार, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले 238 वाहन चालकों से 11 लाख 90 हजार, बिना सीट बेल्ट वाले 53 लोगों से 53 हजार, बिना नंबर प्लेट वाले 25 वाहन चालकों से 12 हजार पांच सौ रुपये, नो पार्किंग में वाहन लगाने वाले 221 वाहन मालिक से एक लाख 10 हजार पांच सौ, बिना इंश्योरेंस वाले 180 वाहन चालकों से तीन लाख 60 हजार, रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वाले छह चालकों से 30 हजार व अन्य यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले 1078 वाहन मालिकों से 12 लाख 94 हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया गया है।

### मेगा क्रेडिट कैंप में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों को ऋण स्वीकृत



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमएवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वरदान साबित हो रही है, वहीं बेरोजगारी उन्मूलन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ शेष लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। कैंप के दौरान पीएमएफएमई योजना में 24 लाभुकों को 142.30 लाख रुपये ऋण स्वीकृत तथा 4 लाभुकों को 21.5 लाख रुपये का भुगतान किया गया। पीएमईजीपी के तहत 5 लाभुकों को 56.40 लाख रुपये एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 1 लाभुक को 1 लाख रुपये ऋण स्वीकृत किया गया। कार्यक्रम में बैंक, उद्योग विभाग के अधिकारी एवं लाभुक उपस्थित रहे।


### छह आरोपित गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को विभिन्न कांडों में संलिप्त छह आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अजजा) अधिनियम से जुड़े मामले में रामनगर बनकट निवासी भीम ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं बैठनिया वार्ड नंबर 2 से पॉक्सो एक्ट के आरोपी अभिषेक कुमार को भी दबोचा गया। इसके अलावा मारपीट से संबंधित मामले में सरिसवा निवासी चन्दन कुमार, कृष्णा साह, रोहित कुमार एवं मुन्ना साह को पुलिस ने गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपितों को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए मेडिकल जांच कराई गई, जिसके पश्चात उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### डीएम ने सुनीं 93 जनसमस्याएं

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत आयोजित सबका सम्मानहजीवन आसान कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने आमजनों की 93 समस्याएं सुनीं। समाहरणालय में हुई जनसुनवाई में भूमि विवाद, राजस्व, पेंशन, आवास, बिजली, पेयजल, सड़क और राशन कार्ड से जुड़े मामले सामने आए। डीएम ने सभी शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी जरूरी है। कार्यक्रम से प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हुआ है। इस अवसर पर कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऋण की स्वीकृति एवं भुगतान के लिए समीक्षा बैठक के साथ ऋण वितरण शिविर का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्यम स्थापित करने हेतु उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत ऋण की स्वीकृति एवं भुगतान के लिए समीक्षा बैठक के साथ साथ ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र पूर्वी चंपारण एवं एलडीएम सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिलाधिकारी के द्वारा सभी बैंक का पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रगति का समीक्षा किया गया । जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि बैंको लक्ष्य को अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया । इसके पश्चात उपस्थित सभी उद्यमियों से वार्ता की और उद्यम के बारे में उनके अनुभवों और समस्याओं को सुना। जिला अधिकारी के द्वारा सभी बैंकर्स को निर्देश दिया गया कि जिले में जो भी लोग उद्यम स्थापित करने के लिए इच्छुक हैं एवं पूर्व से उस उद्यम का अनुभव रखते हैं। उन्हें चिन्हित कर पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के तहत आवेदन करा कर ऋण का स्वीकृति एवं भुगतान करें। इससे जिले में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। जिला पदाधिकारी के द्वारा जिले के कुछ उद्यमियों की सफलता का अनुभव भी सभी बैंकर्स एवं उद्यमियों के साथ साझा किया किया।

CMYK

# लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित समय से संवेदक अपना काम करें पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में उत्तर कोयल जलाशय परियोजना से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सभी संवेदकों, वैपकोस के पदाधिकारियों एवं जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ आयोजित की गई। योजना संबंधित सभी कार्यों को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना की महत्व को देखते हुए एवं निर्धारित समय के अंदर सभी कार्यों को पूर्ण कराने हेतु जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा नबीनगर, अम्बा, औरंगाबाद तथा मदनपुर के उत्तर कोयल नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंताओं तथा उक्त सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों से बनी चार जांच कमिटी बनाई गई है जो रोजाना योजना संबंधित कार्यों की प्रगति संबंधी प्रतिवेदन एवं सभी संवेदकों द्वारा विभिन्न पैकेजों में लगाई गई मशीन एवं मानवबल से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराते हैं। बैठक में परियोजना के अंतर्गत बिहार भाग में राइट मेन कैनाल के निर्माण कार्यों, कैनाल लाइनिंग, संरचनाओं के निर्माण, कार्यों की भौतिक प्रगति तथा लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा नबीनगर, अम्बा, औरंगाबाद तथा मदनपुर अंचल अंतर्गत विभिन्न एजेंसियों द्वारा निष्पादित किए जा रहे कार्यों का नक्शा एवं पीपीटी के माध्यम से अवलोकन करते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा संबंधित एजेंसियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य निष्पादन में तेजी लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि राइट मेन कैनाल (बिहार भाग) के अंतर्गत कुल 31.40 किलोमीटर से 109.09 किलोमीटर सीमा तक लगभग 77.69 किलोमीटर लंबाई में कैनाल लाइनिंग का कार्य तथा कुल 162 संरचनाओं का निर्माण कार्य निर्धारित है, जिसके अंतर्गत विभिन्न पैकेजों में कार्य प्रगति पर है। पैकेज-3, पैकेज-4 एवं पैकेज-5 में संबंधित कार्य एजेंसियों द्वारा मिट्टी कार्य, सबग्रेड (सीएनएस), कंक्रीट लाइनिंग तथा संरचनाओं के निर्माण कार्यों में प्रगति दर्ज की गई है। पैकेज-6 में कार्य प्रगति पर है, जबकि पैकेज-7 के लिए निविदा मूल्यांकन की प्रक्रिया संचालित है। पैकेज-8 एवं पैकेज-9 में कार्य एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है, जहां कुछ स्थलों पर जलजमाव की स्थिति के कारण डिवॉटरिंग कराते हुए कार्य संपादन किया जा रहा है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि कैनाल लाइनिंग कार्य चक्र के अंतर्गत पुरानी टाइल हटाना, खुदाई, सबग्रेड तैयारी (सीएनएस) तथा कंक्रीट लाइनिंग की प्रक्रिया के अनुसार कार्य निष्पादित किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत डबल लेन रोड ब्रिज, सिंगल लेन रोड ब्रिज, एक्वाडक्ट, क्रॉस रेगुलेटर, हेड रेगुलेटर सहित अन्य संरचनाओं का निर्माण विभिन्न चेनिज पर प्रगति पर है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कार्य एजेंसियों एवं विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।




# पैक्स गोदाम निर्माण के लिए 15 मार्च तक होगा प्रथम किस्त का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना से संबंधित पिछले दिनों आयोजित बैठक की कार्यवाही के आलोक में प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह सहित बिहार राज्य के 08 जिलों के जिलाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक, नाबार्ड के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में संयुक्त सचिव द्वारा योजना के अंतर्गत बिहार में चयनित पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समिति) हेतु गोदाम निर्माण की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सहकारिता निबंधक, बिहार सरकार, नाबार्ड मुख्यालय एवं बिहार क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि, संबंधित जिलों के डीडीएम, बिहार राज्य सहकारी बैंक के पदाधिकारी एवं संबंधित जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में सहकारिता निबंधक, बिहार सरकार द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के अंतर्गत चयनित 36 पैक्स के डीपीआर तैयार कर बैंकों को समर्पित कर दिया गया है। इनमें से 19 पैक्स के ऋण आवेदन संबंधित बैंकों को स्वीकृति हेतु अग्रसारित किए जा चुके हैं तथा इन्हें आईएफ पोर्टल पर भी अपलोड कर दिया गया है। शेष 17 पैक्स के संबंध में बताया गया कि 15 पैक्स के लिए गोदाम निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं थी। दो पैक्सों में उपलब्ध भूमि विवादित होने के कारण प्रगति प्रभावित हो रही थी। बैठक में विभिन्न जिलों के जिला पदाधिकारियों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि 15 पैक्स में से 10 पैक्स के लिए अब भूमि उपलब्ध करा दी गई है। शेष 05 पैक्स के संबंध में संयुक्त सचिव सिद्धार्थ जैन द्वारा संबंधित जिला पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लीज (पट्टा) के आधार पर भूमि उपलब्ध कराने के विकल्प पर कार्य करें, ताकि योजना के क्रियान्वयन में विलंब न हो। संयुक्त सचिव द्वारा सभी हितधारकों से अनुरोध किया गया कि पैक्स गोदाम निर्माण हेतु ऋण की प्रथम किस्त का भुगतान 15 मार्च 2026 तक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रथम किस्त का भुगतान नहीं होता है, तो एएमआई योजना के अंतर्गत देय सब्सिडी संबंधित पैक्स के लिए समाप्त (लैप्स) हो सकती है। इसके अतिरिक्त, संयुक्त सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं, विशेषकर भूमि उपलब्धता, ऋण स्वीकृति एवं प्रक्रियागत अड़चनों के समाधान हेतु एक स्पष्ट एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजना का प्रभावी एवं समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि योजना की प्रगति की अगली समीक्षा बैठक आगामी शुक्रवार को आयोजित की जाएगी।

# डीएम ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिलाधिकारी ने आए हुए सभी लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को एक-एक करके सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान किया जाए। जनता दरबार में लोगों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। सुबह से ही शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, जो पूरे दिन चलती रही। बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे और समाधान की उम्मीद के साथ अपनी बात रखी। जनता दरबार में मिली शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किया गया तथा संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें और लगातार इसकी निगरानी भी करते रहें। इस जनता दरबार का आयोजन जिला स्तर के साथ-साथ अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी किया गया, ताकि लोगों को अपने क्षेत्र में ही शिकायत दर्ज करने की सुविधा मिल सके। यह भी बताया गया कि इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के प्रधान अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर आम लोगों की समस्याएँ सुनेंगे और उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई करेंगे।

# सामूहिक विवाह में 12 जोड़ों ने चुना हमसफर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पर्यटन विकास केंद्र की ओर से शुक्रवार को सूर्य नगरी देव में तृतीय आदर्श सामूहिक निःशुल्क विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान 12 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। इस सामूहिक विवाह के सैकड़ों लोग साक्षी बने। कार्यक्रम का उद्घाटन निःशुल्क सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष अभिनेष कुमार सिंह, देव पर्यटन केंद्र के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह एवं सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आगंतुकों और प्रायोजकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देव प्रखंड क्षेत्र के कुर्का गांव के आरती कुमारी की शादी बिशनपुर खैर के सुदर्शन कुमार के साथ, फ़ेसर के अंजनी कुमारी की बड़की डेल्हा गया के सनी कुमार के साथ, तस्नाची गुरारू के आशा कुमारी की शादी मृत्युंजय कुमार केताकि के साथ, सिंघवा मदनपुर के आरती कुमारी की शादी आदिनारायण मझौलिया आमस के साथ, शिवगंज शकुंतला कुमारी की शादी नावाडीह बाजार के रवीन्द्र कुमार के साथ, डुमरी बेलवा के प्रियंका कुमारी की श्रीपुर मोर्चरी बोधगया के सुभाष कुमार के साथ, सिमरी के जूही कुमारी के शादी कासिमपुर कुटुंब चंदन कुमार के साथ, डुमरी बेलवा के सोनम कुमारी की शादी शराबी लातेहार मुकेश कुमार के साथ, पातालगंगा देव के ममता कुमारी की शादी अर्जुन बिगहा रोहतास के मोहन कुमार के साथ, दानी बिगहा औरंगाबाद के बसंती कुमारी की शादी साहब बिगहा देव के संतु कुमार के साथ, डुमरी मदनपुर के बबीता कुमारी की शादी चांद बिगहा मदनपुर राजेश कुमार के साथ, जय नवादा के सुमित्रा कुमारी की शादी नगवा गढ़ गया के जितेंद्र कुमार के साथ शादी के बंधन में बंधे। इस अवसर पर भोजपुरी सुप्रसिद्ध गायिका नेहा सिंह निष्ठा और टी-सीरीज गायक प्रवीण सिंह की शानदार प्रस्तुति दी। दोनों कलाकार अपने गीतों से जलवा बिखेरी। दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का हौसल बढ़ाया। इस दौरान करीब चार घंटा के कार्यक्रम में दर्शकों को खूब झुमाया। 11 बजे आदर्श सामूहिक विवाह के मंच पर पहुंची नेहा सिंह निष्ठा और प्रवीण सिंह ने सभी का दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को अभिवादन किया। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक विवाह गीत गया।




# गोरडीहा में सात दिवसीय सूर्य नारायण यज्ञ शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा पंचायत के गोरडीहा गांव में प्रज्ञा धाम वृदावन के आचार्य गौरीश पाण्डेय के तत्वावधान मे सातदिवसीय श्री सूर्य नारायण प्राण- प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ है। यज्ञ के अध्यक्ष महेंद्र साव उर्फ कृष्ण कुमार गुप्ता, सचिव कपिन्द्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष विसुन देव दास ने बताया कि गोरडीहा गांव मे ही छठ घाट के पास विशाल तालाब में नवनिर्मित सूर्य मंदिर में श्री सूर्य नारायण भगवान की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर यज्ञ 3 फरवरी से प्रारंभ होगा जो 9 फरवरी तक चलेगा। विनोद कुमार मिश्र, चन्दन मिश्र के के वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण शुद्ध हो रहा है। यज्ञ के यजमान प्रमोद साव उर्फ सेठ जी, अरूण कुमार, डा निर्भय, शिवराज साव, युगेश किशोर गुप्ता हैं। प्रतिदिन गौरीश पाण्डेय का प्रवचन, कथा के साथ भगवान अवतार का झांकियां, शिव तांडव देखने काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर मंदिर निर्माणकर्ता प्रमोद कुमार सेठ, आयोजक डीलक्स क्लब के अध्यक्ष दिलीप किशोर गुप्ता, उपाध्यक्ष मकरध्वज कुमार, सचिव दीपक कुमार सिंह, विक्रम उर्फ विकी कुमार, कोषाध्यक्ष संतू कुमार, ईश्वर चौधरी, सत्येंद्र महतो, शनि कुमार, रंजन कुमार, प्रिस, महादेव सिंह, हरेंद्र यादव, कौलेश्वर पासवान, अनिल सिंह, कृष्णा कुमार गुप्ता, भगवान दास, राजकिशोर गुप्ता, रविरंजन मिश्र, धर्मेंद्र साव, सुदामा साव, प्रमोद पासवान, उमाशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सात निश्चय पार्ट-3 के तहत लगा जनता दरबार

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सबका सम्मान-जीवन आसान के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी अपनी समस्या को लेकर आए लोगों का बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने सुनवाई की। बताया जाता है कि जन कल्याण जनता दरबार में सबसे अधिक मामले जमीनी विवाद से सबंधित आया था। गहना गांव के मंटू कुमार ने आवासीय भूमि उपलब्ध कराने व अमझरशरीफ के कमलेश राजवंशी ने दाखिल खारिज को लेकर अपनी समस्या रखा।जिसे सभी कागजात के साथ आनलाइन करने का सलाह दिया गया। बताया जाता है कि जिसमें फार्मर आइडी, दाखिल खारिज, जमाबंदी रसीद पर प्लौट चढ़ाना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जमीनी बंटवारा के अलावा अन्य मामले से सबंधित का सुनवाई की गई।

# 'परीक्षा पे चर्चा' ने बढ़ाया छात्रों का आत्मविश्वास, तनावमुक्त होकर परीक्षा देने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण का औरंगाबाद के बारून स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को देखने और सुनने के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरित होकर छात्रों ने परीक्षा को लेकर अपने डर और तनाव से बाहर निकलने की बात कही। छात्र कृष, विभु प्रियदर्शी, अभिराज, छात्रा वीरा, साक्षी, सोनाली, श्रेयांसी आदि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा को जीवन का अंतिम लक्ष्य न मानकर उसे सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा बताया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने यह भी समझाया कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। छात्रों का मानना है कि इस संवाद से उन्हें न केवल परीक्षा बल्कि जीवन की अन्य चुनौतियों से निपटने की भी प्रेरणा मिली है। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा को बोझ के रूप में नहीं बल्कि उत्सव की तरह लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि सकारात्मक सोच, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने से सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के मानसिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को तनावमुक्त रहकर पढ़ाई करने तथा समय का सही प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी नई ऊर्जा और दिशा देने का कार्य किया।



**निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन : हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र बिरहारा गांव निवासी समाजसेवी स्व रामानुज कुमार की तीसरी पुण्यतिथि पर निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए डॉ एस कंात ने बताया कि हसपुरा पुरानी थाना रोड में सिनेमा हॉल के सामने स्थित शार्प विजन सेंटर में 8 फरवरी दिन रविवार को शिविर लगाया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में आंखों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जांच की जाएगी। और विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जाएगा।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)**
**Office of the General Manager,**
**Transmission Zone-I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002**
**E-mail ID :-, gm.jusnl@gmail.com Mob. No. :- 0651- 2490513**

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost (in Rs.) Including GST and other taxes as applicable | Earnest money to be deposited (in Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) (in Rs.) | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 770/PR/JUSNL/2025-26 | Repair and maintenance of boundary wall of switchyard, Store shed and colony side at 132/33 KV G/S/S, Kamdara. | 26,34,900.00 | Rs. 52,700/- | Rs. 5,000.00 + 18% GST= Rs. 5,900.00 | 03 months |
| Availability of tender documents on website | | | From 10/02/2026 at 11:00 AM to 05/03/2026 up to 03:00 PM | | |
| Last date and time for uploading of e-tender | | | Up to . 05/03/2026 at 03:00 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commerical) | | | at 03:30 PM on 06/03/2026 | | |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | | | Will be Communicated later on | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | GENERAL MANAGER , Transmission Zone-I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002 | | |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions. Tender specification etc. can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (9304254491) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
4. Bidders have to submit copy of UTR/ reference number as proof of online payment of tender fee & EMD as mentioned in NIT before the cut of date & Time as mentioned in NIT, failing which Bid will not be accepted. The details of last of BOQ, EMD specified in tender documents should be the same as submitted online (Scanned copies) otherwise tender will be cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR 372498 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D


# कलावती संगीत बी.एड. कॉलेज में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के श्रीनगर महादेव घाट मोहल्ला स्थित कलावती संगीत महाविद्यालय (बी.आर. 787), जो कि प्रयाग संगीत समिति, प्रयागराज द्वारा संचालित है, में 06 फरवरी 2026 को प्रथम वर्ष से लेकर संगीत प्रभाकर तक के छात्र-छात्राओं की वार्षिक लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा में संगीत गायन, नृत्य एवं कला संकाय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र निदेशक अरविंद राज सिंह ने बताया कि संगीत बी.एड. के प्रति छात्र-छात्राओं की रुचि लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में विद्यार्थी नृत्य, संगीत और कला के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वार्षिक लिखित परीक्षा में लगभग 250 परीक्षार्थी शामिल हुए, जो सभी नियमित रूप से अध्ययन कर परीक्षा में सम्मिलित हुए। लिखित परीक्षा के बाद प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत परिणाम जारी किए जाएंगे। शहर के लिए यह हर्ष की बात है कि अब रफीगंज में भी संगीत, नृत्य एवं कला के क्षेत्र में विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर शिक्षक एवं कलाकार बन सकेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य अहेरी कुमार, सह-प्राचार्य आर्यन राज, क्लर्क अजीत कुमार, संगीत शिक्षक राहुल कुमार, नृत्य शिक्षक दीपक कुमार, सहायक शिक्षक अजय कुमार, परीक्षक अक्षय राज सहित सैकड़ों परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# उपेन्द्र कुशवाहा का मना जन्मदिन

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद गोह प्रखंड के तुलसी बिगहा मोड़ के समीप राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पूर्व प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा का 66 वां जन्म दिन केक काटकर धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू कुशवाहा और संचालन राकेश रौशन ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महासचिव ने रामकुमार वर्मा ने कहा की सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर पार्टी को बुथ स्तर तक मजबूत बनाएं। रालोमो की ओर से पार्टी के मजबुती के लिए शश्क्त कमिटी का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित चितरंजन कुमार वर्मा, अशोक सिंह, निरंजन चंद्रवंशी, डॉ सुमन कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि राजु वर्मा, सुरजदेव चौहान, कृष्णा मेहता, विनोद यादव, जय प्रकाश वर्मा, चितरंजन ठाकुर, धनंजय वर्मा आदि उपस्थित थे।

# उर्स मेला, हजरत सैयदना दाता मंगन शाह सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत का है प्रतीक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** नवगछिया अनुमंडल के बिहपुर प्रखंड के मिल्की गाँव में अवस्थित हज़रत सैयदना दाता मंगन शाह की दरगाह लगभग ढाई सौ वर्षों से अधिक पुरानी एक प्रतिष्ठित सूफी परंपरा का केंद्र है। यह स्थल न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। मगन साह दरगाह पर विगत पांच फरवरी की रात बारह बजे कर पांच मिनट से एक हिंदू कायस्थ परिवार के द्वारा चादरपोशी से शुरुआत हुई है जो 12 फरवरी 2026 तक चलेगा। स्थानीय कमिटी के द्वारा बतलाया गया कि दाता के दरगाह पर न केवल भागलपुर जिला बल्कि नजदीकी जिला के साथ साथ दूसरे प्रदेश के लाखों श्रद्धालु इसमें शामिल होते हैं। स्थानीय कमिटी के द्वारा यह भी बतलाया गया कि यह परंपरा लगभग 250 वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला उर्स मेला हज़रत मंगन शाह की पुण्यतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। यह आयोजन समय के साथ-साथ नवगछिया और आसपास के क्षेत्रों का एक प्रमुख धार्मिक-सांस्कृतिक उत्सव बन चुका है, जिसमें बिहार सहित पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक सम्मिलित होते हैं। उर्स का मूल भाव आत्मा के परमात्मा से मिलन का प्रतीक है। श्रद्धालु दरगाह पर उपस्थित होकर दुआ, मन्नत एवं चादरपोशी के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट करते हैं। मान्यता है कि यह स्थल श्रद्धालुओं को मानसिक शांति, विश्वास और सकारात्मक ऊर्ज़ा प्रदान करता है। विभिन्न समुदायों के लोग यहाँ समान श्रद्धा के साथ उपस्थित होकर मानवता, सेवा और करुणा के सूफी संदेश को आत्मसात करते हैं। उर्स मेले की एक विशिष्ट और उल्लेखनीय परंपरा यह है कि उर्स की पहली चादर चढ़ाने का कार्य बिहपुर के एक हिंदू कायस्थ परिवार द्वारा किया जाता है, जो लगभग दो शताब्दियों से अधिक समय से अनवरत रूप से निभाई जा रही है। यह परंपरा बिहार की गंगा-जमुनी तहज़ीब का जीवंत उदाहरण है, जहाँ विभिन्न धर्मों के अनुयायी आपसी सम्मान और विश्वास के साथ धार्मिकत आयोजनों में सहभागी बनते हैं।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 20/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 07.02.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 07.02.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 16.02.2026 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.02.2026 (अपराह्न 3:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन.आई.टी. रेफरेंस सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Nilamber-Pitamberpur | Purnadih | Basaura | Vocational and Craft Centres Storage Cum Sale Center for JSLPS livehood Promotion activities. | 9991800 | 199836 | 10000 | 06 माह | NIT-20/2025-26/Gr-01 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 372403 (District) 25-26 (D)

# पीएनबी ने 19 लोगों को एक करोड़ 97 लाख का दिया लोन

## उद्योग विभाग ने लगाया लोन कैंप, कई बैंक रहे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** समाहरणालय सभागार में उद्योग विभाग द्वारा संचालित पीएमईजीपी, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक सह ऋण स्वीकृति एवं भुगतान मेगा कैंप का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में भोजपुर जिले को आवंटित 72 के भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक बैंकों द्वारा 62 आवेदकों को ऋण स्वीकृत किया गया, जिनमें से 12 लाभुकों को ऋण वितरित किया गया। इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब एंड सिंध बैंक, एक्सिस बैंक, आईडीबीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक की ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शून्य पाई गई। पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत जिले को आवंटित 312 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 177 आवेदकों को ऋण स्वीकृत किया गया, जिनमें से 117 लाभुकों को ऋण वितरित किया गया। इस योजना में पंजाब एंड सिंध बैंक, बंधन बैंक, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक की ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शून्य रही।

पीएमएफएमई योजना में इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक तथा पीएमईजीपी योजना में इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब एंड सिंध बैंक, एक्सिस बैंक, आईडीबीआई बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक की प्रगति शून्य पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित जिला समन्वयक एवं शाखा प्रबंधकों से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। शिविर में उपस्थित लाभुकों के बीच पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक और आईसीआईसीआई बैंक द्वारा कुल 10 लाभुकों को 91.90 लाख रुपये की ऋण स्वीकृति तथा 2 लाभुकों को 18.35 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया। वहीं पीएमएफएमई योजना में एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा 22 लाभुकों को 5.68 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति तथा 20 लाभुकों को 2.10 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 14 लाभुकों को 14 लाख रुपये की ऋण स्वीकृति तथा 13.80 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया। ऋण वितरण में पंजाब नेशनल बैंक का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। बैंक ने पीएमएफएमई योजना में 14 लाभुकों को 1 करोड़ 67 लाख 45 हजार 524 रुपये, पीएमईजीपी योजना में 3 लाभुकों को 28.50 लाख रुपये तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 2 लाभुकों को 2 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को माह के अंत तक शत-प्रतिशत ऋण स्वीकृति एवं भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेगा कैंप में सहायक निदेशक सत्यानंद शर्मा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक नीरज कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र निखिल कश्यप, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, हरेश कुमार सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में लोगों ने रखीं समस्याएं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय3 के अंतर्गत सबका सम्मानजीवन आसान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। इस दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पर्चा, सड़क, शिक्षा, परिमार्जन, अतिक्रमण, आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित कुल 65 मामले सामने आए।

जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं सरल एवं जनोन्मुखी बन सकें। सेवा संवाद समाधान पोर्टल पर प्राप्त मामलों की रिपोर्टिंग नियमित रूप से की जा रही है, जिसकी निगरानी राज्य मुख्यालय स्तर से भी की जाती है।

# नौला पिकेट प्रभारी अकरम खान लाइन हाजिर

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के नौला पिकेट प्रभारी एसआई अकरम खान को पुलिस अधीक्षक मनीष ने लाइन हाजिर कर दिया है। पिकेट प्रभारी के विरुद्ध ग्रामीणों द्वारा कई आरोप लगाए गए थे। ग्रामीणों ने पब्लिक पेटिशन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी, जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेघड़ा कृष्ण कुमार को जांच सौंपी गई। डीएसपी द्वारा 4 फरवरी को सौंपे गए जांच प्रतिवेदन में आरोप सही पाए गए। जांच के बाद अकरम खान को तत्काल प्रभाव से पुलिस केंद्र वापस बुला लिया गया। इस कार्रवाई के बाद नौला पंचायत के ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार जताया है।

# यात्री वाहन पलटा, एक की मौत, पांच घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले के अंतीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत कहलगांवओरियप मार्ग पर शुक्रवार को एक यात्री वाहन के गड्ढे में पलट जाने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य पांच लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कासड़ी गांव के पास ओरियप से कहलगांव की ओर जा रहा यात्री वाहन अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। इस दुर्घटना में वाहन में सवार 70 वर्षीय वृद्ध महिला मुद्रा देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अन्य वाहनों से कहलगांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीन घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें भागलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) रेफर कर दिया। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हरिनगर एवं कुशेश्वरस्थान घटनाक्रम पर त्वरित कार्रवाई की मांग

## जिला भाजपा अध्यक्ष ने एसएसपी से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** हरिनगर में हुई घटना तथा कुशेश्वरस्थान में समाजसेवी एवं व्यवसायी आनंद खेतान से जुड़े प्रकरण को लेकर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने आज वरीय पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों मामलों की विस्तृत जानकारी देते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा निर्दोष व्यक्तियों के नाम प्राथमिकी से हटाने की मांग की। जिला अध्यक्ष श्री मन्ना ने कहा कि दोनों ही मामलों में निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने इन घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की भी मांग की, जिससे न्यायपूर्ण एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने एसएसपी से आग्रह किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम जनता में विश्वास कायम रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाना चाहिए। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और शीघ्र ही उचित एवं न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी भी उपस्थित रहे।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों ने सुना पीएम का संबोधन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उच्च माध्यमिक विद्यालय महेशपुर में प्रधानाध्यापक संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के स्मार्ट क्लास रूम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना।

कार्यक्रम से विद्यार्थियों में परीक्षा संबंधी तनाव दूर हुआ और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। वरीय शिक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की झिझक दूर करने में सहायक होते हैं।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में 27 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** बलिया के चार परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार को आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 3259 परीक्षार्थियों में से 27 अनुपस्थित रहे, जबकि 3232 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए।

परीक्षा के दौरान पीडीएसके कॉलेज सदानंदपुर में रोल कोड 84154, रोल नंबर 26010017 की छात्रा उर्वशी कुमारी अचानक बेहोश हो गई। केंद्राधीक्षक रोशन कुमारी द्वारा छात्रा को इलाज के लिए पीएचसी बलिया भेजा गया, जहां उसका उपचार कराया गया। प्रथम पाली में भौतिकी विषय की परीक्षा के दौरान जीडीआर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ी बलिया में 543 में 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र की परीक्षा में 228 में 1 अनुपस्थित रहा।

कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने को लेकर बीडीओ सन्नी कुमार एवं सीओ बिहारी सिंह द्वारा परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया गया।

# महिला समूहों के आर्थिक एवं तकनीकी सशक्तिकरण पर जोर

## एनआइआरडी के निदेशक जे. आर. के. राव का दरभंगा का दो दिवसीय भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी), हैदराबाद (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के निदेशक तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी जे. आर. के. राव ने महिला समूहों के आर्थिक एवं तकनीकी सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। इस उद्देश्य से उन्होंने दरभंगा का दो दिवसीय भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान जीविका योजना के अंतर्गत कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों एवं सामुदायिक संस्थाओं की गतिविधियों का अध्ययन किया गया।

भ्रमण का मुख्य उद्देश्य जीविका से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका को समझना तथा इसके उपयोग को बढ़ावा देना था।

भ्रमण के प्रथम दिन श्री राव ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में संचालित 'जीविका दीदी की रसोई' का निरीक्षण किया। उन्होंने दीदियों की कार्यशैली, पाक कला, तकनीकी कौशल तथा प्रबंधन व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं किफायती दरों की उन्होंने विशेष रूप से सराहना की। इसके बाद जिला अतिथि गृह में विभिन्न प्रखंडों की जीविका दीदियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दीदियों के अनुभव, आवश्यकताओं एवं चुनौतियों पर चर्चा की गई तथा आधुनिक तकनीक एवं वित्तीय सहयोग के विस्तार पर विचार-विमर्श हुआ। दीदियों की ओर से भी कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए।

बेनीपुर की फूल देवी ने बताया कि जीविका से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। पहले उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर थी, लेकिन अब वे प्रति माह 25 से 30 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने अधिक वित्तीय सहयोग मिलने पर सिलाई केंद्र संचालन की इच्छा भी व्यक्त की।

भ्रमण के दौरान श्री राव ने सिंहवाड़ा प्रखंड के सिमरी स्थित साधना ग्राम संगठन एवं उज्जवला कृषि उत्पादक कंपनी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए महिला सदस्यों से संवाद किया। इस दौरान दीदियों ने अपने व्यवसाय को और विस्तार देने का संकल्प दोहराया। उत्पादन से जुड़ी दीदियों ने आधुनिक मशीनों की खरीद कर रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग की, जबकि कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी दीदियों ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने एवं पशुओं की संख्या में वृद्धि की बात कही। जे. आर. के. राव ने जीविका दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक एवं एआई के माध्यम से उत्पादन, प्रबंधन और विपणन को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने महिला उद्यमियों को नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीएम) डॉ. ऋचा गार्गी ने कहा कि जिले की जीविका दीदियां विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से निरंतर सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचार, आधुनिक प्रशिक्षण एवं पर्याप्त वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराए जाने से जीविका दीदियां अपने उद्यमों का और अधिक विस्तार कर सकेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी। इससे जिले में महिला सशक्तिकरण की प्रक्रिया को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में राज्य कार्यालय से आए प्रेम प्रकाश एवं विश्व विजय ने जानकारी दी कि जीविका के माध्यम से बिहार के सभी क्षेत्रों की महिलाओं को तकनीकी एवं वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. गार्गी ने कहा कि जे. आर. के. राव का यह भ्रमण जीविका दीदियों के लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का स्रोत बना है तथा महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की प्रक्रिया को और गति प्रदान करेगा।

# प्रखंडस्तरीय निपुण टीएलएम मेला आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड स्तरीय निपुण टीएलएम मेला का आयोजन एपीएस +2 विद्यालय नावकोठी में शुक्रवार को किया गया। मेला का उद्घाटन बीडीओ सह प्रभारी बीईओ राहुल रंजन ने फीता काटकर किया।

उन्होंने कहा कि शून्य लागत पर तैयार टीएलएम बच्चों को खेल-खेल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सहायक है। मेले में भाषा, गणित एवं पर्यावरण विषयों के कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विभिन्न विषयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों को मेमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गोरेया बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भ्रमण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश (भोजपुर)।** संदेश प्रखंड के खंडोल गांव में दो दिवसीय आयोजित ग्राम देवता गोरया बाबा का मंदिर जीर्णोद्धार सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भ्रमण शुक्रवार को हुआ। प्रथम दिन पालकी पर गोरेयां बाबा को विराजमान कर श्रद्धालु नगर भ्रमण गाजे बाजे के साथ कर रहे थे। पुनः वापस मंदिर परिसर पहुंचें। आचार्य जगेश पांडेय व विनय पांडेय के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा व वेदीपूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। जहां गोरेया बाबा की जय नारे ग्रामीण लगा रहे थे। इस दौरान पुरा इलाका भक्तिमय हो गया था। प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में यजमान ललन दुबे, प्रभाकांत ओझा, नीरज ओझा, कपिलदेव सिंह नीरज पासवान व समस्त ग्रामीण मौजूद थे। आज रात में रामायण एवं गीत संगीत का प्रोग्राम किया जाएगा। शनिवार को संदेश के बीडीओ चंदन कुमार, प्रखंड प्रमुख नीलम देवी द्वारा संयुक्त रुप से उद्घाटन होगा।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ चालक गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने महेशवाड़ा से अवैध रूप से सफ़ेद बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि चालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। अवैध खनन एवं परिवहन के आरोप में ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी थाना क्षेत्र के एनएच-28 पर शुक्रवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मेहदौली निवासी रामनाथ शाह (52) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद करीब 45 मिनट तक सड़क जाम रहा, जिससे परीक्षा में शामिल होने जा रहे छात्रों को परेशानी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम हटवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# एकेडमिक काउंसिल की बैठक में कई अहम निर्णयों पर मुहर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एकेडमिक काउंसिल (शैक्षणिक परिषद) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय कुमार ने की, जबकि संचालन कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने किया। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम, प्रवेश, शोध और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में शैक्षणिक परिषद की पिछली बैठक (09 सितंबर 2025), नए शिक्षण कार्यक्रम एवं संबद्धता समिति (03 फरवरी 2026) तथा परीक्षा बोर्ड की पूर्व बैठकों के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के चौथे सेमेस्टर के अंतर्गत एईसी-4 में एनजीओ/सामाजिक सेवा/खेल (स्वास्थ्य एवं कल्याण) से जुड़े सामान्य पाठ्यक्रम को अपनाने पर सहमति बनी। स्नातकोत्तर विभागों के प्रमुखों द्वारा प्रस्तुत प्रोफ़ेसर रैंक के 10 बाहरी विषय विशेषज्ञों की सूची को स्वीकृति दी गई। विश्वविद्यालय के अंगीभूत व संबद्ध महाविद्यालयों तथा पीजी विभागों में यथासंभव सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक कक्षाएं संचालित करने पर भी विचार किया गया। साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के समय छात्रों के पंजीकरण व्यवस्था पर चर्चा हुई।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शोधार्थियों को कक्षा संचालन हेतु प्रेरित किया जाएगा, जिससे उनमें अध्यापन कौशल का विकास हो सके। पांचवीं और छठी पीएचडी प्रगति रिपोर्ट की स्वीकृति के लिए कम से कम एक शोध पत्र और दो पावर प्वाइंट प्रस्तुतियों को अनिवार्य किया गया। अंगीभूत महाविद्यालयों में अतिथि शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन न्यूनतम दो कक्षाएं संचालित करने तथा अधिकतम दो कक्षाओं के भुगतान का निर्णय लिया गया। एईसी/वीएसी/एसईसी पाठ्यक्रमों में शिक्षकों को प्रति कक्षा 500 रुपये मानदेय देने, ऑनलाइन कक्षाओं के लिए संसाधन खरीदने, प्रयोगशाला व पुस्तकालय के आधुनिकीकरण तथा नई एनईपी-सीबीसीएस पाठ्यक्रमों के अनुरूप पुस्तकों की खरीद पर भी स्वीकृति दी गई।

सभी बिंदुओं पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। अंत में कुलसचिव ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया।

# अगलगी में दो घर जले, तीन घरों को आंशिक क्षति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रहियार उत्तर पंचायत के बेला गांव वार्ड संख्या 9 में शुक्रवार की दोपहर अचानक आग लगने से दो लोगों का घर जलकर हुए राख और तीन लोगों का घर आशिक जलने से हुआ क्षतिग्रस्त। उक्त गांव के बसंत मंडल, एवं रंजीत मंडल कि खपरैल एवं ईट से बनी घर से अचानक आग कि लपट उठने लगी देखते ही देखते दोनों घरों में रखें अनाज, कपड़ा पेटी में रखें गहना, नगद रुपए, फर्नीचर जलकर राख हो गए। वही हरि मंडल, चंदन मंडल, अमरजीत कुमार मंडल, वीरेंद्र मंडल की भी घर आंशिक रूप से जलाकर क्षतिग्रस्त हो गया। आग की लपट का तीव्र थी काफी मस्क़त से आग पर काबू पाया जा सका।आग लगी की घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों ने वहां जल नल से बाल्टी एवं अन्य सामानों में पानी भरकर आज बुझाने में सफलता पाई। स्थानीय मुखिया धर्मेंद्र कुमार मंडल, पूर्व मुखिया पुत्र जयद्रथ कुमार ने अंचल अधिकारी को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही आंचल कर्मचारी साकेत कुमार ने आकर स्थिति का जायजा लिया। मौके पर वार्ड सदस्य सुच्ची देवी, पंसंस रेखा देवी, सरपंच ममता देवी पति समाजसेवी बाबू प्रसाद सिंह, चन्द्र देव राम, हीरा देवी, आदि ने घटना का जायजा लिया।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका (आम))-सह-उपायुक्त, पलामू (व्यय अनुश्रवण कोषांग)

Email-palamuexpenditurecell@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

मेदिनीनगर नगरपालिका(आम) निर्वाचन–2026 के मेदिनीनगर नगर निगम में महापौर, वार्ड सदस्य, नगर पारिषद विश्रामपुर, छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत, एवं हरिहरगंज नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं वार्ड सदस्य निर्वाचन हेतु दिनांक–23.02.2026 को मतदान की तिथि निर्धारित है। निर्वाचन आयोग झारखण्ड के दिशा–निर्देश के आलोक में पलामू जिला के लिए व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग का गठन किया गया है।

मेदिनीनगर नगरपालिका(आम) निर्वाचन–2026 के लिए मेदिनीनगर नगर निगम महापौर, वार्ड सदस्य, नगर परिषद, विश्रामपुर, छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत, एवं हरिहरगंज नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं वार्ड सदस्य के लिए अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्वाचन में किए गए व्यय को व्यय लेखा पंजी में इन्द्राज करने से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, जो निम्नवत्:–

| क्र0 सं0 | नगरपालिका / नगरपरिषद क्षेत्र का नाम | प्रशिक्षण की तिथि एवं समय | प्रशिक्षण स्थल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मेदिनीनगर नगर निगम | 09.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे | कार्यालय राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, डालटनगंज | |
| 02 | विश्रामपुर नगर परिषद् | 09.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे | प्रखण्ड कार्यालय, विश्रामपुर के सभागार कक्ष | |
| 03 | छत्तरपुर नगर पंचायत | 09.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे | अनुमंडल कार्यालय, छत्तरपुर के सभागार कक्ष | |
| 04 | हुसैनाबाद नगर पंचायत | 09.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे | अनुमंडल कार्यालय, हुसैनाबाद के सभागार कक्ष | |
| 05 | हरिहरगंज नगर पंचायत | 09.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे | प्रखण्ड कार्यालय, हरिहरगंज के सभागार कक्ष | |

मेदिनीनगर नगरपालिका(आम) निर्वाचन–2026 के लिए मेदिनीनगर नगर निगम महापौर, वार्ड सदस्य, नगर परिषद, विश्रामपुर, छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत, एवं हरिहरगंज नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं वार्ड सदस्य के लिए अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधि व्यय लेखा पंजी की जाँच लेखा जाँच दल द्वारा चुनाव की तिथि से पूर्व तीन चरण में किया जायेगा:–

| क्र0 सं0 | नगरपालिका / नगरपरिषद क्षेत्र का नाम | लेखा जाँच हेतु निर्धारित तिथिएवं समय | | | जाँच स्थल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | | |
| 01 | मेदिनीनगर नगर निगम | 11.02.26 10am- 5pm | 16.02.26 10am- 5pm | 20.02.26 10am- 5pm | कार्यालय राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, डालटनगंज | |
| 02 | विश्रामपुर नगर परिषद् | 11.02.26 10am- 5pm | 16.02.26 10am- 5pm | 20.02.26 10am- 5pm | प्रखण्ड कार्यालय, विश्रामपुर के सभागार कक्ष | |
| 03 | छत्तरपुर नगर पंचायत | 11.02.26 10am- 5pm | 16.02.26 10am- 5pm | 20.02.26 10am- 5pm | अनुमंडल कार्यालय, छत्तरपुर के सभागार कक्ष | |
| 04 | हुसैनाबाद नगर पंचायत | 11.02.26 10am- 5pm | 16.02.26 10am- 5pm | 20.02.26 10am- 5pm | अनुमंडल कार्यालय, हुसैनाबाद के सभागार कक्ष | |
| 05 | हरिहरगंज नगर पंचायत | 11.02.26 10am- 5pm | 16.02.26 10am- 5pm | 20.02.26 10am- 5pm | प्रखण्ड कार्यालय, हरिहरगंज के सभागार कक्ष | |

विश्रामपुर नगर पारिषद, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, एवं हरिहरगंज (नगर पंचायत) के निर्वाची पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि व्यय लेखा पंजी की जाँच, जाँच दल द्वारा की जानी है। जिसके लिए अपने स्तर से कर्मियों के सहयोग के लिए प्रतिनियुक्त करने का निदेश दिया जाता है। मेदिनीनगर नगरपालिका(आम) निर्वाचन–2026 के अन्तर्गत चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी उपर्युक्त तिथियों में व्यय लेखा जाँच दल के समक्ष अपना–अपना निर्वाचन व्यय लेखा पंजी को जाँच कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका(आम)
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.372455 Palamu(25-26):D

# डीएम ने किया प्रखंड मुख्यालय का निरीक्षण

## किसान रजिस्ट्रेशन कार्य की ली विस्तृत जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कदवा (कटिहार)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे किसान पंजीकरण का औचक निरीक्षण किया। इसी क्रम में वे प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। डीएम के अचानक प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों में हड़कंप मच गया। सभी अभिलेखों को व्यवस्थित करने में जुट गए। जिला पदाधिकारी ने सबसे पहले किसान पंजीकरण से संबंधित अभिलेखों, प्रपत्रों एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की तथा पंजीकरण की प्रगति, लंबित आवेदनों की स्थिति तथा किसानों को मिल रही सुविधाओं को लेकर विस्तृत जानकारी ली ।

उन्होंने पदाधिकारियों को किसान पंजीकरण से जुड़े सभी कागजातों को शीघ्र पूर्ण कर प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने का निर्देश दिया। इस क्रम में उन्होंने सागरथ तथा गेठौरा पंचायत में चल रहे किसान रजिस्ट्रेशन कार्य का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद कर्मियों से किसानों की उपस्थिति, ऑनलाइन प्रविष्टि सत्यापन प्रक्रिया तथा तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि एक भी पात्र किसान का रजिस्ट्रेशन लंबित न रहे और किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसलिए इस कार्य अभियान मोड में करते हुए अधिक से अधिक किसानों का समयबद्ध पंजीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंन कहा कि किसान पंजीकरण राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने ने किसानों से अपील किया है कि अपना किसान पंजीकरण करा लें इसके लिए हर पंचायत के लिए स्टेटिक और मोबाइल टीम भी गठित है,जो घर घर जा कर भी रजिस्ट्रेशन कर रही है।डीएम ने बताया कि किसान इसे सीएससी से भी करवा सकते हैं।

डीएम ने बताया कि जमा बंदी और आधार में नाम समान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैतृक संपत्ति की स्थिति में सभी उत्तराधिकारी बैटवारा कर नामांतरण करा ले। अबतक 45 से 46 प्रतिशत किसानों का हीं पंजीकरण हो पाया है। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी के हड़ताल पर जाने से कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। जहां आरओ है, वहां आरओ को और जहां आरो नहीं है, वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रभार दिया गया है।

## मनिहारी पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी /कटिहार।** न्मनिहारी पुलिस ने थाना कांड संख्या 24/2026 के प्राथमिकी आरोपी छोटी बाघमारा निवासी मिथिलेश



पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष सतीश आनंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर हत्या के प्रयास का आरोप है। पुछताछ और मेडिकल जांच के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में कटिहार जेल भेज दिया गया है।

# जीविका दीदियों के बीच अंतर संकुल खेल प्रतियोगिता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** चेतना अभियान के तहत प्रखंड जीविका क्रियान्वयन इकाई के तत्वाधान में अंतर संकुल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम तीन संकुल संघों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ।मिलन संकुल की टीम ने कल्याणी टीम को हराकर लक्ष्य संकुल टीम के साथ फाइनल मैच खेला। क्रिकेट के अलावे कबड्डी एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम को जिला प्रबंधक सामाजिक विकास अनुज कुमार पोद्दार द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को समानता का दर्जा देना है।उसी का परिणाम है कि जो महिलाएं कभी घर से बाहर नहीं निकलीं, वह आज पुरुषों की तरह क्रिकेट,कबड्डी जैसे खेलों में भाग ले रही हैं। महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरुषों से कम नहीं है।आवश्यकता है उचित अवसर मिलने की,जो जीविका के माध्यम से उपलब्ध हो रहा है। प्रखंड मेंटर पदाधिकारी रूपेश कुमार तोमर ने कहा कि टूनार्मेंट के दौरान महिलाएं काफी उत्साहित देखी गई। जो सराहनीय है।बीपीएम नीतू कुमारी को प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन करते देखा गया। महिलाओं के खेल प्रतियोगिता को देखने मैदान के चारों तरफ दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

# शराब लदे ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, तीन लोग घायल

- ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ा ट्रक, 4844 लीटर से अधिक शराब जब्त
- सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण पहुंची दोनो राज्यों की पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** रोशना पुलिस को एक ट्रक पर भारी मात्रा में तस्करी कर शराब ले जाते हुए जब्त करने में सफलता मिली है।जानकारी के अनुसार बिहार - बंगाल राज्य की सीमा पर अवस्थित लाभा पुल के समीप विदेशी शराब



लदा एक ट्रक ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया। घटना में बाइक सवार टूनी देवी (37) पिता-अशोक यादव,पंचमनी देवी (40) पति गयाधर यादव( एवं प्रियम यादव पिता अशोक यादव तीनो साकिन इंग्लिश गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना को लेकर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।ग्रामीणों की सहायता से घायलों को बेहतर इलाज के लिए कटिहार भेजा गया।वहीं ट्रक को खदेड़ा तो चालक ने बिहार-बंगाल की सीमा पर ट्रक को खड़ा कर दिया।

तलाशी के दौरान ट्रक विदेशी शराब से भरा पाया गया। सीमा क्षेत्र पर घटना होने से लोगों द्वारा सूचना बिहार के साथ बंगाल पुलिस को भी दी गई।पुलिस के पहुंचने से पहले कुछ लोगों ने शराब की लूट भी शुरू कर दी। ग्रामीणों के बीच जब्त ट्रक को अपने - अपने राज्य में लेकर जाने को लिए घंटो बहस छिड़ी रही। लेकिन रोशना थानाध्यक्ष मासूम कुमारी एवं पुलिस अवर निरीक्षक ऋषि राज तथा प.बंगाल के कुमेदपुर ओपी के एसआई सुजीत कुमार सिंह एवं एसआई घनश्याम मंडल ने पुलिस बलों के सहयोग से चालक प्रवीण दास पिता श्रीपति दास एवं शराब सहित ट्रक को हिरासत में रोशना थाना लाया गया। रोशना थानाध्यक्ष मासूम कुमारी ने जब्त ट्रक संख्या डब्ल्यूबी 43-0411 में कुल 4,844.655 लीटर विदेशी शराब होने की पुष्टि करते हुए बताया कि चालक की पहचान मंगलीबाड़ी, वार्ड संख्या- 09, थाना- ओल्ड मालदा जिला मालदा के रुप में हुई है।पूछताछ में उन्होंने बताया है कि वह बंगाल से शराब लेकर जा रहे थे कि इसी दौरान दुर्घटना घट गई।वहीं ग्रामीणों ने कहा कि दुर्घटना नहीं होती तो शराब की बड़ी खेप अपने गंतव्य तक पहुंच हीं जाती। तीनों घायल जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

# बिहार विधानसभा में गूंजा काढ़ागोला गंगा घाट का मुद्दा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिला के बरारी विधानसभा क्षेत्र के काढ़ागोला गंगा घाट के सौंदर्यीकरण एवं छठ घाट निर्माण का मामला बिहार विधानसभा के सत्र में जोरदार तरीके से उठाया गया। बरारी विधायक विजय सिंह निषाद ने सदन में यह मुद्दा उठाते हुए विधानसभा अध्यक्ष महोदय से काढ़ागोला गंगा घाट को प्राथमिकता के आधार पर विकसित कराने की मांग की। विधायक विजय सिंह निषाद ने सदन में कहा कि जिस तरह बिहार के अन्य प्रमुख गंगा घाटों का सौंदर्यीकरण और विकास किया जा रहा है। उसी तर्ज पर काढ़ागोला गंगा घाट का भी सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने इसे सीमांचल क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण गंगा घाट बताते हुए कहा कि पूर्णिया, अररिया और किशनगंज जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं।उन्होंने मांग रखी कि चालू वित्तीय वर्ष में ही काढ़ागोला गंगा घाट पर छठ घाट एवं संधारण संरक्षण का कार्य कराया जाए। ताकि इसे सिमरिया गंगा घाट की तर्ज पर विकसित किया जा सके। विधायक ने कहा कि माघी पूर्णिमा के अवसर पर यहां लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान और मेले में शामिल होते हैं। वहीं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा भी काढ़ागोला गंगा नदी के तट पर बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।

# आग लगने से तीन परिवार बेघर

## मुखिया शबनम कुमारी यादव और पैक्स अध्यक्ष ललन यादव ने निजी कोष से पीडित परिवारों को दी राहत सामग्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह अहले मनोहरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 07, जगवाटी बलिया डोभ में अचानक भीषण आग लग गई। ग्रामीणों एवं दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। इस अग्निकांड में दुर्गा सोरेन, मेरी मेकु सोरेन एवं नारायण सोरेन का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से घर में रखा सारा सामान, अनाज, कपड़े, बर्तन, जमीन की कागजात समेत गाय, बकरी और मुर्गी भी जल गये जिससे पीड़ित परिवारों के सामने भारी संकट खड़ा हो गया।घटना से प्रशासन एवं मनोहरपुर पंचायत की मुखिया शबनम कुमारी यादव को अवगत कराया गया। मुखिया शबनम कुमारी यादव ने तत्काल राहत पहुंचायी। मनोहरपुर पंचायत की मुखिया शबनम कुमारी यादव एवं पैक्स अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार यादव मौके पर पहुंचकर आग्नि पीड़ित परिवारों के बीच निजी कोष से पॉलिथीन, कंबल, बाल्टी एवं राशन किट चावल, दाल, तेल, आलू, सोयाबीन वितरण किया। जनप्रतिनिधियों ने अंचलाधिकारी से बात कर आपदा मदद में मिलने वाली सरकारी सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की।

# विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संकुल संसाधन केंद्र स्तरोन्नत मध्य विद्यालय मनसाही साहेबनगर में संपन्न हो गया । इस अवसर पर प्रशिक्षक प्रेम कुमार परदेशी ने बताया कि साहेबनगर संकुल के मध्य विद्यालय मनसाही, प्राथमिक विद्यालय साहेबनगर, प्राथमिक विद्यालय मीरकहा, प्राथमिक विद्यालय बांध टोला, प्राथमिक विद्यालय काली स्थान बिसनपुर में विद्यालय शिक्षा समिति शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव, प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण में विद्यालय की मूलभूत सुविधा की जानकारी दी गई। विद्यालय के विकाश पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्प्रेरक दुर्गा कुमारी, संकुल समन्वयक शिवनंदन केशरी, प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य मौजूद रहे।

# समेली की बेटी डॉ. वीणा कुमारी बनी चिकित्सा पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समेली (कटिहार) ।** समेली प्रखंड के चकला मौलानगर की बेटी डॉ. वीणा कुमारी ने क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर चयन हासिल किया है। उनका चयन पूर्णिया जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ है। इस उपलब्धि की खबर मिलते ही पूरे इलाके में खुशी और गर्व की लहर दौड़ गई है। डॉ. वीणा कुमारी समेली निवासी निर्मल कुमार मंडल एवं रंजना कुमारी की सुपुत्री हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता से परिवार, रिश्तेदारों के साथ-साथ गांव और क्षेत्र के लोग खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और शिक्षाविदों ने डॉ. वीणा कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉ. वीणा अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए समाज की सेवा करेंगी।डॉ. वीणा कुमारी की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे समेली प्रखंड के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है। जिससे इलाके में उत्साह और सम्मान की भावना साफ झलक रही है। वहीं इस मौके पर जिला परिषद सदस्य कोमल कुमारी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रोशन कुमार मंडल, प्रमुख अनुकंपा कुमारी, एमएलसी प्रतिनिधि सह प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार पप्पू, उपप्रमुख कंचन देवी,पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी, नीतू कुमारी, निमिषा झा, धनेश्वर मंडल, मुखिया राजेश कुमार मंडल, राजीव मंडल, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुमोद कुमार मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम मंडल, जदयू नेता मनोज कुमार मंडल, राजद प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय सुमन, कांग्रेस नेता प्रमोद ठाकुर, राजद नेता मिथुन कुमार यादव, समाजसेवी रूपेश कुमार सिंह, सुनील कुमार शर्मा, संतोष कुमार मंडल सहित त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षक ग्रामीणों ने शुभकामना दी है।

# अलग-अलग मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार) ।** डंडखोरा पुलिस ने छापेमारी कर दो अलग अलग मामले के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि द्वाशय गांव के एक घर में गृहभेदन कर चोरी करने के प्रयास में अभियुक्त कुंदन कुमार साह (25), पिता--दिलीप साह द्वाशय, थाना डंडखोरा, जिला-कटिहार निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तो वहीं हत्या के प्रयास को लेकर थाना में दर्ज कांड संख्या - 143/25 के प्राथमिकी



अभियुक्त पंचानंद मंडल, पिता-विद्यानंद मंडल, तिलास, थाना-डंडखोरा निवासीको गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि अग्रेतर करवाई की जा रही है। मौके पर अपर थानाध्यक्ष अमलेन्दु सिंह, एएसआई राहुल कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

# डीडीसी ने दी विकसित भारत-जी रामजी योजना की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त अमित कुमार के कार्यालय कक्ष में विकसित भारत-जी राम जी आजीविका गारंटी योजना को लेकर मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित योजना के बारे में मीडियाकर्मियों के साथ जानकारी साझा करते हुए कहा कि आजीविका गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों का अकुशल शारीरिक श्रम आधारित रोजगार उपलब्ध कराने



की वैधानिक गारंटी प्रदान की गयी है।

उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थिर अवसंरचना का विकास किया जाना है।डीडीसी ने कहा की इस अधिनियम के अंतर्गत जल सुरक्षा एवं जल-संबंधी कार्य, मूलभूत एवं आजीविका अवसंरचना के साथ जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क्लाइमेट रेज़िलिएंस से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा जानी है। ग्राम पंचायतों को विकास मापदंडों के आधार पर ए,बी एवं सी श्रेणी में वगीर्कृत कर उसके जरूरतों के अनुसार योजनाओं का चयन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, स्पेस टेक्नोलॉजी आधारित प्लानिंग, डिजिटल मॉनिटरिंग, साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण एवं सशक्त सोशल ऑडिट के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जायेगी। डीडीसी ने कहा कि इस केंद्र प्रायोजित योजना में केंद्र एवं राज्य का अंश 60:40 पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 90:10 रहेगा। जिले में योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सभी 231 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन, समाचार पत्रों में प्रकाशन, होर्डिंग, दीवार लेखन, पोस्टर तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर थीम आधारित झांकी का भी आयोजन किया गया है। साथ ही सभी त्रि-स्तरीय जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि वे वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु योजनाओं की प्रविष्टि युक्तधारा पोर्टल पर समय से सुनिश्चित करा लेगे। ताकि पंचायतों को निर्धारित संसाधन उपलब्ध कराया जा सके।

# अमृत भारत योजना कार्यों की समीक्षा को पहुंचे सोनपुर डीआरएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार) ।** अमृत भारत योजना के अंतर्गत काढ़ागोला रोड रेलवे स्टेशन पर जारी विकास कार्यों की रफ्तार को परखने के लिए गुरुवार को सोनपुर रेल मंडल के डीआरएम अमित शरण स्टेशन पहुंचे। डीआरएम विशेष सैलून से अपने दौरे पर आए थे, जिनके साथ मंडल के कई वरिष्ठ इंजीनियर और संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में डीआरएम ने स्टेशन परिसर में निमार्णाधीन नए भवन का विस्तार से जायजा लिया।



उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित इंजीनियरों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। विशेष रूप से स्टेशन की चारदीवारी और भवन निर्माण कार्य में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्य पूरा करने पर जोर दिया गया। इसके बाद डीआरएम ने स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया का निरीक्षण किया और यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इसे सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आकर्षक बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अमृत भारत योजना का उद्देश्य स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप देना है, जिसमें गुणवत्ता और समय दोनों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। साथ ही भवन के नक्शे का अवलोकन कर निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया।

## दहेज उत्पीड़न के आरोप में चार लोगों पर मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार) ।** प्राणपुर पंचायत अंतर्गत हरसुआ गांव की एक पीड़ित महिला ने प्राणपुर थाना में लिखित आवेदन देकर ससुराल के चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है।अपने आवेदन मे पिड़िता ने बताया है कि 11 वर्ष पूर्व गांव में ही मोनू खां के साथ उसकी शादी हुई थी।उसको पांच साल का एक लड़का भी है। शादी के समय निर्धार मांग के अनुसार माता-पिता द्वारा उपहार भी दिया गया था। लेकिन पति मोनु खां और ससुराल वालों द्वारा दो लाख रुपए की मांग किया जाने लगा। दहेज को लेकर घर में बार-बार प्रताड़ित एवं मारपीट की जाती थी। पिछले दिनों गुरुवार को घर से भगा दिया गया तो मैं रोती-बिलखती मायके पहुंच गई। लेकिन पति वहां भी आकर मारपीट करने लगा।

# कन्याकुमारी में चतुर्थ पूर्व एसजीवी राष्ट्रीय समागम संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** कन्याकुमारी तमिलनाडु में चतुर्थ पूर्व एसजीवी स्काउट गाइड वालेंनटरीज का राष्ट्रीय समागम भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीन सागरों के संगमस्थल कन्याकुमारी में आयोजित इस समागम ने सेवा, मानवता, सांस्कृतिक एकता और विश्व बंधुत्व की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया। देश के विभिन्न राज्यों और रेलवे जोनों से आये 35 एसजीवी सदस्यों एवं उनके परिवार ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।इस अवसर पर विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी के प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण कराते हुए कहा कि ह्लसेवा ही सच्ची



साधना है और राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार चरित्रवान नागरिक हैं।ह्व उन्होंने एसजीवी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्काउटझ्रगाइड आंदोलन युवाओं और समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है।

समागम में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़,पश्चिम बंगाल, बिहार,उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, साउथर्न रेलवे, नार्थ ईस्ट रेलवे सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। जिनमें भारत की विविधता और एकता का सुंदर चित्रण देखने को मिला।लोकनृत्य,देशभक्ति गीत, पारंपरिक वेशभूषा और समूह गायन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मध्यप्रदेश की ओर से पूर्व एसजीवी सदस्यों विनोद शर्मा, गोपीचंद शर्मा, रवि कुलश्रेष्ठ,शिराज कुरैशी, विजय मिश्रा, दीपाली कुलश्रेष्ठ, ज्योति सिकरवार एवं मीनाक्षी शर्मा ने सहभागिता करते हुए राज्य की सांस्कृतिक विरासत और सेवा परंपरा को मंच पर प्रस्तुत किया।




# पीएमइजीपी योजना के चार लाभुकों को 42.96 लाख ऋण स्वीकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनायें यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-वन और टू), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभुकों के लिए ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शिविर का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-वन और टू), योजना के तहत कुल 78 लक्ष्य के विरूद्ध 61 ऋण की स्वीकृति एवं 20 ऋण राशि का भुगतान किया गया है। महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि स्वीकृत के




उपरांत भुगतान हेतु लंबित आवेदनों का आरसेटी में ईडीपी प्रशिक्षण करायी जा रही है। प्रशिक्षण के उपरांत भुगतान की प्रक्रिया अबिलंब बैंको द्वारा कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की जानकारी महाप्रबंधक द्वारा दी गई एवं बताया गया कि इस योजना में विभाग द्वारा कुल 239 लक्ष्य के विरूद्ध 120 आवेदनों की स्वीकृति की गई है एवं स्वीकृति के विरूद्ध 68 आवेदकों को ऋण राशि का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 174 ऋण आवेदनों की स्वीकृति के विरूद्ध 173 लाभुकों का ऋण राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबंधक एवं जिला उद्योग केन्द्र के पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि लाभुक एवं बैंक से समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करें साथ ही साथ बैंक अधिकारियों को पीएमईजीपी/पीएमएफएमई के शेष लक्ष्य को प्राथमिका देते हुए फरवरी माह के अंत तक शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति अचूक रूप से कर लें। सहायक उद्योग निदेशक, उद्योग विभाग द्वारा भी बताया गया कि विभाग के वरीय पदाधिकारी द्वारा लगातार प्रगति की समीक्षा की जा रही है एवं अविलंब लंबित आवेदनों का निष्पादन करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा शिविर में उपस्थित उक्त योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति एवं भुगतान पत्र दिया गया एवं उन सभी के उद्योग के उज्जवल भविष्य की कामना भी की साथ ही सभी को सत्यनिष्ठा एवं मेहनत से उद्योग चलाने हेतु प्रेरित किया। ऋण शिविर में पीएमईजीपी योजना के 04 लाभुकों को विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृति (42.96 लाख) एवं कुल 02 लाभुकों को ऋण राशि का भुगतान (21.56 लाख) तथा पीएमएफएमई योजना अंतर्गत कुल 08 लाभुकों को विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृति (31.25 लाख) एवं कुल 08 लाभुकों को ऋण राशि का भुगतान (22.87 लाख) रूपया भुगतान किया गया। इस शिविर में जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक, अग्रणी जिला प्रबंधक, सहायक उद्योग निदेशक, उद्योग विभाग के साथ बैंकों के जिला समन्वयक, जीविका एवं जिला उद्योग केन्द्र के पदाधिकारी तथा कर्मी, जिला संसाधन सेवी के साथ उक्त योजना से लाभान्वित लाभुक भी भाग लिया।

# 14 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला एनक्यूएएस सर्टिफिकेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के एक निजी होटल में राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आश्वासन (एनक्यूएएस) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करना तथा स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सदर अस्पताल एवं अनुमंडल अस्पताल दाउदनगर के उपाधीक्षक, जिले के सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक तथा प्रखंड मूल्यांकन एवं अनुश्रवण सहायक ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद अनवर आलम उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सिविल सर्जन ने कहा कि राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आश्वासन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से मरीजों को सुरक्षित, प्रभावी एवं संतोषजनक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने संस्थानों में प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन डीपीसी नागेंद्र कुमार केशरी एवं पिरामल स्वास्थ्य के जिला प्रबंधक शशांक राज प्रधान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एनक्यूएएस के विभिन्न आयामों जैसे मरीज सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण, रिकॉर्ड प्रबंधन, दवा प्रबंधन, स्वच्छता, सेवा वितरण एवं मरीज संतुष्टि आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संस्थानों के मूल्यांकन की प्रक्रिया, गुणवत्ता सुधार की रणनीतियां तथा राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा गुणवत्ता सुधार से संबंधित व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्ता मानकों को लागू करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विदित हो कि जिला अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, जिनोरिया राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणित है। वहीं जिले के 14 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को एनक्यूएएस विषयक स्टेट लेवल सर्टिफिकेशन प्राप्त हो चुका है। सिविल सर्जन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक इस विषय को लेकर काफी गंभीर हैं।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार संतोष बने लोक अभियोजक, खुशी की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार ने औरंगाबाद जिले के वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिवक्ता अजय कुमार संतोष को लोक अभियोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। अजय कुमार संतोष लंबे समय से जिला न्यायालय में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे हैं। उन्होंने आपराधिक, दीवानी एवं अन्य महत्वपूर्ण मामलों में अपनी मजबूत पैरवी से अलग पहचान बनाई है। कानून की गहरी समझ, निष्पक्ष सोच और कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली के कारण वे अधिवक्ताओं के बीच एक सम्मानित नाम माने जाते हैं। उनकी लोक अभियोजक के पद पर नियुक्ति की खबर मिलते ही जिला न्यायालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, जूनियर वकीलों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।



अधिवक्ताओं का कहना है कि श्री संतोष के अनुभव का लाभ न्याय व्यवस्था को मिलेगा और आम जनता को भी न्याय मिलने की प्रक्रिया और मजबूत होगी। बधाई देने वालों ने उम्मीद जताई कि लोक अभियोजक के रूप में अजय कुमार संतोष पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मातृ वंदन उत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के क्लब रोड स्थित लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में शुक्रवार को मातृ वंदन उत्सव का आयोजन अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं भावनात्मक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीएम संतन कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य विकास विभाग के एसडीओ रंजीत कुमार, लार्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल के निदेशक सर्वेश कुमार एवं प्रधानाध्यापक अमित कुमार सोनी ने मिलकर संयुक्त रूप से किया। यह आयोजन माताओं के सम्मान, उनके त्याग, समर्पण तथा बच्चों के शैक्षणिक, नैतिक और सामाजिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समर्पित रहा। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और उपस्थित माताओं में विशेष



उत्साह एवं गर्व का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार ने कहा कि लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल सभी धर्मों, वर्गों और समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक समावेशी विद्यालय है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रगति में माताओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। माताएं जीवन में अनेक भूमिकाएं निभाती हैं और बच्चों को संस्कार, अनुशासन एवं सही मार्गदर्शन प्रदान कर उनके व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत नींव रखती हैं। मुख्य अतिथि एसडीएम संतन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मातृ सम्मान भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान है। बच्चों को विद्यालय में घर जैसा सुरक्षित, सकारात्मक और प्रेरणादायी वातावरण मिलना किसी भी शिक्षण संस्था की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने माताओं के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। ग्रामीण कार्य विकास विभाग के एसडीओ रंजीत कुमार ने कहा कि माताओं को बच्चों में अच्छे संस्कार, विनम्रता, सरलता एवं सामाजिक मूल्यों के विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यही गुण उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा उन अभिभावकों को सम्मानित किया गया, जिनके बच्चों ने अध्ययन, अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह सम्मान समारोह अन्य अभिभावकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। छात्रा तपस्या मिश्रा द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों की नृत्य एवं गीत प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित अतिथियों और माताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार, इंचार्ज अमर कुमार एवं संजीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कौशिक कुमार, रूपम शर्मा, वीणा मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन संजीत कुमार के साथ श्वेता, स्वामिनी, माही एवं शान्वी द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे मूल्य-आधारित एवं अभिभावक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया गया।

# बाइक सवार तीन युवक ज़ख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो के चकमे से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में थाना क्षेत्र के ही नेहुटा गांव निवासी संत कुमार, बसंत कुमार व श्याम पाठक शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल संत कुमार ने बताया कि तीनों अपने घर से बाइक पर सवार होकर किसी काम से औरंगाबाद शहर जा रहे थे। इसी दौरान तेंदुआ गांव के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो ने चकमा दे दिया। ऑटो के चकमे से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया और उस पर सवार तीनों घायल हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने श्याम पाठक को बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# स्मृति दिवस के रूप में याद किये गये महात्मा नारायण दास ग्रोवर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दयानंद विहार स्थित डी.ए.वी पब्लिक स्कूल औरंगाबाद में महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रार्थना सभा में उनके तस्वीर पर शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गाँधी के विचारों से प्रभावित उन्होंने एक सादगी भरा जीवन जिया और शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने बिहार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, यू.पी., एम.पी., उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में डीएवी स्कूल और कॉलेज खोलें। उन्हें प्यार से झोले वाले बाबा और आदर से कर्मयोगी कहा जाता था। न वे सिर्फ एक नई सोच वाले शिक्षाविद थे बल्कि समाज




सुधारक भी थे। उन्होंने जिंदगी भर गरीबों और बेसहारों की जिंदगी ऊपर उठाने की कोशिश की। उन्होंने अपने संपर्क में आने वाले सभी जरूरतमंदों की मदद की। इस झोले वाले बाबा ने उड़ीसा के सुपर साइक्लोन में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों पर पिता जैसा प्यार बरसाया और वैदिक बाल आश्रम नाम का एक अनाथालय भी खोला। झारखंड के खूंटी में फ्री आई कैंप लगाए और स्वामी दयानंद नेत्रालय शुरू किया। जहाँ आदिवासियों को फ्री इलाज और दवाइयाँ मिलती हैं। एक सच्चे कर्म योगी ने 21वीं सदी में महिलाओं की अहम भूमिका को समझा था और शिक्षा की मसाल जलाकर उनके जीवन से अंधेरा दूर करके महिलाओं को मजबूत बनाने का काम किया। खासकर आदिवासी ग्रामीण इलाकों में महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। सीखने और कमाने के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग शुरू की। वे एक महान शिक्षक थे, जिन्होंने अपनी सहज बुद्धि और कर्तव्य की गहरी भावना से बुद्धिजीवियों के मन पर हमेशा रहने वाली छाप छोड़ी। अपने छात्रों को नैतिक चरित्र का पाठ पढ़ाया। वह आर्य समाज के एक समर्पित कार्यकर्ता महर्षि दयानंद के सच्चे अनुयायी और सबसे बढ़कर निस्वार्थ सेवा की सभी संकीर्णताओं से मुक्त और विचारों में सच्चे और काम में निडर थे। उन्होंने थोड़ी बीमारी के बाद 6 फरवरी 2008 को स्वर्ग आरोहण किया। यह एक युग का अंत था। एक यादगार युग जिसमें आने वाली पीढियों को कभी खत्म नहीं होने वाली विरासत दी और यह सोचने पर मजबूर किया कि कोई ऐसा इंसान इस धरती पर हाड मांस के रूप में आया है। आज रामकुमार उपाध्याय ने उनकी श्रद्धांजलि में एक स्वरचित गीत सुनाया और अंत में यज्ञ हवन के द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की गई जिसमे विपिन कुमार मिश्रा ने ब्रह्मत्व का धर्म निभाया एवं विद्यालय के गणित शिक्षक सुनील कुमार यादव यजमान के रूप में उपस्थित थे। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक एवं वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# विषैला पदार्थ खाने से महिला गंभीर

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने अपने पति से झगड़ा कर आवेश में विषैले पदार्थ का सेवन कर ली, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद उसके पति ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। जानकारी के अनुसार घर में ही किसी कार्य को लेकर महिला का उसके पति से विवाद हो गया। आवेश में उसके पति ने डांट फटकार लगा दी तो महिला ने विषैले पदार्थ का सेवन कर ली। कुछ देर बाद जब महिला ने विषैले पदार्थ सेवन करने की जानकारी परिजनों को दी तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# बारून में आधुनिक व सुव्यवस्थित बस स्टैंड का हो निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा में नवीनगर विधायक चेतन आनंद ने सरकार का ध्यान आकर्षण किया है। विधायक ने बारून प्रखण्ड में यातायात की बढ़ती आवश्यकताओं और स्थानीय निवासियों की सुविधा को देखते हुए एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित बस स्टैंड का निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि फ़िलहाल, क्षेत्र में बस स्टैंड की कमी के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है, खासकर ग्रामीण इलाकों से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने भूमि आवंटन, बजट प्रावधान और निर्माण कार्य की समयबद्ध योजना बनाई जाए। उन्होंने जोर दिया कि यह परियोजना न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि रोजगार सृजन और बेहतर कनेक्टिविटी में भी योगदान करेगी।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 33 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 33 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 6, शराब मामले में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 105 लीटर देसी शराब, एक बाइक एवं एक बैटरी बरामद किया गया है। इसके अलावा 37 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1490 वाहनों की जांच की गई जिसमें 127500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है।

# अनुसंधानकर्ता को शोकॉज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ ने ढिबरा थाना कांड संख्या-06/26 के अनुसंधानकर्ता पवन कुमार को शोकॉज किया है। साथ ही कहा कि शोकॉज का जवाब 10 दिनों के भीतर न्यायालय में दाखिल करें, अन्यथा आपके विरुद्ध अग्रसर कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को सुचित किया जाएगा। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि न्यायालय ने कहा कि 4 फ़रवरी 2026 को प्राथमिक अभियुक्त को न्यायालय में लाया गया था। उसके रिमांड करने के प्रावधानों का अनुपालन क्यों नहीं किया गया। अधिवक्ता ने बताया कि बीएनएसएस की 35(3) जो सीआरपीसी की धारा -41ए के समान है। इसमें सात साल तक सज़ा वाले अपराधों में सीधे गिरफ्तार करने के बजाय जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी करने का प्रवधान है। नोटिस जारी होने के 15 दिनों के भीतर आरोपी जांच में सहयोग न करें तो गिरफ्तारी अंतिम उपाय है। अंत में न्यायालय ने कहा कि किसी अभियुक्त को बॉन्ड के आधार पर छोड़ने से मीडिया में रिहा का न्यूज आना चिंता का विषय है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा डीएवी : सुशील

## डीएवी पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह धूमधाम से आयोजित, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दानी बिगहा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को वार्षिक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह उत्साह, उल्लास और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह सहित अन्य ने भाग लिया। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत, नाटक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की आत्मविश्वासपूर्ण मंच प्रस्तुति, अनुशासन और कला कौशल ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों



कार्यक्रम में पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह भी हुए शामिल



का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक संदेश, भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में डीएवी पब्लिक स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, संस्कार और सर्वांगीण विकास की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। प्राचार्य अल्पना मिश्रा ने बताया कि वार्षिक दिवस समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को मंच प्रदान कर उनकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में विद्यालय के एआरओ वीके पाठक, नबीनगर के प्राचार्य विनय कुमार गुप्ता, डॉ शीला वर्मा, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद, डॉ ऋत्विक सिंह, राघवेन्द्र प्रताप नारायण सिंह समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।